मैं शपथकर्ती श्रीमति उषा सिंह पति श्री लव कुमार, उम्र 30 वर्ष, निवासी - वार्ड नंबर 51, अटल आवास, शिवाजी नगर खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की रहने वाली हूँ जो कि निम्न अभिकथन शपथ पूर्वक पेश करती हूँ कि :- यह कि मेरा विवरण और पता उपर नामांकित अनुसार है। यह कि मेरी पुत्री जिज्ञासा सिंह के शाला दाखिला पंजी में पिता का नाम लव सिंह दर्ज हैं जो कि गलत है। यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम लव कुमार दर्ज है व मेरे पति के नाम से जारी आधार कार्ड व उनके समस्त दस्तावेज में उनमा नाम लव कुमार दर्ज है और वह इसी नाम से जाना व पहचाना जाते हैं। यह कि लव कुमार तथा लव सिंह दोनो ही एक ही व्यक्ति का नाम है। यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरी पुत्री के शाला दाखिला पंजी में पिता का नाम लव कुमार दर्ज किये जाने के लिए श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष गजट प्रकाशन के लिए पेश करती हूँ।

शपथकर्ता
श्रीमति उषा सिंह
पति श्री लव कुमार
निवासी वार्ड नंबर 51 अटल आवास, शिवाजी नगर
खुर्सीपार भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम प्रमोद कुमार जोशी व अन्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202507100400027/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रमोद कुमार जोशी व अन्य आ./पति स्व. कस्तुरचंद जोशी निवासी आपापुरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम फूलगांव प.ह.न. 20 तह. व जिला दुर्ग	235/12	0.0527 हें वर्गफीट 5679	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रीना टंडन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202507100400029/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रीना टंडन आ./पति श्री रोहित टंडन निवासी नेहरु नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग	1507/8	0.009 हें वर्गफीट 1000	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202507100600003 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती आरती बघेल पिता/पति श्री देवेन्द्र सागर बघेल, निवासी सेमरी तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- पाटन, प.ह.न. 35, तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1702/5 रकबा 0.0176 हे., भूमि पर प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 11.07.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202507100600004 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती नंदनी कोसरे पिता/पति श्री कुंदन कोसरे निवासी खोला तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1702/4 रकबा 0.0130 हे. भूमि पर प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 11.07.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

राज्यपाल डेका से वाटर वुमेन पाठक ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में वाटर वुमेन और पंचतत्व फाउंडेशन नोएडा (उ.प्र) की संस्थापक शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की। पाठक ने बताया कि उन्होंने आयोध्या से रामेश्वरम तक पद यात्रा की है साथ ही गोमती एवं सरयू नदी के उद्गम से लेकर समागम तक यात्रा कर 25 लाख पौधे नदियों के किनारे लगाए और नदियों की सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया। इस अभियान में उनके साथ 15 लाख लोग जुड़े हुए है। छत्तीसगढ़ में भी यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थानों को जोड़ा जाएगा। डेका ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने भी राज्यपाल को सिंदूर का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य प्रोफेसर हरिशंकर सिंह उपस्थित थे।

राज्यपाल डेका से महावीर सेवा संगठन के महासचिव ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में महावीर अंतरमहाद्वीपीय सेवा संगठन के अंतरर्राष्ट्रीय महासचिव श्री वीर लोकेष कावड़िया ने सौजन्य भेंट की। संस्था द्वारा इंदौर में दिव्यांग सम्मेलन तथा रायपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल को आमंत्रित किया गया है।

वरिष्ठतम चिकित्सा शिक्षक डॉ. अरविन्द नेरल को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। पं. ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के वरिष्ठतम चिकित्सा शिक्षक डॉ. अरविन्द नेरल को सेवानिवृत्ति पर भाव-भीनी विदाई दी गयी। महाविद्यालय और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में यह संवेदनशील विदाई समारोह महाविद्यालय परिसर में स्थित अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित किया गया। डॉ. अरविन्द नेरल पैथालॉजी विभाग में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष रहे हैं। उनके सम्मान में आयोजित इस समारोह में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने कहा कि डॉ. नेरल ने अपने लंबे सेवाकाल में न सिर्फशिक्षा, चिकित्सा एवं रिसर्च के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, बल्कि महाविद्यालय के सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यों की भी कमान सम्हाली। हम उनके सेवा-भाव को नमन करते हैं।कार्यक्रम के प्रारंभ में पैथालॉजी विभाग की सह-प्राध्यापक डॉ. वर्षा पाण्डेय ने डॉ. नेरल के जीवन और सेवाओं पर आधारित ऑडियो विजुअल प्रस्तुति दी जिसमें उन्होने डॉ. नेरल के समर्पण, कार्यशैली, सामाजिक कार्यों और मानवीय संवेदनाओं को बहुत सुन्दर तरीके से दर्शाया। साथ ही ÷कभी अलविदा ना कहना÷ शीर्षक से वीडियो द्वारा डॉ. नेरल के कार्यों को उजागर किया।

कलेक्टर जनदर्शन में किया आवेदन अभय की परीक्षा फीस आधी

कलेक्टोरेट जनदर्शन कक्ष में सप्ताह के पांचों दिन सुनी जाती है समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के शासकीय छात्रावास में रहने वाले अभय प्रताप सिंह जांगड़े आज भविष्य के प्रति नई उम्मीदों से भरे हुए हैं। निजी नर्सिंग कॉलेज के चौथे सेमेस्टर में पढ़ाई कर रहे अभय को जब यह खबर मिली कि उनकी परीक्षा फीस में 50 प्रतिशत की छूट दी गई है, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह सिर्फ एक आर्थिक सहायता नहीं थी, बल्कि उनके सपनों को उड़ान देने वाली एक सुनहरी चाबी थी।अभय एक साधारण परिवार से आते हैं। सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने नर्सिंग जैसे जिम्मेदार पेशे को चुना, ताकि न केवल खुद का भविष्य बना सकें, बल्कि समाज और देश के लिए भी योगदान दे सकें। लेकिन परीक्षा फीस की राशि उनके लिए एक बाधा बन गई थी। ऐसे में उन्होंने रायपुर कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आवेदन देकर अपनी समस्या रखी।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कॉलेज प्रबंधन से बात की, और नतीजा यह हुआ कि अभय को फीस में 50 प्रतिशत की छूट मिल गई। इस निर्णय ने अभय को फिर से आत्मविश्वास और प्रेरणा से भर दिया।उत्साहित अभय ने कहा कि ÷अब मैं परीक्षा दे पाऊंगा और नर्सिंग के क्षेत्र में समाज की सेवा करूंगा।

धान के साथ नगदी फसल बोने करे प्रेरित: कलेक्टर

- कलेक्टर ने ली कृषि विभाग की बैठक, दिए निर्देश
- स्टार्टअप की संभावना पर कार्य करें : डॉ गौरव सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कृषि और संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि बीज और उर्वरक के भंडारण का आकलन करते रहे और किसानों को आवश्यकतानुसार उठाव कराएं। जिले में बोनी का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे पूर्ण कराएं। जो विकासखंड इसमें पीछे है वह कार्ययोजना बनाकर पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने आरईओ और एडीईओ को निर्देशित करते कहा कि किसानों को श्री पद्धति से बोनी के लिए भी प्रेरित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी फील्ड में निरंतर दौरा करें किसानों से संपर्क रखें और उन्हे योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। उन्हें धान के साथ अन्य नगदी फसल बोने के लिए प्रेरित करें, ऐसे फसल के लिए भी तैयार करें जो परंपरागत रूप छत्तीसगढ़ में ना बोई जाती हो मगर यहां के जलवायु के अनुकूल हो, फसल परिवर्तन के लाभ बताकर प्रेरित करें। यहीं नहीं ऐसे फसलों के बाजार की संभावनाएं भी बताएं और उपलब्ध कराएं। उन्होने कहा कि कृषि के क्षेत्र में अच्छे स्टार्टअप आ रहे हैं।

कृषि के विद्यार्थी जो इस क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक है उनसे चर्चा कर किसानों से संपर्क कराएं जिससे किसानों का अपने उत्पादों का बाजार भी मिलेगा। जिलें के प्रगतिशील किसान का चयन करें उन्हें अन्य किसानों से मिलाए ताकि वे भी अच्छी खेती करने के लिए प्रेरित हो।

जनता की मांग के अनुरूप विकास अनवरत रहेगा जारी : किरण देव

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव एवं विधायक गोयल ने सीसी सड़क, व्यावसायिक परिसर, सांस्कृतिक भवन, सायकल स्टैंड, नवीन शाला भवन निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

रायपुर/जगदलपुर। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में दरभा विकासखण्ड में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व विधायक विनायक गोयल ने ग्राम चिंगपाल में लाखों रुपए के विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना, बस्तर विकास प्राधिकरण के तहत ग्राम चिंगपाल में माशा मांझी गुड़ा में सायकल स्टैंड निर्माण लागत 10.50 लाख, ग्राम लेण्ड्रा में सीसी सडक लागत 7.80 लाख, व्यावसायिक परिसर निर्माण लागत 15 लाख रुपए, ग्राम ककनार में सांस्कृतिक भवन निर्माण लागत 05 लाख, सीसी सडक निर्माण लागत 05.20 लाख रुपए, कोयनार में सीसी सडक निर्माण 5.20 लाख ररुपए, ग्राम कोटमसर में प्रतीक्षा शेड निर्माण लागत 12.77 लाख, ग्राम कान्दानार सीसी सडक निर्माण लागत 02.70 लाख, ग्राम छिन्दपुर प्राथमिक शाला नवीन भवन निर्माण लागत 20.30 लाख , ग्राम सेड़वा में सी सी सडक निर्माण लागत 08 लाख रूपए विभिन्न विकास कार्यों का कुल लागत 92.37 लाख रूपए का विधिवत भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक देव ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। हमारी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। हमारी देवतुल्य जनता के मांग के अनुरूप हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहा है। प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे, यह हमारा दायित्व है। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, यह हमारा लक्ष्य है। श्री देव ने कहा जनता को मूलभूत सुविधाएं देना हमारा कर्तव्य है। इस पर हम खरा उतरने का कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में लगातार विकास की बयार बह रही है। क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरूप आज सीसी सड़क निर्माण, व्यावसायिक परिसर, सायकल स्टैंड, प्रेक्षा भवन, नवीन शाला भवन निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। जनता को मूलभूत सुविधा सड़क, नाली, पेयजल, शिक्षा, विद्युत व अन्य सुविधाओं को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। जनता की मांग के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य किया जायेगा। सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। क्षेत्र में लोगों की वर्षो पुरानी मांग पूरी हो रही है। विकास अनवरत जारी रहेगा।विधायक श्री गोयल ने कहा आज दरभा क्षेत्र में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया । हमारे सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

ग़रीबी में छत्तीसगढ़ अव्वल, राष्ट्रीय औसत से ज्यादा 39 प्रतिशत

- भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड, नीति आयोग ने कहा प्रदेश में 39 प्रतिशत से ज्यादा गरीबी रेखा के नीचे

रायपुर/नवप्रदेश। नीतिआयोग की रिपोर्ट जारी कर छत्तीसगढ़ को गरीबी के मामले में देश में अव्वल दर्जा देने को भाजपा सरकार की रिपोर्ट कार्ड करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट से भाजपा सरकार के सुशासन विकास के दावों की पोल खुल गई। गरीबी के मामले में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल है। प्रदेश में 39 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने मजबूर है। 17 महीने में भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बदहाल कर दिया। 2015-16 में प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालो की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक थी, कांग्रेस सरकार के दौरान नीति आयोग ने रिपोर्ट में 40 लाख से अधिक लोगो का जीवन सुधरने का आंकड़े जारी किया था। नीति आयोग ने अगस्त 2023 में रिपोर्ट जारी कर प्रदेश में 10 प्रतिशत गरीबी रेखा आंकड़े बताया था।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की सरकार रोजगार, स्वास्थ्य की सुविधा, महंगाई से राहत देने में, लोगों की आय बढ़ाने में असफल हो गई है।

सफाई के साथ कोई समझौता नहीं

- कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा बैठक, दिए सख्त निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज रेडक्रॉस हॉल, कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की गहन समीक्षा बैठक ली। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सफाई, चौकीदार और ऑपरेटर जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एक्सपायरी डेट वाली दवाओं का उपयुक्त प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं डॉक्टरों के रिक्त पदों की स्थिति की जानकारी ली गई और भर्ती की दिशा में जल्द कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी ष्टाष्ट का विश्लेषण कर यह तय किया जाए कि कहां कौन-से पद उपयोगी नहीं हैं और उन्हें सरेंडर किया जाए। वहीं जिन पदों की जरूरत है, उनकी रिक्ति की जानकारी प्रस्तुत की जाए। बैठक में सभी ष्टाष्ट में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए हैं और उसकी रोज़ाना रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भेजने को कहा गया है।उन्होंने आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग की स्थिति की ब्लॉकवार समीक्षा की और संस्थागत प्रसव, सिजेरियन डिलीवरी, परिवार कल्याण कार्यक्रम एवं जीवनदीप समिति की बैठक की प्रगति की जानकारी ली।दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दवाएं हमेशा स्टॉक में रहें। विभिन्न स्वास्थ्य सॉफ्टवेयर के संचालन की स्थिति पर भी चर्चा हुई और तत्काल प्रभाव से सभी सॉफ्टवेयर पूर्ण रूप से चालू करने को कहा गया।जिले में कुल 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं, जो अभनपुर, गोबरा नवापारा, आरंग, मंदिरहसौद, तिल्दा, खरोरा, धरसींवा, बीरगांव, गुड़ियारी, 50 बेडेड आयुर्वेद अस्पताल एवं खोखोपारा में स्थित हैं।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारी का जायजा लिया जिसमें अधिकारियों ने बताया दस्त एवं पीलिया हेतु बचाव के लिए विकासखंड शहरी क्षेत्र में महामारी रोकथाम एवं बचाव हेतु जिला स्तरीय टीम गठित किया गया है। प्रत्येक ग्रामों में मितानिनों के पास औषधि पर स्टॉक सुनिश्चित करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री मितानिन दवा पेटी के अलावा क्लोरीन टैबलेट, ब्लीचिंग पाउडर, ओआरएस पैकेट, पेरासिटामॉल, फ्लरोजोलाडीन, दी जाएगी। पीने योग्य जल स्रोतों का नियमित जल शुद्धीकरण किया जाएगा।

रायपुर जिले का नवाचार-मेडी गुरु

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिलाधीश डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार फॉर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम के रक्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल भार्गव के सहयोग तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर डॉक्टर मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में प्रत्येक गुरुवार को दोपहर तीन से चार बजे तक जिले के समस्त शासकीय संस्थाओं में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर का एनीमिया एवं अन्य रक्त विकारों के नवीनतम नैदानिक एवं उपचार प्रोटोकॉल का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जा रहा है, जिससे एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर रोकथाम किया जा सकेगा। जिला प्रशासन की उक्त उन्मुखीकरण पहल में अमित कटारिया, सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी ऑनलाइन प्रशिक्षण में जुड़ कर एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर उचित प्रबंधन के सभी चिकित्सकों को निर्देश दिए एवं डॉ भार्गव का उक्त प्रशिक्षण के लिए सराहना किया गया। एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या सामान्य से कम हो जाती है एवं शरीर के विभिन्न अंगों में ऑक्सीजन की सप्लाई प्रभावित होती है। परिणाम स्वरुप पीड़ित व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । गंभीर स्थिति में यह जीवन के लिए खतरा भी हो सकता है। आयरन की कमी, कुछ पुरानी बीमारियां, जैसे की किडनी रोग, कैंसर, यकृत के विकार एनीमिया मुख्यतः कारण होते हैं साथ ही अपर्याप्त आहार, पोषण तत्वों के अपर्याप्त अवशोषण, विटामिन क्क12, विटामिन क्क9 की कमी, मलेरिया जैसे संक्रमण अनुवांशिक रक्त विकार जैसे सिकल सेल, थैलेसीमिया भी एनीमिया का कारण हो सकते हैं। यह साप्ताहिक सत्र जिले में एनीमिया के दुष्प्रभाव को कम कर सरकारी डॉक्टरों को कुशलता प्रदाय कर, उनकी दक्षताओं को बढ़ाने में मददगार साबित होगा, जो की एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने में एक कारगर कदम होगा।



पूर्व मुख्यमंत्री बघेल तमनार में वन कटाई प्रभावितों से मिले

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 से अधिक विधायको और कांग्रेसजनों के साथ रायगढ़ के तमनार पहुंचकर वहां पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने जंगल की अधाधुंध कटाई का निरीक्षण किया तथा पुलिस बर्बरता के शिकार ग्रामीणों से मुलाकात किया तथा ग्रामीणों के आंदोलनो का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जल, जंगल, जमीन एवं खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की होड़ लगी है। भाजपा सरकार बंदूक की नोक पर जंगल कटवा रही है। ग्राम सभा की अनुमति के बगैर पेड़ काट कर उत्खनन शुरू किया जा रहा है। विरोध कर रहे आदिवासियों का कहना है उनके ऊपर अत्याचार किया जा रहा। यह सरकार आदिवासियों के अधिकारों को दबा कर एक निजी उद्योगपति अडानी को कोल माइंस सौपना चाहती है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के दबाव में राज्य के कोल उत्खनन की बंदरबांट शुरू हो गयी है। भाजपा सरकार अडानी के हितों को सवंर्धित करने के लिये राज्य के जल, जंगल, जमीन खनिज संपदा को अडानी को सौंपना शुरू कर दिया गया है। इसके पहले भाजपा की सरकार बनी हसदेव अरण्य क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई शुरू की गयी थी। 50 हजार से अधिक पेड़ काटे जा चुके है। यहां पर कटाई के लिये आदेश और पर्यावरण स्वीकृत केंद्र की मोदी सरकार ने दिया था तब कांग्रेस सरकार ने इस स्वीकृति को राज्य के स्तर पर निरस्त कर दिया था तथा केंद्र में भी इसे निरस्त करने के लिये पत्र लिखा था। 31.10.2022 को इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर सचिव ने भारत सरकार के वन महानिरीक्षक को पत्र लिखकर परसा ओपन कास्ट कोल माईस कोल उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने तथा वन कटाई के प्रस्ताव को निरस्त करने को कहा था। विधानसभा से भी कांग्रेस सरकार ने इस आशय का प्रस्ताव पारित करवा कर केंद्र को भेजा था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र की सभी कोल खदानों को निरस्त किया जाये।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में 27 जुलाई 2022 को प्रस्तावित प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने का संकल्प लिया था। इस दौरान मोदी सरकार के कोयला मंत्री ने रायपुर आकर यह भी कहा कि जहां पर कोल बेयरिंग एक्ट लागू होता है वहां पेसा कानून के प्रावधान लागू नहीं होते किसी के आपत्ति या सहमति से कोल खनन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा मोदी सरकार उस क्षेत्र में भी कोयले का खनन जारी रखेगी। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद अडानी को फायदा पहुंचाने हसदेव से लेकर तमनार तक पेड़ों की कटाई शुरू हो चुकी है।

संभागायुक्त का आरंग दौरा, 6 कर्मचारियों को नोटिस

- कैशबुक अपूर्ण पर सीएमओ को नोटिस
- तहसीलदार आरंग को वर्षा पंजी पूर्ण करने के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे ने आज आरंग के एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय एवम कृषि विभाग के कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा सभी शाखाओं में जाकर कार्यों की जानकारी ली गई। तहसीलदार आरंग, एसडीएम आरंग को 6 माह से अधिक अवधि के प्रकरण को शीघ्रता से निराकरण के निर्देश दिये गए। वर्षा पंजी जल्द पूर्ण करने तहसीलदार आरंग को निर्देश दिए। नामांतरण/ बंटवारा के प्रकरण को हर सप्ताह सुनवाई कर निराकरण करने निर्देशित किया गया। नगर पालिका सीएमओ को कैशबुक अपूर्ण होने के कारण नोटिस दिया गया इसी प्रकार से 1 माह से अधिक अवधि से अनुपस्थित श्री विकास कुमार सिंह, लेखापाल को भी नोटिस दिया गया।

संभागायुक्त द्वारा ग्राम रसनी में आंगनबाड़ी केंद्र, निर्माणाधीन भवन, उप स्वास्थ केन्द्र, मिडिल स्कूल, पंचायत भवन, एनआरएलएम सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। उप स्वास्थ्य केन्द्र रसनी के प्रभारी सुश्री त्रिवेणी चंद्राकर को संस्थागत प्रसव नहीं कराने के कारण नोटिस दिया गया।

सुविचार

गलतियां तो सभी से होती हैं जनाब, यह बात अलग है कि कोई जानता नहीं और कोई मानता नहीं। - अज्ञात

महाराष्ट्र की सियासत में नया बवाल

महाराष्ट्र विधानसभा के पिछले चुनाव में कांग्रेस शिवसेना यूबीटी और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को मिली करारी शिकस्त के बाद अब होने वाले मुंबई महानगरपालिका सहित महाराष्ट्र के नगरी निकाय चुनाव की हलचल तेज हो गई है। इसी वजह से महाराष्ट्र की सियासत में नया बवाल खड़ा हो गया है। शिवसेना यूबीटी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ता मराठी अस्मिता के नाम पर भाषा को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित कर रहे हैं। इन दोनों ही पार्टियों के पास नगरीय निकाय चुनाव में जाने के लिए मुद्दों को टोटा था। जिन्हें देवेन्द्र फड़नवीस की सरकार ने बैठे ठाले एक बड़ा मुद्दा दे दिया। महाराष्ट्र सरकार ने स्कूली पाठ्यक्रम में तीसरी वैकल्पिक भाषा के रूप में हिन्दी को अनिवार्य करने का फैसला ले लिया था जिसके खिलाफ शिवसेना यूबीटी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने मिलकर फड़नवीस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। नतीजतन फणडवीस सरकार ने अपना फैसला बदल दिया लेकिन तीन कमान से निकल चुका था। शिवसेना यूबीटी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने भाषा को लेकर बवाल मचाना शुरू कर दिया। शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ताओं ने मराठी भाषा न बोलने के कारण एक हिन्दी भाषी व्यापारी के साथ मारपीट कर दी। वहीं पुणे में मनसे के कार्यकर्ताओं ने व्यापारी के साथ मारपीट की। शिवसेना यूबीटी के पूर्व सांसद राजन विचारे ने तो दो हिन्दी भाषी व्यापारियों को अपने निवास में बुलाकर उनकी साथ बदसलुकी कराई उन्हें कान पकड़कर माफी मांगने पर बाध्य किया गया और थप्पड़ भी जड़े गये। इस मामले ने जब तूल पकड़ा तो महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की घोषणा की वहीं महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने बयान दिया है कि मराठी तो बोलना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर महाराष्ट्र की सियासत में भाषा को लेकर जो विवाद खड़ा किया जा रहा है वह निंदनीय है। राजनीति चमकाने के लिए भाषा के आधार पर इस तरह का बवाल खड़ा करना दुर्भाग्यजनक है। महाराष्ट्र की फडनवीस सरकार को इस बारे में गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए और इस विवाद को खत्म करने के लिए कारगर कदम उठाना चाहिए।

सुभमन गिल ने इंग्लैंड में रचा नया इतिहास

इंग्लैंड में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टैस्ट मैच में भारतीय टीम के कप्तान सुभमन गिल ने 269 की कप्तानी पारी खेलकर इंग्लैंड में एक नया इतिहास रच दिया। पहले टेस्ट मैच में भी सुभमन गिल ने शतक बनाया था। यह बात अलग है कि भारत की कमजोर गेंदबाजी के कारण टीम इंडिया पहला टेस्ट मैच हार गई थी लेकिन दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने शुभमन गिल के दोहरे शतक के कारण इंग्लैंड पर अपना सिकंजा कस दिया है। टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ऐसे पहले भारतीय ही नहीं बल्कि एशियाई कप्तान बन गये हैं जिन्होंने क्रिकेट की जनक कहलाने वाले इंग्लैड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा है। शुभमन गिल ने निश्चित रूप से बेहतरीन पारी खेली है। जिसमें उन्होंने और अक्रामकता भी दिखाई। इंग्लैंड में तीन सौ से ज्यादा गेंद खेलने वाले शुभमन गिल टीम इंडिया के दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। इसके पहले राहुल द्रविड़ ने तीन सौ से ज्यादा गेंदे खेली थी। शुभमन गिल की यह एक आदर्श टेस्ट पारी है। जिसके जरिए उन्होंने यह भी साबित कर दिया है कि टीम इंडिया को एक ऐसा कप्तान मिल गया है जो विदेशी सरजमीं पर अपनी टीम को मजबूती के साथ खड़ा करने का माद्दा रखता है। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेलकर भारत की ओर से कप्तान के रूप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। कप्तान के रूप में दोहरा शतक लगाने वाले शुभमन गिल सुनिल गावस्कर और राहुल द्रविड़ के बाद टीम इंडिया के तीसरे कप्तान बन गय हैं। शुभमन गिल ने अपनी इस आतिशी पारी से करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरिज में शुभमन गिल का बल्ला इसी तरह रनों की बरसात करता रहेगा और यंग टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ यह टेस्ट सीरिज जीत कर एक नया इतिहास रचने में निश्चित रूप से सफल होगी।

सद्‌गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ 'तेरी ही वस्तु गोविंद तुम्हें समर्पित है' शरीर के साथ भी, जब तक है तेरी सेवा में है। बस यही भाव इस

◆ नट शिष्य है और वर गुरु हैं - 'नटवर'।

◆ नट माने नाचने वाला, जो नट की तरह नाचे अपने इष्ट और अपने गुरु के इशारों पर और वर का अर्थ होता है श्रेष्ठ जो कि सदा गुरु और हरि होते हैं। दोनों मिल जाए तो नटवर और दोनों का मिश्रित वपु है अर्थात 'नटवर वपु'।

◆ जो भी करो बस अंत में ये बोल दो- नारायणः समर्पयामि !! हे भगवान सब तुमको समर्पण है। मुझसे बुरा भी हुआ वह भी तुमको समर्पण, मुझसे अच्छा भी हुआ वह भी तुमको समर्पण।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1497 - वास्को द गामा ने यूरोप से भारत की प्रथम जलयात्रा आरंभ की। 1858 - ग्वालियर के क़िले के पतन के बाद लॉर्ड केनिंग ने सांति की घोषणा की थी। 1918 - भारतीय संविधान में सुधार के लिए मांटेग्यु चेम्सफोर्ड रपट प्रकाशित की गई। 1954 - सतलुज नदी पर निर्मित भाखड़ा नांगल पनबिजली परियोजना पर बनी सबसे बड़ी नहर का प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उद्घाटन किया था। 1975 - में म्यांमार के बगाँ में आए भूकंप में हज़ारों मंदिर ध्वस्त हो गए तथा भारी जानमाल की छति हुई। 1994 - शिमाकी मुकाई जापान की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनी। 1999 - पापुआ न्यु गिनी (प्रशान्त महासागरीय देश) प्रधानमंत्री बिल स्कोट का इस्तीफ़ा। 2002 - दक्षिण अफ़्रीका में अश्वेत क्रिकेटरों के लिए कोटा प्रणाली समाप्त। 2003 - सूडान में हुए विमान हादसे में 115 लोग मारे गये। 2005 - जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर समूह-8 के देशों में सहमति बनी।



राजीव खण्डेलवाल

फिर कहे मैंने युद्ध रूकवाया है, मुझे शांति पुरस्कार दे। वास्तव में टंप्र के कार्रवाईयों ने विदेश नीति के जितने जानकर, विवेचक व समालोचक आलोचक है, उनकी बुद्धि को "360 डिंग्री से घुमाकर" "घुमते रहने" पर मजबूर कर दिया है, वह स्थिर ही नहीं रह पा रही है। एक लॉजिक निकालते है। दूसरे क्षण ट्रंप अपनी कार्रवाईयों से उसे ध्वस्त कर देते हैं। भारत भी ट्रंप के इस विचित्र व्यवहार से हक्का-बक्का होकर अचभिंत हैं। ट्रंप की इन 150 दिनों में न्यूनतम 10 कार्रवाई भारत के सम्मान के खिलाफहुई उसका सक्षम प्रतिरोध भारत नहीं कर पाया। अधिकतर मामलों में चुप्पी साध ली। पूरे विश्व को यदि वास्तव में शांति क्षेत्र बनाये रखना है, पूरे विश्व को ट्रंप के मामले में अपनी नीति का पूर्वावलोकन करना अति आवश्यक है और उसके कथनों पर ध्यान न दिया जाकर उसके द्वारा की जा रही कार्रवाई को ध्यान में रखकर यदि विश्व ट्रंप के प्रति अपना रवैया निश्चित करेगा, तभी ट्रंप को कुछ नियंत्रित किया जा सकता है। अन्यथा ट्रंप के अपने शेष कार्यकाल में वह धमा-चौकडी मचायेगा, इसकी कल्पना कोई भी विशेषज्ञ नहीं कर सकता है।

ट्रंप: ऐसा कोई सगा नहीं जिसे ठगा नहीं

ट्रंप का दूसरा कार्यकाल का "व्यक्तित्व" उनके पहले कार्यकाल की तुलना में बदला-बदला सा दिख रहा है। "चौदहवी का चांद" फिल्म का यह गाना याद आ जाता है। "बदले-बदले से मेरे सरकार नजर आते है"। इस बदलते व्यक्ति को जितनी भी उपाधियों से नवाजा गया, शायद शब्द कम पड़ गये। इस मामले में उन्होंने युगांडा के अमीन को भी पीछे छोड़ दिया, जिसे सनकी कहा जाता रहा। "घमंडी", "जरूरत से ज्यादा आत्मविश्वासी" "अनिश्चित, "बेशर्म", "बदतमीज", "झूठा", "पलटूराम" शब्द कम पड़ रहे हैं। ट्रंप का दूसरा कार्यकाल तुलनात्मक रूप से ज्यादा अप्रत्याशित व अनिश्चित नीति का ज्यादा शिकार रहा है। बावजूद उन्होंने अभी भी "अमेरिका फर्स्ट नीति" को केन्द्र बिन्दु बनाया हुआ है।

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उन्हें दी गई उपाधियां उनकी विवादास्पद शैली, नीतियों के वैश्विक प्रभाव को दर्शाती हैं। समर्थक उन्हें "सीजफायर एक्सपर्ट", "स्वर्ण युग का प्रणोता", और "अमेरिका फर्स्ट का योद्धा" जैसे सकारात्मक नामों से पुकारते हैं, जबकि आलोचक "तानाशाह राष्ट्रपति", "झूठ का बादशाह" और "टैरिफ किंग" जैसे नकारात्मक नामों का इस्तेमाल करते है। ये उपाधियां सामाजिक, राजनीतिक, और वैश्विक ध्रुवीकरण को दर्शाती हैं, जो ट्रंप की छवि का अभिन्न हिस्सा है।

ट्रंप की 150 दिनों से ज्यादा के कार्यकाल की यात्रा के व्यक्तित्व को वर्णित करने में जुबान की कीमत "पल में तोला, पल में माशा" बदलने वाले व्यक्ति ट्रंप के सामने जुबान की कीमत नहीं है। उक्त डिग्रियों के धारक ट्रंप का इजरायल-ईरान के बीच युद्ध विराम की घोषणा, कब युद्ध में पुनः बदल जाए, इसकी गारंटी नहीं है। विश्व के सबसे शक्तिशाली देश का प्रेसिडेंट का ऐसा व्यक्तित्व भी हो सकता है, वह कल्पना से परे है। बावजूद इसके इस बात के लिए लोहा मानना होगा, बल्कि माना जा रहा है कि ट्रंप की सभी बाते कार्रवाईयों को विश्व आगे-पीछे, सामने परदे के पीछे किसी न किसी भी रूप में पालन करने में मजबूर हैं। ट्रंप सब विरोधाभासों के बावजूद अपने देश में इसीलिए सफल होता है उसका एक बड़ा समर्थक है, जो "अमेरिकन फर्स्ट" की नीति के नाम पर ट्रंप का समर्थन कर रहा है।

अमेरिका के हर शहर में विरोध के बावजूद ट्रंप के चेहरे पर शिकन तक नहीं। उसका सबसे बड़ा एक कारण कार्य प्रकृति है उसमें वह किसी भी नीति, कार्य के प्रति वह अड़ने वाला व्यक्ति नहीं है। जब चाहे वह अपने निर्णयों से पलट जाता है और फिर पलट कर लागू कर देता है। मतलब धमकी के साथ लचीलापन नीतियों को लागू करने पर स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती है।

ईरान के परमाणु ठिकानों को नष्ट करने के प्रयास में "एफटू" हथियार का विश्व में पहली बार उपयोग कर नष्ट करने वाले अमेरिका के कहने पर वह युद्ध विराम के लिए तैयार हो जाता है। ईरान द्वारा कतर में अमेरिकन सैन्य अड्डों पर कतर के माध्यम से अमेरिका को पूर्व सूचना के हमला करने के बावजूद अमेरिका ईरान पर काउंटर आक्रमण नहीं करता है। याद कीजिए! यहां यह उल्लेख करना सामयिक होगा भारत के विदेश मंत्री ने कहा था कि हमने ऑपरेशन सिंदूर प्रारंभ करने के पूर्व पाकिस्तान की सेना को बताया था कि हम सेना पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे, सिर्फआतंकियों के विरुद्ध आतंकी बेसों पर ही सैन्य कार्रवाई करेगें। पर तब हमारे देश में बहुत चिल्लाहट हुई। लेकिन यही नीति जब ईरान ने अमेरिका के खिलाफकतर के माध्यम से अमेरिका को सूचना देकर उनके परमाणु ठिकानों पर हमला किया, तब इस पर किसी ने आपत्ति नहीं की। बल्कि इसे ईरान की युद्ध न भडकाने की नीति कहकर सराहा गया। लेकिन भारत में विपक्ष ने सराहा नहीं। यह युद्ध व युद्ध विराम इतना विचित्र है जो सिर्फईरान-इजराइल व अमेरिका को ही आश्चर्य में नहीं ड़ालता है, बल्कि पूरे विश्व को आश्चर्यचकित करता है। जहां तीनों पक्ष जीत का दावा करते है। युद्ध विराम के लिए सहमत होते है। क्रिकेट व हॉकी के मैच में या तो जीत, या हार या ड्रा होता है, लेकिन दोनों पक्ष न तो जीतते है न हारते है। यह कमाल इस युद्ध के खेल में ही संभव है।

इजराइल ने युद्ध प्रारंभ किया, ईरान पर आक्रमण करके तब ईरान ने यह कहा था कि युद्ध इजरायल ने प्रारंभ किया, लेकिन समाप्त हम करेंगे। इसी बीच अमेरिका उसमें कूद पडा और कूद कर बंम फोड़कर शांति करवाई। इसके लिए वह अब नोबेल शांति पुरस्कार की बात कर रहा है। यह भी विश्व का आठवां आश्चर्य होगा। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए पहले दो देश को लडवाओं फिर "इंधन" दो और कुछ समय बाद वहीं पंच बनकर दोनों की कॉलर पड़कर गोलियां बंद करवाये। फिर कहे मैंने युद्ध रूकवाया है, मुझे शांति पुरस्कार दे। वास्तव में टंप्र के कार्रवाईयों ने विदेश नीति के जितने जानकर, विवेचक व समालोचक आलोचक है, उनकी बुद्धि को "360 डिंग्री से घुमाकर" "घुमते रहने" पर मजबूर कर दिया है, वह स्थिर ही नहीं रह पा रही है। एक लॉजिक निकालते है। दूसरे क्षण ट्रंप अपनी कार्रवाईयों से उसे ध्वस्त कर देते हैं। भारत भी ट्रंप के इस विचित्र व्यवहार से हक्का-बक्का होकर अचभिंत हैं। ट्रंप की इन 150 दिनों में न्यूनतम 10 कार्रवाई भारत के सम्मान के खिलाफहुई उसका सक्षम प्रतिरोध भारत नहीं कर पाया। अधिकतर मामलों में चुप्पी साध ली। पूरे विश्व को यदि वास्तव में शांति क्षेत्र बनाये रखना है, पूरे विश्व को ट्रंप के मामले में अपनी नीति का पूर्वावलोकन करना अति आवश्यक है और उसके कथनों पर ध्यान न दिया जाकर उसके द्वारा की जा रही कार्रवाई को ध्यान में रखकर यदि विश्व ट्रंप के प्रति अपना रवैया निश्चित करेगा, तभी ट्रंप को कुछ नियंत्रित किया जा सकता है। अन्यथा ट्रंप के अपने शेष कार्यकाल में वह धमा-चौकडी मचायेगा, इसकी कल्पना कोई भी विशेषज्ञ नहीं कर सकता है।

डॉ. आशीष वशिष्ट

इसमें दो राय नहीं कि सड़कों के नेटवर्क सुधार से उपभोक्ताओं के समय व धन की बचत हुई है तो उद्योग-व्यापार को भी गति मिली है। लेकिन इससे जुड़ी तमाम विसंगतियां भी सामने आई हैं। सड़कों के त्रुटिपूर्ण डिजाइन व निर्माण में चूक को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। वहीं अकसर बड़ी सड़कों और राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण के दौरान अंतहीन असुविधा भारतीय यात्रियों के लिए रोजमर्रा के अनुभव हैं। अधिकांश साइटों पर निर्माण से जुड़ी, यात्रियों के अनुकूल सर्वोत्तम परंपराओं को अपनाना और यातायात में व्यवधान को कम से कम करना सुनिश्चित नहीं किया जाता है।

जाम के झाम से मुक्ति के हों पुख्ता इंतजाम

27 जून को इंदौर-देवास हाईवे पर करीब पर 40 घंटे तक 8 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें 4000 से ज्यादा वाहन फंस गए थे। इस दौरान 3 लोगों की जान चली गई। 14 जून को केरल के कन्नूर में कोट्टियूर के पास एक तीन वर्षीय बच्चे की अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस के भीषण ट्रैफिक जाम में फंस जाने से मौत हो गई।

7 जून दिल्ली से आए एक 62 वर्षीय पर्यटक कमल किशोर टंडन की मसूरी में भीषण ट्रैफिक जाम में फंसने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। 6 मई उप्र के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में एक डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और राजमार्ग पर तीन घंटे तक जाम फंसे रहने की वजह से उसे वक्त पर उचित उपचार नहीं मिला और इस वजह से उसकी मौत हो गई।

24 अप्रैल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में मुख्य बाजार देहरा में समय सड़क निर्माण कार्य के कारण लगे भारी जाम ने 75 साल के बुजुर्ग की ज़िंदगी छीन ली। 24 फरवरी कोटा राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर दरा नाल में लगने वाले भीषण जाम ने एक मासूम की जान ले ली। ये तो बानगी भर है। इस तरह की खबरें अक्सर सुनने, पढ़ने और देखने को मिलती हैं। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुराने ढर्रे पर दौड़ने लगती है।

ताजा प्रकरण इंदौर-देवास हाईवे पर 40 घंटे के जाम का है। 40 घंटे का जाम था...कोई सोच भी नहीं सकता कि आज़ादी के 75 साल बाद, 40 किलोमीटर का रास्ता तय करने में 40 घंटे लग सकते हैं। दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने में आमतौर पर 16 से 20 घंटे लगते हैं। मतलब जितने में दिल्ली से न्यूयॉर्क की फ्लाइट का आना जाना हो जाए, उतने में इंदौर से देवास नहीं पहुंच सके। इंदौर से देवास तक का रास्ता महज़ 40 किलोमीटर है।

मध्य प्रदेश के हाई कोर्ट ने फटकार लगाते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। निश्चित रूप से इस दुर्घटना और हजारों लोगों के घंटों जाम में फंसे रहने के मामले में जहां एनएचएआई की तरफ से माफी मांगने की जरूरत थी, वहीं उसने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिये दोष लोगों पर लगाते हुए असंवेदनशील बयान दे डाला। 30 जून को अदालत में जवाब देते हुए एनएचएआई के वकील ने कहा कि ÷लोग बिना जरूरी काम के इतनी सुबह घर से बाहर निकलते ही क्यों हैं?÷ एनएचएआई की इस टिप्पणी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया।

उनके इस बयान को सुनकर लोगों को ऐसा लग रहा है कि एनएचएआई घटना की जिम्मेदारी लेने से बच रहा है और घटना के लिए आम लोगों को ही दोषी बताने की कोशिश कर रहा है। यहां तक कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी एनएचएआई के रुख को कठोर और संवेदनहीन बताया है, जो जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करने वाला है। विवाद बढ़ने पर एनएचएआई ने कहा कि,यह टिप्पणी अथॉरिटी के आधिकारिक विचारों को नहीं दर्शाती। देश में जहां एक तरफट्रैफिक की समस्या से निजात पाने के लिए सड़कों, हाई-वेज और एक्सप्रेस-वेज को बनाने का काम जोरों-शोरों पर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे शहर भी हैं, जो अंदरूनी ट्रैफिक से काफी ज्यादा परेशान हैं। असल में, ट्रैफिक जाम की समस्या से बड़े ही नहीं बल्कि छोटे शहर भी जूझते हैं। लेकिन बड़े शहरों में यह एक संकट का रूप लेने लगा है। एक जानकारी के मुताबिक एक घंटे जाम में एक लीटर ईंधन बर्बाद होता है। जितनी ईंधन की खपत होगी, उतना ही ज्यादा सीओटू उत्सर्जन भी होगा, जो पर्यावरण और प्रदूषण के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदायक होता है। एक अनुमान के अनुसार, महानगरों में और हाईवे पर देश में हर साल लगने वाले ट्रैफिक जाम से हर साल तकरीबन 1.4 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो रहा है।

टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2024 के अनुसार, देश में कोलकाता का ट्रैफिक सबसे धीमा है। बेंगलुरु ने इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। कमोबेश ऐसे हालात दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, पुणे, चंडीगढ़, गुरुग्राम, लखनऊ, जयपुर, कानपुर, अमृतसर, अहमदाबाद, वाराणसी और देश के अन्य महानगरों और शहरों के हैं।

डाक्टरों के अनुसार, जाम में फंसने वालों को अकसर ब्लड प्रेशर बढ़ने, बर्नआउट, सांस की बीमारी, डिहाईड्रेशन, फीवर, घबराहट, सीने में दर्द आदि बीमारियों का सामना करना पड़ता है। गंभीर मरीज लंबे समय तक जाम में फंस जाए तो उसकी मौत भी हो सकती है। 2022 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि यदि अब जाम में एंबुलेंस फंसी तो इसे अपराध माना जाएगा और मरीज को नुकसान पहुंचाने के तहत कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके स्थिति में कोई खास फर्क दिखाई नहीं देता।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वो आवाज़

वो आवाज़ जो, बेआवाज़ हो। वो एहसास जो, शब्द बन जाये। वो जज़्बात जो, दिल में उतर जाये। वो भाषा जो, सर्वसामान्य हो। वो विषय जो,आम हो कर, नज़र अंदाज़ हो। वही तो कविता है। आसपास घटनाओं का, अम्बार है। उन्ही मे छुपा, कविता का कोई किरदार है। ज़िंदगी की कहीं, रफ्तार है। कहीं दुष्वारियों का बाजार है। प्यार है, नफरत है , ईर्ष्या और द्वेष है। मगर थोड़ी सी इंसानियत अभी भी शेष है । विविधताओं का दुनिया है अंबार उसी से, चलता संसार है। - **शिखा लाहिरी**

चमचों की है

चमचों की है बात निराली ना चूके होली -दीवाली मौका कोई कभी ना छोड़े खाते रहते सबसे गाली अपनी धुन के पक्के होते चमचागिरी में जगते-सोते बेशर्मी की हद तो देखो जहां न होना,वहां भी होते चमचों की पहचान अलग है रखते अपनी शान अलग है अपना उल्लू सीधा करना होते ये इन्सान अलग है अक्सर होते हैं मृदुभाषी समय पे बन जाते चपरासी गिरगिट के से रंग बदलकर समझें अपने को अधिशासी। - **जे डी कुदाल**

बरखा रानी जरा जम के बरसो

बरखा रानी जरा जम के बरसो मेरी सखियां जा न पाएं झूमकर बरसों चमकते कल के लिए आज झरो न बरखा मेरे जीवन में मेघ उड़ते हुए घिरे आ रहे है, इनमे न बरखा का भार है न तूफान का। ये केवल मेरे गोधुलीमय आकाश को, रँगना चाहते है। बरखा घरती पर झुका आसमान है, इसके बिना जीवन कहा सम्भव है।। इस देश में मेरा गमन मघुमय हो और मेरा पुरागमन भी।। - **हेमा पांडेय**

मुश्किलें आती है, आएंगी, पर घबराना नहीं

मुश्किलें आती है, आएंगी, पर घबराना नहीं,काम ऐसा करो फिर बाद में पछताना नहीं। ये जो दुनिया हैं मिलेंगे बहुत से तीस मारखां, तन्हा ही लड़ सकते हो इनसे डर जाना नहीं। - **संजय सिंह राजपूत**

ये बेचैन दिल है उदासी का

ये बेचैन दिल है उदासी का मारा, किसी से हमें कुछ शिकायत नहीं है। लफ़्ज़ों में उसके कोई तो है जादू, बिना नींद के भी थकावट नहीं है। - **वर्षा श्रीवास्तव**

हृदय विकल उठता ज़ब अल्हड़

हृदय विकल उठता ज़ब अल्हड़ मेघों की नाद से सहज नयन भर आते हैं तब प्रियवर की याद से सुनो सखी प्रिय के बिना वर्षा ऋतु भी न भाती है कितने सावन बीत चले तनिक न आस जगाती है बरस रहीं हैं नीर की बूंदेबादलों की चोट से कह दो इनको जाकर बरसे कहीं दूर गिरी की ओट से भेजे कोई संदेश प्रिय को सावन के झूले खाली हैं जहाँ सुहानी थी रिमझिम अब यह तन को जलाती हैं अनन्त हैं बूंदे,आकाश अनन्त अनन्त सागर गहराई है अनन्त प्रेम और अनन्त प्रतिक्षा विरह अनन्त अब छाई हैं। - **माया देवांगन**

सफलता का रहस्य यह सीखना है

सफलता का रहस्य यह सीखना है कि दर्द और सुख का उपयोग कैसे किया जाए, बजाय इसके कि दर्द और सुख आपका उपयोग करें। अगर आप ऐसा करते हैं, तो आप अपने जीवन के नियंत्रण में हैं। अगर आप ऐसा नहीं करते, तो जीवन आपको नियंत्रित करता है। - **नवीन शंकर शर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध और अंत मे शुभ कर्म के लिये प्रेरित होंगे घर मे मांगलिक आयोजन होने से नई ऊर्जा का संचार होगा।

वृषः आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। दिन का आरंभिक भाग घरेलू व्यस्तता के कारण व्यावसायिक कार्यो से लाभ नही उठा सकेंगे।

मिथुनः आज के दिन आप अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास करेंगे। लोगो के आगे अपनी बुद्धि चातुर्य का प्रदर्शन करेंगे।

कर्कः आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायक रहेगा। परिवार के सदस्य आपसे अधिक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे।

सिंहः आज आपका मानसिक संतुलन स्थिर नही रहेगा असमंजस की स्थिति के कारण पल पल में निर्णय बदलेंगे।

कन्याः आज का दिन पूर्वार्ध में अस्त व्यस्त रहेगा लेकिन आज आपके सभी कार्य सही दिशा में आगे बढ़ेंगे।

तुलाः आज का दिन आशानुकूल रहने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित नही रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन बनते कार्यो में विघ्न खड़े करेगा। दिन का पहला भाग शांति से व्यतीत करेंगे लेकिन इसके बाद किसी ना किसी उलझन में फंसते ही रहेंगे।

धनुः आज का दिन अकस्मात लाभ की प्राप्ती कराएगा लेकिन ध्यान रखें लापरवाही से कार्य करने पर आज जो विचार में नही रहेगा।

मकरः आज के दिन सार्वजिनक कार्यो आपका महत्त्वपूर्ण योगदान स्वयं के साथ परिजनों का भी मान बढ़ाएगा।

कुंभः आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी भाग्य का साथ भी मिलने से सोची हुई योजनाए निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे।

मीनः आज का दिन प्रतिकूल रहेगा खराब सेहत आज प्रत्येक कार्य मे बाधक बनेगी फिर भी जबरदस्ती कार्य करेंगे।

सूर्योदय : 05:41, सूर्यास्त : 07:20, चन्द्रोदयः : 13:45, चन्द्रास्तः :24:51, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : वर्षा, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (कालयुक्त), मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : दशमी, नक्षत्र : स्वाती, योग : सिद्ध, प्रथम करण : कौलव (16:31 तक), द्वितीय करण : तैतिल (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : तुला, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?

2) आर्कटिक परिषद किस घोषणा के माध्यम से बनाई गई थी?

3) विलिंगडन आइलैंड, भारत के किस शहर में स्थित है?

4) अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस हर साल कब मनाया जाता है?

5) हाल ही में मध्य प्रदेश में एक स्मारक से सम्मानित रानी दुर्गावती किस वंश से संबंधित थीं?

उत्तरमाला- (1) द चैलेंज (2) ओटावा घोषणा (3) कोच्चि (4) 26 जनवरी (5) गोंड वंश

शब्द सागर

खाद बीज की कमी, किसानों को परेशानी लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

छुरा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज छुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में किसानों को हो रहे परेशानी जिसमें खाद बीज की कमी के चलते किसान परेशान है, इसलिए आज एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया, जिससे किसानों की परेशानी कम हो और उन्हें खाद बीज की समस्या न हो, अगर फिर भी सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

धरना प्रदर्शन के एसडीएम कार्यालय जाकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भावसिंह साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नथमल शर्मा,जिला उपाध्यक्ष समद खान, यशपेंद्र शाह, शैलेन्द्र साहू, रमेश शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, प्रहलाद यदु, नीलकंठ ठाकुर, चमन साहू, पार्षद सलीम मेमन, हरीश यादव, रामजी दिवान, देवसीन नेताम, पंच राम टंडन शांतनु देवांगन,यामीन खान , दीप्ति यादव, नयाज अहमद, अवध साहू, भानु चंद्राकर, दीपक चंद्राकर, एनएसयुआई जिलाध्यक्ष रितेश दीक्षित, अखिल चौबे, भानु वर्मा, बूढ़ा न सिंग, थानू राम, संतन सिंह, सालिक राम, नारायण, और सैकड़ों कांग्रेसी शामिल थे।

मारपीट, दो के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/ नवप्रदेश। पटेवा पुलिस ने ग्राम सिंघनपुर के एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंघनपुर निवासी उदेराम निषाद के साथ ठाकुर राम निषाद, टोमेश निषाद ने सिंधौरी खार में खेत की जुताई की बात पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उन्हें महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

विधायक साहू ने किया मिनीमाता कन्या विद्यालय का निरीक्षण

■ **शैक्षणिक व्यवस्था की ली जानकारी विद्यार्थियों से किया संवाद**

कसडोल / नवप्रदेश। कसडोल नगर स्थित मिनी माता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज विधायक संदीप साहू ने औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं का दौरा किया शिक्षकों और छात्राओं से मुलाकात की तथा पढ़ाई और सुविधाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की

निरीक्षण के दौरान विधायक साहू ने छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई पुस्तक वितरण मध्यान्ह भोजन, पेयजल और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ की छात्राओं ने उन्हें अपनी बातों से अवगत कराया, जिनमें कुछ कमियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया

विद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, कक्षाओं की मरम्मत और शिक्षकों की उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का उन्होंने बारीकी से अवलोकन किया निरीक्षण में कुछ स्थानों पर सुविधाओं की कमी तथा मरम्मत की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इन कमियों को दूर किया जाए।

विधायक संदीप साहू ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना मेरी प्राथमिकता है विद्यालयों में बच्चों को समुचित वातावरण मिलना चाहिए ताकि वे निर्बाध रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकें उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक विद्यालय में शिक्षा संबंधी आवश्यक संसाधनों की पूर्ति के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम वर्मा, श्रीमती गायत्री कैवर्त, योगेश बंजारे, चंदन साहू उपस्थित रहे।

शिवम ध्रुव का आई आई टी में सलेक्शन

भाटापारा/नवप्रदेश। कहते है कुछ कर पाने की लगन हो तो कामयाबी आपके कदम छू लेगी और ऐसा ही कुछ कर दिखाया है,एक छोटे से गांव के शिवम ध्रुव ने,जिन्होंने बनारस हिंदू विश्व विद्यालय से आई आई टी में सलेक्ट हुए,उनकी इस सफलता पर विधायक इन्द्र साव ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिवम ध्रुव और उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामना दी है। विधायक इन्द्र साव ने अपने बधाई संदेश में कहा कि कागज अपनी किस्मत से उड़ता है लेकिन पतंग अपनी काबिलियत से,किस्मत साथ ना दे,लेकिन काबिलियत हमेशा साथ देती है,ऐसे ही जुनून के साथ एक छोटे से गांव के रहने वाले शिवम ध्रुव ने अपनी काबिलियत के दम पर बनारस हिंदू विश्व विद्यालय में पढ़ाई कर आई आई टी में सलेक्ट हुए है। शिवम शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहे है,उनकी माता श्री मति ललिता ध्रुव,पूर्व माध्यमिक शाला टोनाटार में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है।विधायक श्री साव ने शिवम को उसकी सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।शिवम ,ब्लाक कांग्रेस कमेटी भाटापारा के अध्यक्ष अशोक ध्रुव का भतीजा है।

प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, बोले–अब चुप नहीं रहेंगे, होगा निर्णायक आंदोलन

खाद दो या जवाब दो कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश भर में किसानों को खाद नहीं मिलने की समस्या पर कांग्रेस पार्टी अब आक्रामक हो गई है। इसी कड़ी में आज गरियाबंद नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आदिम जाति सहकारी सेवा समिति के सामने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। किसानों को समय पर खाद न मिलने की शिकायतों को लेकर प्रदर्शनकारी नेताओं ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

सरकार की योजनाएं पोस्टर में लहलहा रही हैं, लेकिन खेतों में सूखा पड़ा है– नेताम

धरना प्रदर्शन में शामिल हुए जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा –यह सरकार किसानों की रीढ़ तोड़ रही है। खाद की भारी किल्लत और समय पर आपूर्ति न होने से किसानों की खेती पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। एक ओर मौसम साथ नहीं दे रहा, दूसरी ओर शासन-प्रशासन की उदासीनता किसानों को बर्बादी की ओर धकेल रही है। अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस सड़कों पर और उग्र आंदोलन करेगी।

खाद गोदामों में है या हवा में उड़ गई ? किसानों को तो सिर्फ भरोसे की रोटी मिल रही है!– यादव

वहीं, नगर के पार्षद छगन यादव ने भी सख्त शब्दों में सरकार को घेरा। उन्होंने कहा–यह सरकार किसानों की नहीं, पूंजीपतियों की हितैषी है। खाद की कमी जानबूझकर बनाई जा रही है ताकि खुले बाजार में कालाबाज़ारी हो सके। हम चुप बैठने वाले नहीं, जरूरत पड़ी तो हम खेतों से लेकर सचिवालय तक आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन के दौरान किसानों के समर्थन में कई जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण भी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से तुरंत खाद आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने और नकली खाद बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

ये रहे उपस्थित– जिला पंचायत अध्यक्ष संजय नेताम सनी मेमन प्रेम सोनवानी अवध राम पार्षद यादव छगन यादव नादिर कुरैशी पार्षद निरंजन प्रधान सुरजीत कुटारे जुनैद खान मुकेश भोई रमन कुकरेजा अंजोर ध्रुव अशोक जगत गुंजेश कपिल वीरेंद्र राजपूत घनश्याम मोगरे भूपेश साहू प्रहलाद यादव जुगे लाल सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यक्रता शामिल हुए।

विधायक साहू ने प्राथमिक कृषि सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया

■ **किसानों की खाद समस्या पर जताई चिंता**

कसडोल / नवप्रदेश। विधायक संदीप साहू ने गुरुवार को ग्राम पंचायत हटौद स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों को डीएपी खाद की लगातार हो रही कमी पर गहरी चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

हाल के दिनों में किसानों को उनकी फसल की बुवाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए डीएपी खाद की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से खेतों की तैयारी और बुवाई में विलंब हो रहा है, जिससे आगामी फसल की उत्पादकता पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है विधायक संदीप साहू ने सहकारी समिति में उपस्थित अधिकारियों से खाद आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली और स्टॉक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि किसानों को किसी भी स्थिति में उर्वरक खाद की कमी न हो और आवश्यकतानुसार तुरंत पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

साहू ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि खाद वितरण में पारदर्शिता बरती जाए और किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए, ताकि कृषि कार्यों में कोई बाधा न आए।

शिक्षा सेवा केंद्र का उद्घाटन बी ई ओ ने किया

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के गांधी मंदिर वार्ड में शिक्षा सेवा केंद्र का उद्घाटन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राम जी पाल एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा दुर्गेश शर्मा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राम जी पाल ने संकुल समन्वयको तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षा विभाग में स्कूलों की अनेक महत्वपूर्ण ऑनलाइन एवं डाटा एंट्री के कार्य सहित विभिन्न कार्यों के लिये इधर उधर भटकना पड़ता था लेकिन अब शिक्षा सेवा केंद्र के खुल जाने से शिक्षकों को परेशानी से मुक्ति मिलेगी। वही बीआरसी दुर्गेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा सेवा केंद्र के खुल जाने से स्कूलों का कार्य समय सीमा में संपादित होंगा। उक्त अवसर जितेंद्र मिश्रा, हेमचंद रात्रे, उमेशकांत मरकाम, मनीष कुमार, अशोक साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

कुरूद विस क्षेत्र के अनेक लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए अजय चंद्राकर

कुरूद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सिर्वे ,सिर्वे,सिंगदेही नवनिर्मित आंगनबाड़ी व यादव भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मान,अजय चंद्राकर पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक कुरुद,अध्यक्षता राधा बीरेंद्र साहू,विशिष्ट अतिथि मान.गोकरण साहू उपाध्यक्ष जि.प.धमतरी,कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिला.प.धमतरी, पूजा सिन्हा जिला.प.सदस्य, गितेश्वरी साहू अध्यक्ष ज.प. कुरुद, आनंद यदु ज.प.सदस्य,एवम ग्राम पंचायत सिर्वे के समस्त पंच व गणमान्य नागरिक । इस लोकार्पण अवसर पर वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर अपने उद्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी बच्चों की शिक्षा का मूल आधार है । शिक्षा के क्षेत्र में हमारा कुरुद लगातार नए आयाम गढ़ते हुए शिक्षा का केंद्र बनते जा रहा है, जिसमे महाविद्यालय, आई टी आई, पॉलिटेक्निक कालेज,एवम विभिन्न शैक्षणिक केंद्रों के माध्यम से युवाओं को स्किल डेवलपमेंट करके रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया गया है।सरकार द्वारा मूलभूत सुविधा के साथ समावेशी विकास पर जोर दिया जा रहा है।मंच संचालन श्री चोवाराम यदु ने किया । कुलेश्वर ध्रुव, दिलीप साहू,पवन साहू,सोनजीत साहू,नेतराम साहू,फागराम चक्रधारी, कन्हैया देवगन,हीरालाल सोनवानी,पन्नालाल,देवलाल निषाद,दौलत निर्मलकर,मोहनलाल यदु,अनुज साहू,चंद्रिका साहू,उत्तम साहू, चुरामन साहू,हरिलाल चक्रधरी, राजेश साहू उपस्थित थे ।

खाद्य प्रशासन ने किया होटल, रेस्टोरेंट और खाद्य दुकानों का निरीक्षण

■ **खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य परिसरों की सफाई बनाए रखने की दी समझाइश**

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के धमतरी शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के होटल, रेस्टोरेंट और मिष्ठान भण्डार सहित अन्य खाद्य परिसरों का औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दल द्वारा धमतरी स्थित हर्ष सुपर मार्ट, दीपक होटल बठेना, दी जिंजर लीफ रूद्री रोड, भैरूनाथ पावभाजी, सेवन स्टॉर रेस्टोरेंट लक्ष्मी निवास, सोनकर चिकन सेंटर, बादशाह एग रोल, यादव चाट सेंटर का निरीक्षण किया गया। इसी तरह सूर्या किराना स्टोर्स कोलियारी, माहेश्वरी राईस इण्डस्ट्रीज कुरूद, दिशा किराना एवं जनरल स्टोर्स भखारा, रामस्वरूप किराना स्टोर्स हंचलपुर, रोशनी प्रोविजन स्टोर्स लोहरसी, स्वाद रेंस्टोरेंट रूद्री, गणेश मोमोस, जय जलाराम दाबेली, रोहित एगरोल, बाम्बे भेज रूद्री का निरीक्षण किया। इस दौरान नमक, बिस्कुट, पनीर, मैदा, चायपत्ती, पका दाल, पनीर की सब्जी, बेसन, साबूदाना व फोर्टिफाइड चावल का विधिक नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने यह भी बताया कि दल द्वारा मौके पर फेमस आलूगुण्डा धमतरी और बादशाह एगरोल रूद्री में अखबारी कागज का उपयोग करते पाये जाने पर उसका उपयोग नहीं करने के लिए निर्देशित किया गया। इसी तरह रूद्री रोड स्थित भैरूनाथ पावभाजी सेंटर को मेडिकल फिटनेस बनवाने और गणेश मोमोस सेंटर, जलाराम दाबेली, रोहित एगरोल, बाम्बे भेल एवं गुपचुप सेंटर संचालकों को 7 दिनों के भीतर खाद्य पंजीयन बनवाने के लिए निर्दशित किया गया। इसके साथ ही ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच-परखकर, खाद्य पदार्थों की अवसान तिथि, खाद्य लायसेंस, पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों को खरीदने की अपील की गई। इसके अलावा कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए सभी होटलों, रेस्टोरेंटों और सड़क किनारे लगाने वाले फुड वेंडरों को उपयोग में लाने वाले जल स्त्रोंतों से पानी की जांच पीएचई लैब से करवाकर जांच प्रतिवेदन जमा करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

घर से बाइक की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। बाइक चोरी के मामले में बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पंकज देवांगन ने बजाज पल्सर बाइक एनएस-125 सीजी 06 एचबी 7768 को 30 जून की रात 9 बजे घर में लॉक करके रखा था। सुबह देखा तो वहां बाइक नहीं थी। अज्ञात ने बाइक पार कर दी। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

फसल प्रभावित, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाएं : किसान संघ

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय किसान संघ ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासनिक अफसरों को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने और समितियों में खाद की उपलब्धता बनाए रखने की मांग की है। किसान संघ जिला उपाध्यक्ष बृजलाल साव ने बताया कि पिछले दिनों करगा धान की शिकायत की गई थी। कलेक्टर को भी आवेदन सौंपा गया था। समस्या से अवगत कराने एक बार फिर :कलेक्टोरेट पहुंचे हैं। करगा धान मामले में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। हमारी प्रमुख मांग यह है कि खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों ने धान की बोआई कर ली है। धान की उपज प्रभावित होने पर इसका मुआवजा भी दिया जाना चाहिए।

साप्ताहिक बाजार कीचड़ से हुआ सराबोर नागरिक और व्यापारी हो रहे परेशान

छुरा / नवप्रदेश। ग्राम रसेला के साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्थाओं का बोलबाला नजर आ रहा है, लगातार हो रही बारिश से बाजार में कीचड़ ही कीचड़ फैल गया है। ज्ञात हो कि हर गुरुवार को रसेला में साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसके चलते पूरा बाजार क्षेत्र कीचड़ से सराबोर हो जाने से नागरिकों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो की तीन माह पूर्व ग्रामीण हाट-बाजार योजना के तहत वित्तीय सहायता राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड रायपुर के द्वारा नाबार्ड अनुदान राशि 15 लाख और ग्राम पंचायत रसेला के द्वारा 1,71,695 राशि प्रदान की गई है। जिसका क्रियान्वयन एजेंसी, एग्रोक्रेटस सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट के द्वारा किया गया। बाजार में क?ई चबूतरे बनाया गया मगर नीचे जमीन को कांक्रीट नहीं होने से दुकानदारों को अपने सामान को कीचड़ से बचाने के लिए पालिथीन और प्लास्टिक पन्नीयो का सहारा लेना पड़ रहा है तो वहीं नागरिक कीचड़ में खरीददारी करने में मजबुर हो रहें हैं। साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों और सब्जियां बेचने ने कहा कि बाजार में बुनियादी सुविधाएं नदारद है। बारिश में हर सप्ताह बाजार में आने वाली महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं।

सुरक्षा और संरक्षण | डीएफओ ने साझा किया वीडियो,वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति विभाग की सजगता उजागर

उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखा तेंदुआ अपने दो शावकों संग दिखा खेलता हुआ

गरियाबंद/नवप्रदेश। बरसात के मौसम में जब प्रकृति अपने चरम सौंदर्य पर होती है, तब वन्यजीवों की गतिविधियाँ भी तेज हो जाती हैं। इसी क्रम में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक दुर्लभ और मनमोहक दृश्य सामने आया है, जिसमें एक तेंदुआ अपने दो नन्हे शावकों के साथ खेलता हुआ नजर आ रहा है। यह दृश्य रिजर्व में लगे ट्रैप कैमरे में कैद हुआ, जिसे डीएफओ वरुण जैन ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। वीडियो में शावकों को अपनी माँ की पीठ पर चढ़ते और जंगल में चंचलता से दौड़ते हुए देखा जा सकता है।

डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि ÷टाइगर रिजर्व में जैव विविधता संरक्षित है और विभाग सतत निगरानी और संरक्षण पर ध्यान दे रहा है। बरसात में यह जंगल प्राकृतिक जल-संग्रहण क्षेत्र की तरह कार्य करता है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र संतुलित रहता है।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व न केवल बाघों, तेंदुओं जैसे बड़े मांसाहारी जीवों का आवास है, बल्कि यहाँ हिरण, भालू, पक्षियों और सरीसृपों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी है। वन विभाग की ओर से लगातार चलाए जा रहे संरक्षण प्रयासों के चलते इन जीवों की संख्या और गतिविधियों में सकारात्मक वृद्धि देखी जा रही है।

डीएफओ वरुण जैन ने कहा

बरसात के मौसम में वन्यजीवों की गतिविधियाँ काफी बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में ट्रैप कैमरों से मिली यह दुर्लभ झलक हमारे लिए बेहद खास है। तेंदुए के साथ उसके दो नन्हे शावकों का खेलना यह दर्शाता है कि टाइगर रिजर्व में जैव विविधता सुरक्षित है और वन्यजीव खुद को सहज महसूस कर रहे हैं। विभाग लगातार निगरानी, ट्रैकिंग और संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहा है, ताकि इन वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हमारा उद्देश्य केवल निगरानी ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी वन्यजीवों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता उत्पन्न करना है। यह वीडियो उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ यह पहल समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता भी ला रही है। डीएफओ जैन का यह प्रयास लोगों को जंगल और वन्यजीवन के प्रति जुड़ाव बढ़ाने की प्रेरणा दे रहा है।

■ न्यूज गैलरी

हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा। नवागढ़ थाना के अंतर्गत ग्राम झांकी निवासी बलराम टंडन के साथ मारपीट करने के बाद फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 3 आरोपी प्रीतिपाल कुर्रे उम्र 28 वर्ष, बिरेन्द्र कुमार कुर्रे उम्र 32 वर्ष को गिरफ्तार किया गया था। घटना के बाद से ही फरार आरोपी रमेश कुमार कुर्रे पिता विष्णु प्रसाद कुर्रे उम्र 49 वर्ष, भीमराव कुर्रे पिता रमेश कुर्रे उम्र 20 वर्ष, भागवत प्रसाद कुर्रे पिता विष्णु प्रसाद कुर्रे उम्र 39 वर्ष को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया।

एसपी कार्यालय के पास चाकूबाजी

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास एक युवक पर छह युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, युवक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि आपस में किसी बात को लेकर बहस के दौरान 6 युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। बहस के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हॉस्पिटल व स्कूल-कॉलेज में मनमानी फीस वसूली से जनता त्रस्त

राजनांदगांव। शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने बयान जारी करते हुए कहा है कि युक्तियुक्तकरण योजना के नाम पर 4000 विद्यालय बंद हो चुके हैं। 741 नए मदिरालय दुकान खुल रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार शिक्षा से ज्यादा शराब को महत्व दिया जा रहा है। कन्नौजे ने कहा कि शहर में अनेक अशासकीय अस्पताल अशासकीय स्कूल कॉलेज में मनमानी फीस लिए जाने से जनता में घोर नाराजगी है। शासन प्रशासन ने अनाप-शनाप फीस वसूलने के लिये शायद खुली छूट दे रखी है। राजनांदगांव शहर के प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के नाम पर बेतहाशा वसूली की जा रही है।

नेशनल हाईवे की हालत जर्जर, गड्ढे पर पालथी मारकर बैठे युकां नेता

■ **इंजीनियर और ठेकेदार के साथ हुई तीखी बहस**

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर के मिनीमाता चौक से होकर गुजरने वाले कवर्धा-रायपुर बाईपास की बदहाली से परेशान नागरिकों ने विरोध जताते हुए आज अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सड़क पर गड्ढे में भरे पानी में पालथी मारकर बैठ गए। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी के नेतृत्व में गड्ढों में भरे पानी में बैठकर अपनी पीड़ा जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर शासन-प्रशासन को जगाने की कोशिश की और जल्द से जल्द इस बहुप्रतीक्षित सड़क का पुनर्निर्माण करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और अपनी मांगों को लेकर तख्तियां थामीं। लोगों का कहना है कि जब तक इस मार्ग का स्थायी समाधान नहीं किया जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि कवर्धा-रायपुर बाईपास सरकार की संवेदनहीनता और विभागीय उदासीनता का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

अनोखा विरोध प्रदर्शन

छात्रा पूर्णिमा साहू ने बताया कि मार्ग में 100 से ज्यादा गड्ढे हैं। दुर्घटना होने का डर बना रहता है। स्कूल बस भी घर तक नहीं आ पा रही है। आसपास कीचड़ के अलावा कुछ नहीं है। पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। जल्द से जल्द इस मार्ग को बनाया जाना चाहिये। ताकि, लोग आवागमन कर सके।

बाईपास मार्ग को लेकर इंजीनियर और ठेकेदार के साथ लोगों की जमकर तीखी बहस हुई। नागरिकों का कहना था कि मार्ग पर बजरी डालने से जनता को इतनी परेशानी नहीं होती। इंजीनियर के कहने पर ठेकेदार ने बजरी डलवाया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कई साल पहले निर्मित कवर्धा-रायपुर बाईपास विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते पूरी तरह जर्जर हो गया है। बाईपास पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पर तालाब जैसे हालात बन गए हैं। वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर वाहन चलाना पड़ता है। आसपास के दुकानदार और मोहल्लेवासी भी परेशान हैं।

स्वीकृति के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी और क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई बार विभाग और शासन को मरम्मत के लिए अवगत कराया गया। मार्ग निर्माण की स्वीकृति भी मिल चुकी है, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ। नतीजा यह है कि इस बरसात में लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

सीएम के आगमन की तैयारी, कलेक्टर ने लिया जायजा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज नगर पंचायत दाढ़ी का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और नगरीय व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित सार्वजनिक सुविधाओं जैसे पेयजल व्यवस्था, साफसफाई, कचरा निपटान, सड़कें और सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय प्रशासन की जवाबदेही बढ़ी है और जनता को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। उन्होंने स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रस्तावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए

कलेक्टर ने नपं दाढ़ी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल की समग्र व्यवस्था का अवलोकन किया। मंच निर्माण, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, पार्किंग स्थल, विद्युत आपूर्ति, आपातकालीन सेवाएं औ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश भी दिये। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के दौरे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समयबद्ध कार्य योजना बनाकर समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुस्पष्ट, सुरक्षित और व्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों से लेकर नगर प्रशासन और लोक निर्माण विभाग तक सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और संपूर्ण तैयारियां समय सीमा में पूर्ण कर लें। प्रवास के अंतर्गत नगर में स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों -प्राचीन बड़ादेव मंदिर और राम जानकी मंदिर में जाकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इन मंदिरों में पहुंचकर उन्होंने धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए परिसर की सफाई, प्राचीनता और सांस्कृतिक विरासत को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

कलेक्टर ने किया शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दाढ़ी का निरीक्षण

कलेक्टर शर्मा ने नपं दाढ़ी प्रवास के दौरान शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचकर उन्होंने कक्षाओं का भ्रमण किया। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्होंने पढ़ाई, विषयों की समझ, शिक्षक की उपस्थिति और अध्ययन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में चर्चा की। कई छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ अपने विषयों से जुड़े उत्तर दिए, जिस पर कलेक्टर ने उनकी सराहना की। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि वे छात्रों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करें। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और शौचालय की स्थिति का भी कलेक्टर ने अवलोकन किया और जरूरी सुधार हेतु सुझाव दिए।

खाद-बीज केन्द्रों की जांच में अनियमितता, लाइसेंस सस्पेंड

बिना वैध अनुज्ञप्ति हो रहा था संचालन

खैरागढ़/नवप्रदेश। कृषकों को गुणवत्तायुक्त खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कृषि विभाग द्वारा जिले में सघन जांच अभियान जारी है।

निरीक्षण के दौरान शहर के किलापारा स्थित कृषि केन्द्र गुलाब एग्रो एजेंसी प्रतिष्ठान में औचक निरीक्षण और जांच के दौरान प्रतिष्ठान में मशीन व गोदाम में उपलब्ध खाद के भौतिक सत्यापन में गंभीर अनियमितताएं मिलने के बाद संबंधित प्रतिष्ठान को कारण बताओ नोटिस जारी किया किया। निर्धारित समयावधि में कोई जवाब न मिलने पर उपसंचालक कृषि द्वारा प्रतिष्ठान की उर्वरक अनुज्ञप्ति 21 दिनों के लिए निलंबित की है।

बीज निरीक्षक लुकमान साहू और टीम ने कमलेश कृषि केन्द्र, बकरकट्टा का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पता चला कि बिना वैध अनुज्ञप्ति के केन्द्र का संचालन किया जा रहा है।

धान बीज का अवैध रूप से भंडारण और विक्रय हो रहा था। तत्काल कार्रवाई करते हुए बिक्री पर रोक लगाकर बीज सामग्री जब्त की।

प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। कृषि विभाग अधिकारियो ने बताया कि अनियमितताओं पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

पाताल भैरवी मंदिर में सुंदरकांड महोत्सव का 2052 वां पाठ 6 को

■ **महामंडलेश्वर गोविंद जी महाराज के सानिध्य में 108 जोड़े करेंगे सुंदरकांड पाठ**

■ **बर्फानी सेवा आश्रम समिति के संयोजकत्व में होगा आयोजन**



राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री श्याम के दीवाने व हनुमान भक्तों के द्वारा सुंदरकांड महोत्सव की 19 वीं माला यानी 2052 वां सुंदरकांड पाठ बर्फानी सेवा आश्रम समिति के तत्वाधान में 6 जुलाई देवशयनी एकादशी के दिन बर्फानी आश्रम मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा। श्री श्याम के दीवाने, हनुमान भक्तों और बर्फानी सेवा आश्रम समिति की ओर से राजेश मारु, आलोक बिंदल, गणेश प्रसाद शर्मा, दीपक जोशी ने बताया कि महोत्सव के दौरान श्री 108 महामंडलेश्वर स्वामी गोविंद महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने के पितामह राजेश शर्मा और प्रखर हनुमान सेवक गणेश मिश्रा की जोड़ी विराजमान होकर सुंदरकांड का वाचन करेगी। समिति की दीपा शर्मा, रिंकू मिश्रा, दीपक अग्रवाल, संतोष हुंका ने बताया कि सुंदरकांड की एक माला अर्थात 107 पाठ पूरे होने पर 108 वां पाठ महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अभी तक 19 वीं माला के 107 पाठ पूर्ण हो चुके है, 19 वीं माला का 108 वां पाठ अर्थात 2052 वां पाठ देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में आयोजित है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को सुबह 10 बजे से हमारे हनुमान जी का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती होगी। शाम 5:31 बजे से श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के साथ 108 भक्त जोड़ो द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।

बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने शुक्रवार को शाम जिला चिकित्सालय बेमेतरा का निरीक्षण किया।

एमसीएच बिल्डिंग में प्रसव कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), एसएनसीयू वार्ड समेत अन्य चिकित्सा इकाइयों का

गहन अवलोकन किया। इस दौरान डॉ. शर्मा ने अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही इलाज एवं देखरेख की सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने चिकित्सा स्टाफ द्वारा दी जा रही सेवाओं और अस्पताल परिसर में उपलब्ध स्वच्छता एवं सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद नीतू कोठारी, आयोग की सदस्य निवेदिता जोशी, प्रफुल्ल शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक निराला, मेट्रन, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ. स्वाति यदु, जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, फीडिंग डेमॉन्स्ट्रेटर दीप्ति धुरंधर समेत अन्य चिकित्सकीय स्टाफ एवं मरीजों के परिजन मौजूद थे।

बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

बालोद। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 25-26 के अंतर्गत फसलों की बीमा 1 जुलाई से प्रारंभ हो गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि पीएम फसल बीमा योजनांतर्गत धान सिंचित एवं धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूंगफल्ली, अरहर, उड़द, मूंग, कोदो, गुटकी, रागी फसलों को अधिसूचित किया गया है। योजनांतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि खरीफ मौसम हेतु 31 जुलाई निर्धारित की है।

प्राइवेट कंपनी की पाइप लाइन मामले की जानकारी लेने पहुंचे पीसीसी चीफ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आज अचानक जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू के गांव पहुंचे। वहां उन्होंने फुलझर में स्थापित बायो फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अवैध तरीके से आसपास के जलाशय से अवैध तरीके से पाइपलाइन बिछाकर पानी लिए जाने की शिकायत को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े का कार्यक्रम होने के बाद इस मामले में एक्शन लिया जाएगा। इस मौके पर देवलाल साहू, पूर्व सरपंच टेडेसरा तुलदास साहू पूर्व जनपद सदस्य, टीकम साहू घिरी, रतन साहू घिरी, टीकम साहू कोपेडीह, श्रवण कोपेडीह, रामकुमार साहू नवागांव, लक्की चंद्राकर, लोमश साहू,भवानी राजपूत, शत्रु देशमुख, नारायण साहू, अमरसिंह साहू, सिद्धार्थ डोंगरे, डेरहा साहू, मनोज साहू, नारायण साहू, अजय ठाकुर, राजेंद्र साहू, सतीश साहू, पप्पू, सुनील कोठारी उपस्थित थे।

नागरिकों ने पुलिस से की बाइक स्टंटबाजी और शराबखोरी की शिकायत

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला पुलिस द्वारा आयोजित होने वाले थाना दिवस का आयोजन गुरुवार को वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा और बकरकट्टा थाना में किया गया। पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य और एसपी लक्ष्य शर्मा की मौजूदगी में उपस्थित ग्रामीणों से शिकायतों और समस्याओं की जानकारी ली गई। स्थानीय जन प्रतिनिधियों और आमजनों ने अधिकारियो से खुली चर्चा के दौरान मादक पदार्थों की बिक्री, शराबखोरी, यातायात नियमों की अनदेखी कर स्टंटबाजी कर रहे वाहन चालकों पर कार्यवाही करने, नाबालिकों द्वारा वाहन चलाने, छात्र-छात्राओ द्वारा शैक्षणिक

संस्थानो के बाहर खुलेआम धुम्रपान, आवारा जानवरों के कारण अव्यवस्था, सड़क दुर्घटना के संबंध में शिकायत की गई शिकायत, सुझाव सुनने के बाद त्वरित कार्यवाही करने संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। लोगों को साइबर जागरूकता, महिला व बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने साइबर अपराध की जानकारी दी गई। जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी थाना दिवस पर अलग-अलग थानों में जाकर समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान गंडई एसडीओपी मानक राम कश्यप द्वारा थाना गण्डई एवं मोहगांव, एसडीओपी खैरागढ़ प्रदीप येरेवार द्वारा थाना खैरागढ व ठेलकाडीह, उप पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्रा द्वारा थाना छुईखदान व पुलिस चौकी जालबांधा, साइबर सेल प्रभारी धर्मेंद्र वैष्णव द्वारा थाना गातापार में शिकायतों और समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। पुलिस अफसरों ने साइबर अपराध एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। थाना दिवस पर साल्हेवारा एवं बकरकटटा मे उपस्थित स्कूली छात्रों को महानिरीक्षक शांडिल्य व एसपी शर्मा ने दैनिक जरूरतों के सामान, रैनकोट, स्कूल बैग, कापी, पेन, चाकलेट प्रदान किया। आयोजन में रक्षित निरीक्षक के देवराजू, अम्बरीश शर्मा मौजूद रहे।

कलेक्टर ने किया प्राकृतिक खेती कलस्टर का निरीक्षण

जिले में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने निरीक्षण किया। ग्राम रोड अतरिया में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत आयोजित सोयाबीन फसल प्रदर्शन एवं परम्परागत कृषि विकास योजना अंतर्गत अरहर फसल प्रदर्शन क्षेत्र का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत ग्राम गेरूखदान में रसायन मुक्त कोदो एवं अरहर की फसल ली जा रही है।

जिले में 4 निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उर्वरक बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

■ **93 सहकारी एवं निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया**

बालोद/नवप्रदेश। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में लगातार उर्वरक गुण नियंत्रण के तहत सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय परिसर का निरीक्षण कृषि विभाग के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। अब तक 93 सहकारी एवं निजी कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है, जिसमें अनियमितता पाये गये 25 उर्वरक विक्रय केन्द्रों को उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत नोटिस जारी कर, 4 निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है। जिसमें विकासखण्ड गुण्डरदेही में चन्द्राकर कृषि केन्द्र सिकोसा, सार्वा सेवा कृषि केन्द्र गुण्डरदेही एवं विकासखण्ड डौण्डी में कोठारी कृषि केन्द्र व सुन्दर कृषि केन्द्र खलारी शामिल है। मैदानी अमलों के द्वारा डीएपी के विकल्प के रूप में 20:20:0:13, एनपीके, 12:32:16 एवं नैनो डी.ए.पी. नैनो यूरिया का उपयोग करने हेतु समझाईस दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में कृषकों को निर्धारित दर पर एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही अनियमित्ता पाये जाने पर उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जा रही है। उप संचालक कृषि ने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में उर्वरक गुण नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय व विकासखण्ड स्तरीय दल का गठन किया गया है। गठित टीम द्वारा सतत् निरीक्षण व मॉनिटरिंग की प्रक्रिया जारी है।

प्रथम पेज का शेष

7 सेतो क्या ऐसे मिलती ...

पहुंचने से पहले ही सारी जानकारी लीक कर दी। इसके बाद मेडिकल कालेज ने घोस्ट फैकल्टी, नकली मरीज और फर्जी अटेंडेंस जैसे फार्मूले अपनाते हुए मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिये सभी आवश्यक मानदंडों पर खरा उतरने की तैयारी कर ली।

सिंडीकेट का एक ही मकसद था कि हर हाल में एनएमसी की रिपोर्ट के आधार पर मेडिकल कॉलेज की मान्यता मिल जाए। आपको बता दें कि इससे पहले भी रावतपुरा मेडिकल कॉलेज पर फर्जी फिंगरप्रिंट सहित अस्थायी स्टाफ और डमी मरीजों के इस्तेमाल के आरोप लग चुके हैं।

एक जुलाई को 6 की गिरफ्तारी के बाद हुए कई खुलासे- सीबीआई ने एक जुलाई को छह लोगों को 55 लाख की रिश्वत लेते हुए बैंगलुरू में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार लोगों को रायपुर की सीबीआई अदालत में पेश किया गया। जहां उन्हें 5 दिन की रिमांड पर भेजा गया। पूछताछ और उनके ठिकानों की तलाशी के दौरान दस्तावेजी व डिजिटल साक्ष्य के आधार पर 36 लोगों की भूमिका का पता चला। इस आधार पर रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च के चेयरमैन सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है।

मान्यता दिलाने 1.62 करोड़ की डील

श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के लिये 1.62 करोड़ रुपये की डील हुई थी। जांच में यह स्पष्ट हो गया कि आरोपी डॉक्टरों और कुछ अफसरों ने कॉलेज प्रबंधन से मिलीभगत की थी।

ये हैं 35 आरोपी जिनके खिलाफ सीबीआई ने दर्ज किया केस

मयूर रावल, रजिस्ट्रार, गीतांजलि यूनिवर्सिटी, उदयपुर, राजस्थान, आर. रणदीप नायर, प्रोजेक्ट हेड, टेकइन्फी सॉल्यूशन्स प्रा. लि., नई दिल्ली, रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च रायपुर, छत्तीसगढ़, रविशंकर महाराज, चेयरमैन, रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, रायपुर, अतुल कुमार तिवारी डायरेक्टर, रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज, नवा रायपुर, डी. पी. सिंह कुलपति, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफसोशल साइंसेज, मुंबई, डॉ. अतिन कुंडू रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज, नवा रायपुर, लक्ष्मीनारायण चंद्राकर अकाउंटेंट, रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज, नवा रायपुर, संजय शुक्ला रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज, नवा रायपुर, डॉ. मंजप्पा सी एन. प्रोफेसर (ऑर्थोपेडिक्स), मंड्या इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मांड्या, कर्नाटक, निरीक्षण दल के सदस्य, डॉ. सतीश बेंगलुरु, निरीक्षण दल के सदस्य, डॉ. चैत्रा एम. एस., निरीक्षण दल की सदस्य, डॉ. पी. रजनी रेड्डी, निरीक्षण दल की सदस्य, डॉ. अशोक शेल्के, निरीक्षण दल के सदस्य, डॉ. जीतू लाल मीणा, संयुक्त निदेशक एवं डिवीजन प्रमुख, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नई दिल्ली, पूनम मीणा अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, धर्मवीर अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, पियूष मल्यान, अनुभाग अधिकारी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, अनूप जायसवाल, अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय, राहुल श्रीवास्तव अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय, चंदन कुमार अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय, दीपक अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय, मनिषा अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय

त्रिनिदाद एंड टोबैगो में ....

पहले दुनिया को ऐसे अनेक विषयों में नई दिशा दिखाई थी। मुझे विश्वास है कि 21वीं सदी की दुनिया के लिए भी बिहार की धरती से नई प्रेरणाएं और नए अवसर निकलेंगे।

'रामायण' से 'महाकुंभ'....

उन्होंने कहा, वो समय अब दूर नहीं है कि जब कोई भारतीय चंद्रमा पर पहुंचेगा और भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। हम अब तारों को सिर्फ गिनते नहीं हैं, आदित्य मिशन के रूप में उनके पास जाने का प्रयास करते हैं। हमारे लिए अब चंदा मामा दूर के नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बिहार की विरासत को भारत के अलावा उसे दुनिया का भी गौरव बताया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र हो, राजनीति हो, कूटनीति हो, उच्च शिक्षा हो, बिहार ने सदियों पहले दुनिया को ऐसे अनेक विषयों में नई दिशा दिखाई थी। मुझे विश्वास है कि 21वीं सदी की दुनिया के लिए भी बिहार की धरती से नई प्रेरणाएं और नए अवसर निकलेंगे।

कोई भी नेता संविधान से ...

को जाता है। मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि तेलंगाना में ऐसी सरकार थी, जिसके पास बहुत सारा पैसा था। वे कहते थे कि राज्य में केसीआर के अलावा किसी और की सरकार नहीं बनेगी। आपने ऐसे लोगों को हराकर कांग्रेस की सरकार बनाई और तेलंगाना में पार्टी को मजबूत किया।

ओडिशा : हीराकुंड बांध ...

यह 603.02 फीट तक पहुंच गया है, जबकि बांध की अधिकतम भंडारण क्षमता 630 फीट है। जलाशय में पानी का प्रवाह 99,467 क्यूसेक प्रति सेकंड दर्ज किया गया है। वहीं मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई है, जिसके कारण जलाशय में पानी का स्तर और बढ़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए बांध से पानी छोडऩे का निर्णय लिया गया है ताकि जलाशय की क्षमता को नियंत्रित किया जा सके और बाढ़ की स्थिति से बचा जा सके। हीराकुंड बांध के अधिकारियों ने संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए ओडिशा के 13 जिलों के कलेक्टरों को अलर्ट जारी किया है। कलेक्टरों को निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने और स्थानीय लोगों को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

महानदी और उसकी ...

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से नदी तटों से दूर रहने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमें तैयार की गई हैं। हीराकुंड बांध ओडिशा के लिए जल प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस बार भी प्रशासन इसे प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है।

हिमाचल में जल...

परिवारों को 5000 रुपये किराये के मकान में रहने के लिए उपलब्ध करवाए जाएंगे... मंत्रिमंडल के सदस्य बैठकें कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

अब तक मंडी जिले से 348 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। यहां 154 मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं, 31 वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, 106 पशुशालाएं और दो दुकानें ढह गई हैं, जबकि 14 पुल बह गए हैं। इस तबाही में 165 मवेशियों की मौत भी दर्ज की गई है। भारी बारिश और भूस्खलन से प्रदेश का बुनियादी ढांचा हिल गया है प्रदेश भर में246 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं, जिनमें अकेले मंडी में 145 सड़कें शामिल हैं। कुल्लू में 36, सिरमौर में 25 और शिमला में 22 सड़कें बंद हैं।

5000 शिक्षकों की सीधी ...

की गई है, प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर 2008 के सेटअप की प्रासंगिकता नहीं रह गई है. ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो किसी भी प्रकार की अनियमितता में संलिप्त पाए गए, उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

नदी में बह गए एयरफोर्स ...

शासन द्वारा जवान के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है।

न्यूज गैलरी

जिले में किसान जवान, संविधान जनसभा के संयोजक बने पुकेश

दुर्ग (अंजोरा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में प्रभारी और जिला संयोजक की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने दुर्ग जिले में कांग्रेस नेता दाऊ पुकेश चंद्राकर को जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया है। पुकेश ने बताया कि जिले में किसान खाद, बीज से लेकर अल्पकालीन कृषि ऋण को लेकर समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिले के सैंकड़ों किसानों को लेकर रायपुर कूच किया जाएगा।

भिलाई में रहवासी संघ का गठन

भिलाईनगर। सूर्या विहार खम्हरिया 493 यूनिट में रहवासी संघ का गठन किया गया है। भिलाई शहर के नागरिकों को नगर निगम भिलाई से मिलने वाली सुविधाओं में रहवासी संघ अपनी सहभागिता निभाएगी। रहवासी संघ के गठन का उद्देश्य परिसर क्षेत्र में विद्युत, जल, सिवरेज की निकासी, साफ-सफाई, सुरक्षा व अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करना है।

राजनीतिक पार्टियों को निर्वाचन आयोग की नोटिस

दुर्ग। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय आदिवासी बहुजन पार्टी के अध्यक्ष, पुष्पक नगर जुनवानी रोड भिलाई जिला दुर्ग और राष्ट्रीय समाजवादी स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष, प्लाट नंबर 33/34 लक्ष्मी नगर रिसाली दुर्ग को वर्ष 2019 से पिछले 6 वर्षों में लोकसभा या किसी राज्य विधानसभा उपचुनाव में किसी भी चुनाव में उम्मीदवार खड़ा न करने के चलते कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन पार्टियों को 11 जुलाई को सुनवाई के लिए कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी में उपस्थित होने कहा गया है। सुनवाई के दौरान दल के अध्यक्ष/ महासचिव/प्रमुख को अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

धान संग्रहण केन्द्रों में सड़क मरम्मत कार्य प्रारंभ

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिले के धान संग्रहण केन्द्र सेलूद और अरसनारा अंतर्गत सड़क मरम्मत का कार्य प्रारंभ हो गया है। संग्रहण केन्द्र के सड़कों में गड्ढे में मलबा और मुरूम भरा जा रहा है। अब धान परिवहन व्यवस्था सुगम होगी। धान से लोडेड ट्रक के कीचड़ में फंसने की समस्या नहीं होगी। इससे धान परिवहन में तेजी आएगी। संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव भी तेज गति से होगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हाल ही में धान संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर सड़कों के गड्ढे, मलबों और मुरुम से भरने के निर्देश दिये थे। अरसनारा संग्रहण केन्द्र में नगर पालिका अहिवारा और जामुल से मलबा लाया जा रहा है। सेलूद संग्रहण केन्द्र में भिलाई-03 चरौदा निगम से मलबा लाया जा रहा है। संग्रहण केन्द्र में ट्रकों के आवाजाही हेतु गड्ढों में मलबे व मुरूम डालकर मार्ग मरम्मत किया जा रहा है।

चरौदा निगम की कार्यप्रणाली से सांसद नाराज, व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

पीएम आवासों में सोकपिट के निर्माण पर जिला प्रशासन को दी बधाई

■ **अस्पतालों में डॉक्टरों की अनिवार्य उपस्थिति के दिये निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जिले में संचालित राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद बघेल ने अटल मिशन जीर्णोद्धार, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान सभी निकायों को निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस संबंध में नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। सांसद बघेल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विकास कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से होने चाहिये। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र नागरिक इससे वंचित न रहे। सांसद ने कहा कि नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करें, ताकि कार्यों की प्रगति की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा सके। किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी पर समय रहते कार्यवाही होनी चाहिये। उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वृक्षारोपण तथा सोखपीट निर्माण को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। एक वृक्ष मां के नाम पर अभियान की तर्ज पर एक सोखता अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बनाना चाहिये, ताकि उन्हें कभी पानी की कमी न झेलनी पड़े। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत पीएम आवास योजना के लाभार्थियों द्वारा स्वप्रेरणा से 1716 सोकपीट का निर्माण किया गया है। जल बहाव क्षेत्र में कुल 300 सोकपीट निर्माण की योजना है, जिनमें से 75 सोकपीट का निर्माण पूरा हो चुका है। सांसद बघेल ने इस प्रयास और स्वप्रेरणा से किए गए कार्यों के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान 25 आंगनबाड़ी भवनों के जर्जर होने की जानकारी दी गई। सांसद ने नए भवनों की स्वीकृति मिलते ही पुराने जर्जर भवनों को तत्काल ध्वस्त कर नए भवनों का निर्माण प्रारंभ करने कहा। बघेल ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि डॉक्टरों की उपस्थिति हर अस्पताल में अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। डॉक्टरों के अभाव में मरीजों को इधर-उधर भटकना न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बघेल ने कहा कि धान की फसल के लिए अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है। किसानों को सूर्यमुखी जैसी वैकल्पिक फसलों की ओर प्रेरित करने का सुझाव दिया। ताकि कम पानी की जरूरत हो। सांसद ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में घर-घर कचरा एकत्रीकरण की तरह सभी ग्रामों में नियमित रूप से कचरा संग्रहण किया जाना चाहिए। प्रत्येक ग्रामीण घर से प्रतिमाह 20 रुपए लिए जाएं, जिससे स्वच्छता दीदियों को प्रोत्साहन मिल सके। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक अहिवारा डोमनलाल कार्सेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष कुलेश्वर देवांगन, जनपद धमधा अध्यक्ष लिनेन साहू, जनपद पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा सहित सभी विभाग के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

शहर की सफाई व्यवस्था बदतर, गंदगी और बदबू से नागरिक परेशान : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने आज सुबह से तीन घंटे तक लगातार वार्डों का दौरा करते हुए सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। वोरा ने कहा कि पूरे शहर में गंदगी और बदबू से लोग परेशान हैं। पूर्व में नगर निगम द्वारा महासफाई अभियान चलाया गया था, लेकिन अभियान पूरी तरह फ्लाप रहा। शहर में दोबारा बेहतर और प्रभावी तरीके से महासफाई अभियान शुरू किया जाना चाहिये। वोरा ने आज सुबह वार्ड 13 (मोहन नगर) का दौरा किया। मोहन नगरवासियों से सफाई को लेकर हो रही अव्यवस्था के मामले में वोरा को लगातार शिकायतें मिल रही थी।

आज भ्रमण के दौरान गंदगी दिखाते हुए नागरिकों ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने वोरा से पहल करने की मांग की। स्थानीय निवासियों ने कहा कि क्षेत्र में अनेक स्थानों पर नालियाँ पूरी तरह जाम हैं। साफ-सफाई के अभाव में सांप, बिच्छू और चूहों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था ठप रहती है। वातावरण में दुर्गंध है। निरीक्षण के दौरान वोरा के साथ इंजीनियर, सफाई दरोगा, सफाईकर्मी, स्थानीय कार्यकर्ता व नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, परमजीत सिंह भुई, शशांक (सनी) साहू, पप्पू श्रीवास्तव, बबलु चावड़ा व अशोक श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे। वोरा ने कहा कि दुर्ग शहर की वर्तमान सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यह न केवल जनस्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि एक विकसित नगर की गरिमा के भी विपरीत है। स्थानीय निवासियों ने भी खुलकर समस्याएं बताते हुए कहा कि शहर के हालात संतोषजनक नहीं हैं। वोरा ने वार्ड 26 का दौरा किया। पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा के वार्ड में भी हालात बदतर दिखे। दुर्ग गुरुद्वारा के समीप पुल के नीचे एक पुरानी पाइपलाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पाई गई, जिससे प्रतिदिन हजारों गैलन पेयजल व्यर्थ बह रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस समस्या की ओर पूर्व में भी ध्यान आकर्षित कराया गया था, परंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शहर के बीचोंबीच इतनी बड़ी मात्रा में पेयजल का निरंतर अपव्यय चिंताजनक है। यह न केवल संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि व्यवस्था की उदासीनता को भी दर्शाता है। ऐसी स्थितियों पर शीघ्र और गंभीर कार्यवाई करना चाहिये। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि शंकरनाला की सफाई के बाद निकला कचरा दो महीनों से उसी अवस्था में पड़ा है। कचरे के समय पर निष्पादन न होने के कारण क्षेत्र में संक्रमण फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ है, जिससे जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस दौरान पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी भी उपस्थित रहे।

वोरा ने वार्ड 34 का दौरा किया। यहां की गलियों में गंदगी, जलभराव और दुर्गंध से लोग परेशान दिखे। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होती, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका है। तीनों वार्डों की सफाई व्यवस्था देखने के बाद वोरा ने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी निलेश अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से दूरभाष पर चर्चा की, उन्हें जमीनी स्थिति से अवगत कराया और तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा।

विधायक चंद्राकर ने किया सरपंच संघ के पदाधिकारियों का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। नगपुरा स्थित आरोग्यम सभागृह में सरपंच संघ की बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सरपंच संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया। पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी ग्रामों में विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु सरपंचों से चर्चा की। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के शीघ्र निराकरण और नागरिकों की समस्याओं के स्थायी समाधान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर जपं अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिपं सदस्य श्रद्धा साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष ओमेश्वर यादव, पूर्व जप अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, पूर्व जप सदस्य भाना बाई ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, फत्तेलाल वर्मा, दिनेश देशमुख, मंडल उपाध्यक्ष शिव निषाद, ओमकार देवांगन, दिव्या साहू, नारायण साहू, मंडल महामंत्री चेतन साहू, यामिनी हरमुख, मण्डल मंत्री ओम सिंह गर्ग, हरिनारायण यादव, झमनेश देशमुख, रेखा यादव, रामकली साहू, चमन यादव, विनोद साहू, संदीप चंद्राकर, अनुसूइया साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, उपाध्यक्ष धुपेन्द्र देशमुख, करण सेन, सचिव विजेंद्र साहू, सह सचिव भुनेश्वरी कुर्रे, संगठन सचिव मंजू वर्मा, संगठन सह सचिव गीता गजपाल, कोषाध्यक्ष भागवत पटेल, मीडिया प्रभारी जितेंद्र सोनी, सह मीडिया प्रभारी पूजा चंद्राकर, दुलारी देशलहरे, खिलेश्वरी चंद्रशेखर बंजारे व विभिन्न ग्रामों के सरपंच मौजूद थे।

यूआरएम ने जून' 2025 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया



भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल ने जून' 2025 माह में विभिन्न प्रोडक्शन पैरामीटर्स रोलिंग, फिनिशिंग, पैनल वेल्डिंग और पैनल निरीक्षण में नए कीर्तिमान स्थापित किए है। मिल ने 83,046 टन प्राइम रेल उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो मार्च' 2024 में दर्ज पिछले उत्पादन रिकॉर्ड 82,964 टन से अधिक है। इस कड़ी में यूआरएम ने जून 2025 माह में 10,999 नग रोलिंग, 86,150 टन फिनिशिंग 5,140 नग पैनल वेल्डिंग और 5,172 नग पैनल निरीक्षण का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। शॉप ने प्रथम तिमाही में भी प्राइम रेल, फिनिश्ड रेल और रोलिंग के क्षेत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करते हुए क्रमशः 2.31 लाख टन, 2.40 लाख टन और 30,805 नग उत्पादन किया है। आने वाले समय में शॉप अपनी रेटेड क्षमता को प्राप्त कर, भारतीय रेल की उच्च गुणवत्ता वाली रेल की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। संयंत्र कार्यपालक निदेशक वर्क्स राकेश कुमार ने इस उपलब्धि पर यूआरएम टीम को बधाई दी और इसे संभव बनाने में फ्रंटलाइन वर्कर्स की मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कार्यस्थल की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने तथा सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस उपलब्धि पर यूआरएम व शॉप टीम को बधाई देते हुए महाप्रबंधक प्रभारी यूआरएम विशाल गुप्ता ने कहा कि यह सफलता टीम की निरंतर निरक्षण और रखरखाव तथा कठिन परिश्रम से प्राप्त हुई है। उन्होंने एसएमएस-2 एवं 3, ट्रैफिक, पीपीसी, आरसीएल, इंस्ट्रूमेंटेशन, ए.एंड.डी. विभागों एवं इंस्पेक्शन एजेंसी राइटस के सहयोग एवं केंद्रीय व शॉप अनुरक्षण टीमों के महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक : दुर्घटनाएं रोकने की गई रायशुमारी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संयुक्त सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिये रायशुमारी की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और उसके रोकथाम के उपायों पर रायशुमारी की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं और असमय मौत को रोकने हेतु कारगर पहल करना समिति का मुख्य उद्देश्य है। सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव और कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होना चाहिए, लेकिन यह ध्यान रखा जाए कि कार्रवाई के नाम पर आम जनता परेशान न हो। राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटनाएं रोकने सभी आवश्यक पहल किया जाए। समयबद्ध ढंग से एक-एक करके अनावश्यक डिवाइडर को बंद कराया जाए। बैठक में नेशनल हाइवे 53 में सर्विस रोड व मुख्य मार्ग के बीच सड़क बेरियर लगाने जाने, अतिक्रमण हटाने, रोड मार्किंग व समुचित प्रकाश व्यवस्था, ज्योति कटिंग/जनता कटिंग को बंद कर रेल नगर चरोदा कटिंग को खोलने, मार्केट एरिया व व्यवसायिक संस्थानों के सामने रोड को व्हाईट पट्टी से मार्किंग, शहर के प्रमुख चौक-चौराहे पर लेफ्ट टर्न बनाने, दुर्घटना में घायलों की प्राथमिक उपचार के लिये एम्बुलेंस की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे संचालित शराब दुकानों को अन्य जगह स्थानांतरित करने। नो एन्ट्री जोन, गुरूद्वारा तिराहा से दुर्ग शहर की ओर और अंजोरा बायपास से पुलगांव दुर्ग शहर की ओर भारी मालवाहकों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने, बस स्टैण्ड, सुलभ शौचालय के पीछे सिंचाई विभाग के रिक्त भूमि पर पार्किंग स्पेस तैयार कराने, राजेन्द्र पार्क चौक, शहीद चौक व पुलगांव चौक से जेल तिराहा तक मीडियम साइज डिवाइडर बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए उत्साहपूर्वक निकला युवा श्रद्धालुओं का जत्था

कुम्हारी/नवप्रदेश। तीन वर्षो से नगर के श्रद्धालु युवाओं का जत्था देवाधिदेव भगवान शंकर के दर्शनार्थ अमरनाथ तीर्थ यात्रा करने जा रहा है। उनकी पवित्र यात्रा का शुभारम्भ पहलगाम से होगा। युवाओं के इस यात्रा के लिए राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने युवाओं से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। यात्रा में आशीष शुक्ला, विकास शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, अम्बुज सिंह, सतीश यादव, सात्विक तिवारी, आलोक दुबे, मनीष श्रीवास्तव, गिरीश सोनी, मनोज पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, मोहित पटेल आदि शामिल हैं।

आयुक्त ने किया ट्रेफिक पार्क और मंगल भवन का निरीक्षण

भिलाई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन 5 क्षेत्र का निरीक्षण किया। जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ पहुंचे आयुक्त ने सिविक सेंटर स्थित खंडहर हो चुके ट्रैफिक पार्क के नवीनीकरण कार्य का अवलोकन किया। 149.31 लाख की लागत से ट्रैफिक रूल, सिग्नल रोड, ब्रेकर, जेबरा क्रासिंग, बस स्टाप को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। ट्रैफिक पार्क के बाहरी दीवारों पर न्यूरल आर्ट से ट्रैफिक के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने संदेश दिया गया है। यह सभी युवा वर्ग के आकर्षण का केन्द्र होने के साथ भिलाई वासियों के लिए बहुत बड़ी सौगात रहेगा। कलरफुल फाउंटेन प्रवेश द्ववार के पास बना है। आयुक्त ने हुड़को में निर्माणाधीन मंगल भवन का अवलोकन किया। मंगल भवन का निर्माण 2.99 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। भवन में 29 रूम, बड़ा हाल, किचन, शौचालय, बिजली, पानी के साथ दुल्हा/दुल्हन के लिए सेप्रेट रूम और पार्किंग की सुविधा दी गई है, जिसमें 2 शादी एक साथ की जा सकती है। इसका संचालन निगम द्वारा किया जाएगा, भवन निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह उपस्थित थे।

नवाचार... पीपीपी मॉडल से कचरा प्रबंधन की जानकारी ली

आयुक्त ने रायपुर के एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्लांट का निरीक्षण किया

भिलाईनगर। नगर निगम रायपुर के 70 वार्डो में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के बाद एकीकृत ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण और निपटान के लिये ग्राम संकरी में प्लांट स्थापित किया गया है। जिले के अधिकारियों ने इसका अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे। प्लांट का अवलोकन करने दुर्ग, रिसाली, भिलाई-चरोदा और नगर पंचायत उतई, नगर पालिका जामुल के आयुक्त, सीएमओ व अधिकारीगण ने भी किया। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन हेतु पीपीपी मोड पे डिजाइन निर्माण, वित्त, संचालन एवं हस्तांतरण (डी.बी.एफओ.टी) के आधार पर कार्य किया जाता है। संचालनकर्ता एजेंसी डेल्ही एम.एस.डब्लू, साल्यूशन लिमिटेड के अफसरों ने बताया कि डी.बी.एफओ.टी एक प्रकार का सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल है, जहां एक पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल है। एक निजी संस्था स्वच्छता परियोजना के डिजाइन निर्माण वित्तपोषण, संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। संयंत्र में 6 साइंटिफिक लैण्डफिल साईट निर्मित है। लगभग 15 फीट ऊंचाई के प्लास्टिक परत युक्त तालाबनुमा बड़ी संरचना तैयार की गई है। एकत्रित अवशिष्ट का निपटान आसानी से किया जाता है। लिचेट ट्रिटमेंट प्लांट का भी निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से टैंक में एकत्रित लिचेट का ट्रीटमेंट कर वातावरण के अनुकूल बनाया जाता है। वृहद स्तर पर घरों से निकलने वाले गीले अपशिष्ट से खाद निर्माण और छानकर पेकिंग किया जा रहा है। रिसाइकलिंग के आधार पर प्लास्टिक अपशिष्ट का छोटा कतरन और धुलाई के बाद दाना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसे प्लास्टिक के अन्य सामग्री के निर्माण के लिये विभिन्न उद्योगों में सप्लाई किया जाता है।

लक्ष्य से 108 प्रतिशत ज्यादा बीज उपलब्ध

दुर्ग। खरीफ 2025 सीजन के लिए जिले में किसानों को बीज की उपलब्धता को लेकर कोई समस्या नहीं है। कृषि विभाग द्वारा विभिन्न फसलों के लिए 28,167 क्विंटल बीज की मांग की गई थी, जिसके मुकाबले धान, अरहर, सोयाबीन, उड़द, मूंग और रागी सहित कुल 29,649.78 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है। यह आंकड़ा मांग से 108 प्रतिशत अधिक उपलब्धता को दर्शाता है, जिससे किसानों को पर्याप्त बीज उपलब्ध हो पाया है। उपलब्ध बीज में से 27,178.10 क्विंटल बीज जिले की 87 सेवा सहकारी समितियों द्वारा किसानों को वितरण हेतु उपलब्ध कराया है। उपलब्ध बीज का लगभग 94 प्रतिशत उठाव किया जा चुका है।

छग मनवा समाज महिला कुम्हारी नगर इकाई की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

कुम्हारी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा समाज महिला कुम्हारी नगर इकाई द्वारा वार्ड 3 स्थित डॉ. खूबचन्द बघेल वाचनालय में मासिक बैठक का आयोजण किया गया। बैठक में हरेली उत्सव सहित अन्य कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से छ.ग. मनवा कुर्मी समाज कुम्हारी नगर महिला समाज अध्यक्षा योगिता वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज में अधिकांश महिलाएं और पुरुष शिक्षित हैं और हमारे समाज में अनेक संत व महापुरुष जिन्होंने समाज को आगे बढाने में अपना योगदान दिया है। उनकी शिक्षा और सीख को लेकर हम सभी को सतत आगे बढ़ना चाहिए । इस वर्ष हरेली उत्सव का नगर पालिका क्षेत्र में विशेष आयोजन कराया जाना है जिसका समस्त उपस्थित महिलाओं ने सहर्ष समर्थन किया। बैठक में सरिता बंछोर, सुनीता बंछोर, गंगा वर्मा, जमुना वर्मा, गोंदा वर्मा, भुवनेश्वरी बघेल, राधा वर्मा, निर्मला वर्मा, देवकी वर्मा, नन्दिनी वर्मा, वीणा वर्मा, पुष्पा वर्मा, रेखा वर्मा, अंजली वर्मा, कमला वर्मा, उर्वशी वर्मा, सहित समाज की महिलाएँ भारी संख्या में बैठक में उपस्थित थीं।

किसान करें नारियल की खेती, पुश पालन पर दिया जोर

■ नारियल की खेती के साथ ही मुर्गी पालन, बकरी पालन और पशु पालन पर दिया जोर

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसिया में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव की उपस्थिति में ''मां'' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत फरसिया,छिपली, देवपुर, सिहावा,छिपलीपारा, गोरेगांव,अमाली एवं सम्बलपुर के सरपंच, सचिव की बैठक लेकर ''माँ'' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के समग्र विकास पर विचार-विमर्श किया गया। तत्पश्चात सीईओ जिला पंचायत ने महानदी के किनारे लगे ग्राम पंचायतों के किसानों को नारियल पौधों के वितरण की योजना पर सार्थक चर्चा की गई तथा सहभागिता निभाते है कार्य को गति देने की बात कही गई। आगे उन्होंने आजीविका संवर्धन हेतु योजनाएं जैसे मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं अन्य पशुपालन गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सीईओ जिला पंचायत ने औषधीय पौधों के रोपण एवं उपयोगिता के बारे सरपंच सचिव को विस्तृत जानकारी से अवगत कराया तथा ष्माँष् अभियान को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करके स्थानीय संसाधनों के उपयोग से ग्रामीण आजीविका को मजबूती देने पर बल दिया गया। इससे पंचायतों के विकास और ग्रामीणों की आजीविका संवर्धन की दिशा में सहुलियत होगी।

वहीं सीईओ जिला पंचायत ने वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग के संबंधित अधिकारियों की बैठक आहुत कर प्रत्येक विभाग के कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिये। इस महत्वपूर्ण बैठक में में जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा धरम सिंह जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित बोर्झा एवं सरपंच, सचिव, विकासखंड स्तर के समस्त विभाग प्रमुख सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

दिलहरण पटेल ने 21 वीं स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता कांस्य

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 21वीं स्टेट सीनियर पुरुष महिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में किया गया जिसमें प्रदेश भर से 300 से अधिक खिलाड़ी एवम 100 ऑफिशियल्स ने भाग लिया। बलौदाबाजार भाटापारा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्राम रवान के दिलहरण पटेल ने 4ङ्ग100 मी रिले रेस में कांस्य पदक अपने नाम किया , इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के चैयरमैन जीएस बाम्बरा छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र आहूजा आयोजन समिति अध्यक्ष सौरभ लुनिया सह सचिव रवि शंकर धनकर , आदित्य सिंह श्रीमती रितिका यादव गौतम गोलछा जिला एथलेटिक्स संघ चैयरमैन अनुपम अग्रवाल , जिला खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर, शरद पंसारी वर्षा मिरी , गौतम मिरी ने विजेता खिलाडी को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

न्यूज गैलरी

पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद नगर में पुलिस ने अपराध रोकने को लेकर और शहर मे शांति व्यवस्था बनाए रखने की खातिर थाना प्रभारी राजेश जगत की अगुवाई में कुरूद पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दिया। उन्होंने शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन का सहयोग करने का भी आह्वान किया। कुरूद नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की खातिर कुरूद थाना प्रभारी राजेश जगत के नेतृतव में कुरूद पुलिस 1 जुलाई से रोजाना नगर में पैदल मार्च शुरु किया है। जो थाना चौक , पुराना बाजार सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, खेल मैदान, छोटा नहर , इंदिरा नगर, कचहरी चौक सहित नगर भर में मार्च पास्ट किया। पैदल मार्च के दौरान टी आई श्री जगत ने व्यापारियों से अपनी सुरक्षा व अपराधों की रोकथाम को प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। साथ ही अपराध रोकने के लिए प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ए एसआई सुरेश नन्द प्रधान आरक्षक रामसेवक बम्बोडे, गोपाल चंद्राकर, संतोष साहु, अश्वनी कुमार आदि आदि शामिल रहे।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 11 जुलाई को

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा कार्यालय परिसर में निजी प्रतिष्ठान जी. एस. एम. आर. सोलर प्रा. लिमि. तोरवा नाका बिलासपुर, आर्यभट्ट कॉलेज, कोपरा, जिला गरियाबंद एवं एन.आई.आई.टी. लिमिटेड, दुर्ग, जुनवानी स्मृति नगर भिलाई जिला दुर्ग में कंप्यूटर टीचर, असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी, इंग्लिश, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, भूगोल, गणित, रसायन, भौतिकी एवं वनस्पति शास्त्र) लिपिक, रिलेशनशिप मैनेजर, असिस्टेट मैनेजर, फिल्ड ऑफिसर के रिक्त 90 पदों पर भर्ती हेतु 11 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी प्रतिष्ठान में रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। निजी प्रतिष्ठान में रोजगार के इच्छुक उक्त विषय में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण आवेदक अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी अंकसूची, प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर, गरियाबंद में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ उठायें। उक्त पद की पूर्ति हेतु सेट/नेट/पी.एच.डी. उत्तीर्ण आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी। प्लेसमेंट कैम्प के संबंध में कार्यालयीन दूरभाष क्र. 07706-241269 एवं मोबाईल नम्बर 9329559607 में संपर्क कर सकते हैं।

नहर निर्माणकार्य में लेटलतीफी के चलते मुख्यमार्ग में आवागमन बंद

❖ कार्य के गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

रामानुजगंज/नवप्रदेश। महावीरगंज से चिनिया मुख्य डामरीकृत मार्ग को नहर निर्माण के नाम पर बरसात में ठेकेदार द्वारा खोद दिए जाने से महावीरगंज- चिनिया के बीच मुख्य मार्ग से आवागमन बंद हो गया है। विदित हो कि जल संसाधन विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जो कार्य 9 महीने में पूर्ण हो जाना चाहिए था वह लगभग 36 महीने में भी पूर्ण नहीं हो सका है वही करीब 20 दिन पूर्व महावीरगंज से चिनिया मुख्य डामरीकृत मार्ग को ठेकेदार द्वारा नहर निर्माण के लिए बरसात में खोद दिया गया है। जिससे मुख्य मार्ग बाधित हो गया है एवं सैकड़ो लोगों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है वही इस मार्ग से होकर जाने वाली यात्री बसें भी बंद हो गई है जिससे आम नागरिकों को आवागमन के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग के द्वारा चिनिया जलाशय की हेड वर्क एवं दो किलोमीटर नहर निर्माण का कार्य 2 करोड 14 लाख 29 हजार रुपए की लागत से 3 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था। यह कार्य 9 महीना में पूर्ण हो जाना चाहिए था परंतु 3 वर्ष के बाद भी यह अत्यंत मंथर गति से चल रहा है स्थिति यह है कि 20 दिन पूर्व यहां ठेकेदार के द्वारा महावीरगंज चीनीया मुख्य मार्ग को नहर निर्माण के लिए खोद दिया गया है जिस कारण से इस मार्ग से आना-जाना बंद हो गया है यहां तक की पैदल भी लोग आना जाना नहीं पा रहे है। मार्ग के अवरुद्ध होने से सैकड़ो लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

जिस प्रकार से जल संसाधन विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा कार्य अत्यंत मन्थर गति से चल रहा है वहीं इसके गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे है। कई बार स्थानीय ग्रामीणों ने गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े किए परंतु कार्य की मन्थर गति तेज नहीं हो सकी वही कार्य के गुणवत्ता में भी सुधार नहीं हो सका ऐसे में इसका कितना लाभ किसानों को मिल सकेगा वह देखने वाली बात होगी।

महावीरगंज से पहले लोग सीधे चिनिया होते रामचंद्रपुर सहित अन्य गांवों तक चल जाते थे परंतु रोड बाधित होने के कारण अब कनकपुर होकर 14 किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ेगा। वही यदि बगरा होकर जाते हैं तो यह 20 से अधिक किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना होगा। विजयनगर चौकी के द्वारा मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें कई गांव के लोग उपस्थित हुए थे।

इसमें ग्रामीणों ने एक स्वर में रोड बाधित होने की बात उठाई एवं नाराजगी व्यक्त की। जिस पर बैठक में उपस्थित तहसीलदार मनोज पैकरा द्वारा जल संसाधन विभाग के एसडीओ को तत्काल सड़क में आवगमन सामान्य करने के लिए निर्देश दिये।

9 माह का कार्य 36 माह में भी नहीं हो सका पूर्ण

अपनी कार्य प्रणाली के लिए शुरू से ही चर्चित रहा जन संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण ही चिनिया जलाशय के हेड वर्क एवं 2 किलोमीटर नहर निर्माण का कार्य जो 9 माह में पूर्ण हो जाना चाहिए था वह 36 माह में भी पूर्ण नहीं हो सका। ठेकेदार और विभाग की मिली भगत और लापरवाही से अत्यंत मंथर गति से चल रहे कार्य पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं कार्य यदि समय सीमा में पूर्ण होता तो इसका समुचित लाभ किसानों को मिलता।

स्कूल जाने, मेडिकल इमर्जेंसी में भी हो रही है परेशानी

चिनिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में बच्चे महावीरगंज स्कूल पढ़ने जाते हैं परंतु मुख्य मार्ग के खोद दिए जाने के कारण बच्चों का स्कूल आना-जाना मुश्किल हो रहा है किसी प्रकार दूसरे दूसरे मार्ग से बच्चे स्कूल जा रहे है। वही बरसात में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश सहित अन्य कई मौसमी बीमारियां फैलती हैं जिसके इलाज के लिए ग्रामीण रामानुजगंज अस्पताल पर ही निर्भर है। परंतु ठेकेदार द्वारा मुख्य मार्ग खोद दिए जाने से लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों सहित स्कूली बच्चों ने भी तत्काल मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है।

वनांचल क्षेत्र में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

गंड़ई/नवप्रदेश। गंड़ई पंडरिया विकास खंड छुईखदान के वन्नांचल क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक एवम् पूर्व माध्यमिक शाला भोथली मे एक साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया।इस कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष हेम्सिंग नेताम,सरपंच देवल सिंह,पूर्व सरपंचश्रीमती सुमिंत्रा कंवर एवम् वरिष्ठा शिक्षक श्री रघुबन राडेकर साथ ग्राम पंचायत के पंच, पालकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर पाठयपुस्तक गणवेश का वितरण कर स्वागत किया।शिक्षकों के द्वारा प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी सभी बच्चों को स्वयं के व्यय से टाई एवं बेल्ट का वितरण किया गया।शाला परिवार के द्वारा बच्चों को न्योता भोज भी कराया गया।कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के प्रभारी भूपेंद्र कुमार साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संजय धुर्वा,शिक्षक चंद्रप्रकाश धृतलहरें,गिरारमन माली, फिरंता मरकाम उपस्थित रहे।

राजनांदगांव में अब तक 638.8 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 638.8 मिमी बारिश एवं औसत 91.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 106.1 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 33 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 163 मिमी, घुमका तहसील में 125.5 मिमी, छुरिया तहसील में 72.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 73.5 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 64.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 163 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 72.1 मिमी एवं औसत 10.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 26.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 5 मिमी।

शिक्षा में कसावट लाने उपाध्यक्ष ने ली समन्वयकों की बैठक

बागबाहरा/नवप्रदेश। शिक्षा व्यवस्था में कसावट और सुधार को लेकर जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थाई समिति के अध्यक्ष तरुण व्यवहार ने शिक्षा विभाग व संकुल समन्वयकों की बैठक ली। बैठक का संचालन एबीओ रामता मन्नाडे ने किया। बैठक में 33 संकुल समन्वयकों ने अपने क्षेत्र की शालाओं की जानकारी दी।

उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की रीढ़ है, इसमें लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल आने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी स्कूलों में गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के बच्चों की पढ़ाई को बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि पालकों व ग्रामीणों को नवोदय, प्रयास और एकलव्य जैसे संस्थानों की जानकारी भी दी जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि ब्लॉक में 56 आहता विहीन, 85 जर्जर, 46 अति जर्जर और 8 भवन विहीन स्कूल हैं, जिनकी मरम्मत व निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्यवाही की जाएगी। बोकरामुड़ा कला के संकुल समन्वयक मेघराज साहू ने उपाध्यक्ष द्वारा पहली बार इस प्रकार की संयुक्त बैठक लेने पर आभार जताते हुए बेहतर कार्य का आश्वासन दिया। बैठक में राजकुमार ठाकुर, कमल नारायण चंद्राकर, भूपेश्वरी साहू समेत सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

ई-ऑफिस प्रणाली पर अधिकारी-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के सुगम संचालन को ध्यान में रखते हुए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को ई-ऑफिस संचालन को सरकारी कार्यालयों के दस्तावेजों को पेपरलैस करने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला कार्यालयों में आगामी समय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यालयों के अधिकारियों,-कर्मचारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सभी संयत्र के भवनों व आवासीय परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनवाएं

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में शुक्रवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीएसआर मद के तहत आवंटित कार्यों, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वृक्षारोपण पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर विभिन्न सीमेट सयंत्र सहित अन्य संयंत्रो के प्रमुख उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जल शक्ति मंत्रालय के निर्देशानुसार वर्षा जल संचयन के लिए पक्के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण पर जोर देते हुए सभी सयंत्र परिसर में स्थित भवनों तथा असवासीय परिसर के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण 31 जुलाई 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि कई भवनो का छत एक ही है तो पानी के प्राकृतिक बहाव की दिशा में बड़े आक़ार के एक संरचना बना सकते है लेकिन छत का पूरा पानी ड्रेन से जमीन में आना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2024 -25 में स्वीकृत कार्य व पूर्णता की समीक्षा करते हुए शेष कार्यो क़ो शीघ्र पूरा करनें तथा वर्ष 2025 -26 के लिए प्रस्तावित कार्यों का अनुमोदन पश्चात काम शुरु करने कहा। कलेक्टर ने बरसात में वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी सयंत्रो के द्वारा वृक्षारोपण का लक्ष्य अनुरूप पौधे लगाने कहा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण क़ो बढ़ावा देने के लिए सयंत्र क़ा जहाँ भी खाली जमीन है वहां वृक्षारोपण कराएं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर, श्यामा पटेल,उप संचालक खनिज के के बंजारे, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्टाम्प वेंडरों की रंगदारी | स्थानीय अधिकारियों सहित जिले में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी नहीं

जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनवाने वाले छात्र-छात्राओं को लूट रहे वेंडर

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामानुजगंज स्थानीय तहसील कार्यालय में उच्च अधिकारियों के नाक के नीचे स्टांप वेंडरों के द्वारा मनमाना रेट में स्टांप बेचा जा रहा है। जिसके शोषण का शिकार दूर दराज गांवों से आने वाले गरीब ग्रामीण एवं स्थानीय लोग हो रहे हैं स्थिति यह है कि स्टांप लेना लोगों के लिए टेढ़ी खीर हो गई है जब तक स्टांप वेंडरों को उनके हिसाब से रेट नहीं मिलता तब तक वे सामने वाले को स्टाम्प नहीं देते है।

गौरतलब है कि लंबे समय से रामानुजगंज में स्टांप वेंडरों के मनमानी के शिकार प्रतिदिन सैकड़ो लोग हो रहे हैं यहां स्थिति ऐसी है कि 10 का स्टांप 50 से 100 में बेचा जा रहा है वही 50 के स्टांप को 100 या उससे भी अधिक में बेचा जा रहा है। रामानुजगंज तहसील एवं एसडीएम कार्यालय में दूर दराज गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण आते हैं। स्कूल के छात्र-छात्राओं को आय, जाति, निवास के लिए जब शपथ पत्र की आवश्यकता होती है तो उनसे भी अनाप-शनाप राशि स्टाम्प के नाम पर ले ली जा रही है स्थिति ऐसी है कि छात्र-छात्रा शोषण का शिकार होने के बाद भी शिकायत किसी से नहीं कर पा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि स्थानीय अधिकारियों सहित जिले में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं है उनके द्वारा संज्ञान नही लेने के कारण स्टॉप वेंडरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। आवश्यकता है सक्षम अधिकारी इस मामले को संज्ञान में ले और इस मामले में कार्यवाही कर आम जनता को राहत प्रदान करें।

नही मिलता इ-स्टाम्प

तहसील कार्यालय में इ-स्टाम्प भी मनमानी रेट में बेचा जा रहा है। यदि किसी जरूरतमंद को इ-स्टाम्प की आवश्यकता है तो तहसील कार्यालय में बैठे वेंडरों द्वारा कागज नहीं है बोलकर उन्हें पहले तो स्टांप नहीं दिया जाता वहीं जिन विक्रेता के पास स्टांप उपलब्ध है उनके द्वारा 5 से 10 गुना रेट यह कहकर मांगा जाता है कि इसका कागज रायपुर से मांगने में खर्चा आता है। स्थिति ऐसी हो गई है कि लोग सब कुछ जानते हुए भी मजबूरी में ठगी का शिकार हो रहे हैं।

स्टांप के नाम पर मनमानी वसूली का खेल शुरू

स्टांप एवं इ स्टांप के नाम पर लंबे समय से रामानुजगंज में स्टांप वेंडर के द्वारा मनमानी पैसा लिया जा रहा है यहां स्थिति ऐसी हो गई है कि अनाप-शनाप रेट में स्टांप बेचना एक शिष्टाचार हो गया है जिसका पालन सभी कर रहे हैं अधिक रेट में स्टांप बेचने वालों की मनमानी ऐसी है कि बिना अधिक रेट लिए एक भी स्टांप नहीं बेचते हैं। यदि कोई इसका विरोध करता है तो फिर उसे किसी भी कीमत पर स्टांप नहीं दिया था।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दुकानों में दी दबिश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बारिश के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल, ढाबों, होलसेलर, रिटेलर, मिठाई दुकानों में विधिक एवं सर्विलांस नमूना जांच की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार क़ो 8 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर खाद्य पदार्थो की जांच की गई। एक दुकान में जलेबी व बूंदी लड्डू अवमानक पाए जाने पर नष्टीकरण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जांच टीम के द्वारा विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में कुल 8 संस्थानों से 45 खाद्य नमूने जांचे गए जिसमें से 2 खाद्य पदार्थ बूंदी लडडू और जलेबी अवमानक पाए जाने पर लगभग 4 किलोग्राम जलेबी और 3 किलोग्राम बूंदी लडडू का नष्टीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लगातार खाद्य जांच अभियान चलाया जाएगा ताकि बरसात के मौसम में अवमानक खाद्य सामग्री के विक्रय पर नियंत्रण लगाई जा सके।

स्टॉप डैम के मिट्टी धंसने से 40 वर्षीय व्यक्ति लापता दो दिनों से तलाश के बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

■ एनडीआरएफकी 33 सदस्यीय टीम की रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सरायपाली में स्थित रक्सा गांव के स्टॉप डैम के पास खड़े 40 वर्षीय शोभाराम पाण्डेय गुरुवार सुबह अचानक मिट्टी धंसने से लापता हो गए। रेस्क्यू ऑपरेशन दो दिनों से जारी है। अबतक लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। लापता व्यक्ति की खोजबीन जारी है। वहीं मौके पर प्रशासन की टीम भी डटे हुए हैं।

रक्सा गांव में गुरुवार की सुबस करीब 9 बजे ग्राम रक्सा निवासी शोभाराम पाण्डेय बही नाला पर बने स्टॉप डैम के किनारे खड़ा था। स्टॉप डैम की जिस मिट्टी पर खड़ा था वो अचानक धंस गई। मिट्टी के साथ शोभाराम भी बह गया। पास खड़े मछुआरों ने इस घटना की सूचना गांव वालों को दी। गांव कोटवार के माध्यम से पुलिस को जानकारी मिली। सिंघोड़ा पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। भिलाई से बुलाई गई एनडीआरएफ की 33 सदस्यीय टीम शुक्रवार सुबह से ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। इस दौरान स्टॉप डैम से मोटर पंप द्वारा पानी निकालने की कोशिश की गई, लेकिन अधिक समय लगने के कारण जेसीबी और पोकलेन मशीन से घटना स्थल से कुछ दूरी पर स्टॉप डैम से निकलने वाले पानी को दूसरी ओर डायवर्ट किया गया है। जिससे कि स्टॉप डैम का पानी सुखाया जा सके। इस बीच एनडीआरएफ टीम को बारिश के कारण बचाव कार्य में कठिनाई हो रही है। वहीं सुबह से ही मौके पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद डटी हुई है। इसके अलावा एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारी सहित प्रशासनिक अमला मौजूद है। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी शोभाराम का कोई सुराग नहीं मिला है। देर शाम समाचार लिखे जाने तक बचाव कार्य लगातार जारी है।

मां शीतला से मांगा बीमारियों से दूर रखने आशीर्वाद

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बेलसोंडा के ग्रामीणों ने गुरुवार को आराध्या देवी मां शीतला के दरबार में उत्साह के साथ माता पहुंचनी का पर्व मनाया। सरपंच श्रीमती प्रीति त्रिभुवन धीवर ने पंचों के साथ पहुंचकर मां शीतला की पूजा-अर्चना कर ठंडाई लेकर माता से बीमारियों से दूर रखने आशीर्वाद मांगा। मंदिर समिति की ओर से हल्दीयुक्त पानी, नीम की टहनियों से छिड़काव कर प्रसाद वितरण किया। शाम को सेवा समिति की ओर से मां शीतला मंदिर प्रांगण में सेवा गीता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोहन यादव, प्रेम चंद्राकर, नेतराम चंद्राकर, बलराम चंद्राकर, उदेराम सहित भक्तगण उपस्थित थे।

राज्यपाल डेका ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

महासमुंद/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका आज शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गौड़बहल पहुंचे। यहां उन्होंने अध्यापक की भूमिका में नजर आए और कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और कड़ी मेहनत का महत्व समझाते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल ने सरल भाषा में सी.वी. रमन इफेक्ट के बारे में जानकारी दी और बताया कि शिक्षा में भाषा कभी भी बाधा नहीं होती। उन्होंने कहा कि स्कूल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं है, बल्कि यह बौद्धिक विकास का केंद्र है। बातचीत के दौरान उन्होंने '3 इडियट्स' फिल्म का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों से फिल्म के सकारात्मक संदेश को अपनाने की सलाह दी। राज्यपाल श्री डेका ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति (इंफ्रक) के प्रमुख बिंदुओं से भी अवगत कराया और कहा कि यह नीति विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमताओं के अनुसार सीखने के अवसर प्रदान करती है। राज्यपाल ने जानकारी दी कि टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कक्षा 12वीं की छात्रा कु. दिव्या ने राज्यपाल से अपने लक्ष्य साझा करते हुए कहा कि वह यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से आईएएस बनना चाहती है। राज्यपाल श्री डेका ने उन्हें यूपीएससी की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए और धैर्य तथा कड़ी मेहनत करन के लिए प्रेरित किया। इसी तरह विद्या राजपूत ने भी यूपीएससी की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया, जिन्हें भी राज्यपाल ने विशेष टिप्स और हौसला प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद रहे।

भाभी से देवर ने की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा पुलिस ने भाभी से मारपीट के मामले में देवर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को मानपाली निवासी लता कुलदीप (40) ने बताया कि 2 जून की दोपहर ढाई बजे उनका देवर तहसील कुलदीप (38) शराब पीकर उनके साथ गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर लकड़ी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। सड़क किनारे तंबू लगाकर जड़ी-बूटी बेचने वाले पर नशे में धुत युवकों ने आधी रात पानी मांगने के बहाने बाहर बुलाकर चाकू की नोक पर पैसे की मांग की। पैसा न देने पर युवक पर चाकू से हमला कर दिया। आवाज सुनकर घरवाले बाहर आए तो बदमाश मौके से भाग गए। जानकारी के अनुसार पिटियाझर मार्ग स्थित रिवरडेल स्कूल के पास दीगर प्रांत से आए युवक परिवार समेत जड़ी-बूटी बेचता है 30 जून को लगभग साढ़े 12 बजे तीन युवक जड़ी-बूटी बेचने वाले के तंबू पर पहुंचे और प्रकाश को आवाज देकर पानी मांगे, तंबू में पहुंचे तीन शातिर बदमाश युवकों को प्यासा समझकर प्रकाश पानी लेकर पहुंचा। बदमाशों ने उन्हें तंबू से दूर ले जाकर पैसे की मांग की, मना करने पर तीनों ने चाकू मारकर युवक को लहूलुहान कर दिया। घायल प्रकाशने जान बचाने के लिए आवाज लगाई तब तंबू के भीतर से प्रकाश का बड़ा भाई आया, तब बदमाश भाग गए। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार से अनुदान का प्रावधान

ऑयल पॉम की खेती खोलेगा किसानों के लिए समृद्धि का द्वार

कसडोल/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा तिलहन फसलों के उत्पादन बढ़ाने हेतु नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल, ऑयल पॉम संचालित किया जा रहा है। सुगमता में ऑयल पॉम क्षेत्र विस्तार को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रचलित अनुदान प्रावधान के अलावा राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त अनुदान दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना का लाभ लेकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं।

ऑयल पॉम खेती के फायदे

ऑयल पॉम की खेती से वार्षिक उत्पादन प्रति एकड़ 10 से 12 टन उत्पादन होता है एवं न्यूनतम मजदूर की आवश्यकता होती है। ऑयल पॉम पौधे में बीमारी होने की संभावना कम होती है अतः दवाई पर होने वाले खर्च कम है। दलालों से छुटकारा, अनुबंधित कंपनी द्वारा क्रय किया जायेगा। ऑयल पॉम की खेती किसी भी प्रकार की भूमि पर किया जा सकता है जो पूर्णतः सिंचित हो। ऑयल पॉम की खेती हेतु अनुमानित लागत प्रति हेक्टेयर पहले 4 वर्षों में 25000 से 30000 रु. प्रति वर्ष के भूमि की तैयारी, पौधरोपण, सिंचाई खाद इत्यादि आता है। 4 से 6 वर्ष में प्रति हेक्टेयर खरीदी मूल्य रू. 18351 प्रति टन के आधार पर राशि 70,000 से.2,70,000 तक अनुमानित आय प्राप्त होता है।इसका उपयोग खाद्य तेल के साथ-साथ कास्मेटिक्स एवं अन्य उत्पादों में किया जाता है।

इसके अतिरिक्त फसल उत्पादन खरीदी हेतु संग्रहण केन्द्र की सुविधा भी शासन द्वारा दी जा रही है। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय बलौदाबाजार से कृ.वर्षा शर्मा मो. 78982-83444, विकासखण्ड कसडोल खिलेश्वर साहू मो.88899-03088, पलारी मोहित साहू मो. 90981-44513, भाटापारा बालकृष्ण राठौर मो.95895-74885, बलौदाबाजार आकाश वर्मा मो. 90984-84742 एवं सिमगा अमन राठौर मो. 87709-22181 में संपर्क कर सकते है।

कृषकों को अनुदान

प्रति हेक्टेयर 143 आयल पाम पौधे अनुदान राशि 29000 रूपये, प्रथम वर्ष से चतुर्थ तक पौधों के रखरखाव, थाला बनाने उर्वरक एवं खाद इत्यादि हेतु अधिकतम रु 5250 प्रति हेक्टेयर के अतिरिक्त अधिकतम राशि 2625 प्रति हेक्टेयर की सहायता राशि टॉप-अप के रूप में राज्यद्वारा प्रदान किया जायेगा। प्रथम वर्ष से चतुर्थ वर्ष तक ऑयल पॉम के पौधों के बीच अंतरवर्ती फसल लेने हेतु प्रति हेक्टेयर अधिकतम राशि 22375 का अनुदान, न्यूनतम 2 हेक्टेयर क्षेत्र में ऑयल पॉम फसल की खेती करने वाले कृषक को सिंचाई साधन के 1 बोरवेल हेतु राशि रु. 50000 अतिरिक्त प्रति हेक्टेयर अधिकतम राशि रु.25000 प्रति यूनिट का अनुदान प्रदान किया जायेगा। पम्पसेट हेतु 2 हेक्टेयर क्षेत्र में राशि 27000 के अतिरिक्त प्रति हेक्टेयर 16500 एवं फेंसिंग हेतु सीमेंट पोल एवं चैनलिंक पर प्रति हेक्टेयर 108970 तथा ड्रिप प्रतिधापन हेतु प्रति हेक्टेयर राशि 14130 के अतिरिक्त टाप अप के रूप में राशि 6636 का अनुदान भी देय होगा।

गायत्री शक्तिपीठ राजिम में किया 27 माताओं का पुंसवन संस्कार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं गायत्री शक्तिपीठ राजिम के मार्गदर्शन में मां भगवती महिला मंडल द्वारा 27 गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार सम्पन्न हुआ। जिसमें दुर्गेश्वरी नरेंद्र पटेल, टीकेश्वरी राहुल पटेल, गीतांजलि अमित धीवर, डमेश्वरी सोमनाथ यादव, उमा गौतम साहू, बमलेश्वरी टिकेश्वर साहू, ऊषा कमल यादव, पद्मनी भोला साहू, प्रियंका पद्मुन निर्मलकर, पूनम नागेंद्र साहू, श्वेता आदर्श राजपूत, नेमिन शंकू निषाद, हेम पल्लव यशवंत, लक्ष्मी तमेश्वर देवार, बीना संतोष ढीमर, टुकेश कमलेश साहू, त्रिवेणी गौतम साहू, वेद कुमारी चंद्रहास साहू, लक्ष्मी गणेश निर्मलकर, खिलेश्वरी कन्हैया साहू, प्रतिभा राकेश ध्रुव, उषा जितेंद्र मांडवी, मुस्कान प्रह्लाद नागरची, भारती घनश्याम विश्वकर्मा, रेशमा पुरुषोत्तम धीवर, चांदनी लालजीत यादव, जयंती ताम्र ध्वज साहू का यज्ञीय वातावरण में पुंसवन संस्कार किया गया। संस्कार की महत्ता बताते हुए गायत्री शक्तिपीठ राजिम की सहायक प्रबंध ट्रस्टी चंद्रलेखा गुप्ता ने कहा कि आज देश को अच्छे ईमानदार संस्कारवान व्यक्ति की जरूरत है जिसे सिर्फएक अच्छी मां ही उसे गढ़ सकती है। पौराणिक कथाओं में भी वीर अभिमन्यु भक्त प्रह्लाद का नाम आता है जो कि माता के गर्भ में रहते हुए ज्ञान प्राप्त किए। अब वह कार्य आप माताओं को करना है ताकि समाज को श्रेष्ठ चरित्रवान नागरिक मिल सके।

बम्हनी-चिंगरौद मार्ग पर कीचड़ और गड्ढे से जाना पड़ता है छात्रों को स्कूल

■ पिछले पांच साल से ग्रामीण और विद्यार्थी कर रहे सड़क बनाने की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित बम्हनी-चिंगरौद मार्ग पर जान लेवा गड्ढे और बारिश के कारण किचड़ से अटी पड़ी है। बड़े बड़े गड्ढें होने से बारिश का पानी भर जाने से स्कूल जाने वाले छात्रों और ग्रामीणों को किचड़ से भर सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं जिम्मेदार विभाग मिट्टी या बजरी डालकर अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेते हैं।

बम्हनी-चिंगरौद सड़क पर बरसात के बाद फिर एक बार चलना दूभर हो गया है। साल 2018 में 80 लाख की लागत से बम्हनी से चिंगरौद कुल 1.60 किमी की सड़क पीडब्लूडी द्वारा बनाई गई थी। जिसकी गारंटी अवधि तीन साल थी, जो 4 साल पहले ही बीत गई है। तब से आज तक यहां के ग्रामीणों ने कई बार विभाग सहित तत्कालीन विधायक से नई सड़क निर्माण की मांग की। पर, पिछले चार साल से विभाग केवल थूक पालिश कर अपना पल्ला झाड़ रहा है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। यहां सुबह एक ओर ग्रामीण खेती किसानी के लिए ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से जर्जर हो चुके मार्ग से जाते हैं।

विधायक ने दिया आश्वासन

चिंगरौद सरपंच छेरकू जलक्षत्री ने बताया नई सड़क निर्माण के लिए पूर्व सरपंच ने विभाग सहित तत्कालीन विधायक से मांग की थी पर कुछ नहीं हुआ। हर साल विभाग केवल खानापूर्ति करता है। बारिश में हमेशा राहगीरों को परेशानी होती है। हर रोज छुट-पुट दुर्घटना भी होती है। खासकर स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है। एक सप्ताह पूर्व बम्हनी सरपंच रूपा घनश्याम ध्रुव और बरोंडा सरपंच लेखराम साहू के साथ विधायक योगेश्वर सिन्हा से मुलाकात कर नई सड़क निर्माण की मांग की। उन्होंने आश्वस्त किया कि बरसात के बाद सड़क निर्माण होगा।

यूनिफॉर्म होती है खराब

बम्हनी में एकमात्र हायर सेकेंडरी स्कूल है। स्कूल के लिए चिंगरौद के बच्चे हर रोज इसी जर्जर और किचड़ से अटी सड़क से होकर गुजरते हैं। यहां से गुजर रही छात्राओं ने बताया कि बरसात के दिनों में आने-जाने में परेशानी होती है। कभी-कभी कपड़े खराब हो जाने के कारण घर वापस जाना पड़ता है तो कभी स्कूल पहुंचकर यूनिफॉर्म साफ करनी पड़ती है और गीली यूनिफॉर्म में पढ़ाई करने की मजबूरी हो जाती है।

दो बाइकों आपस में भिड़े दोनों पर केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। दो बाइकों में टकर हो गई। सिटी कोतवाली में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को बनसिवनी वार्ड-08 निवासी मनोज लहरे ने बताया 2 जुलाई को उनके मामा भूपेंद्र टंडन का चोरभट्ठी नाला के पास दुर्घटना होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचा तो मामा के दाहिने पैर में चोट आई थी। पूछने पर उन्होंने बताया कि वह सुपर स्पलेंडर बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजे 2001 से बनसिवनी काम से जा रहा था, सुबह करीब 10.30 बजे ग्राम चोरभट्ठी झाडू देवता नाला के पास साइड में बाइक खड़ी कर फोन से बात कर रहा था, तभी बाइक टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी06 एचडी 0523 के चालक ने अपनी बाइक को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

वहीं वार्ड-11 सरकारी कुंआ चौक चोरभट्ठी निवासी मोहनीस सोनवानी ने बताया कि 2 जुलाई की सुबह करीब 10.10 बजे वह घर से बड़े भाई साहिल सोनवानी की बाइक टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 06 एचडी 0523 से गैस गोदाम महासमुंद आ रहा था।

गट्टासिल्ली का आमनाला पुल बना दुर्घटना का केन्द्र जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ा जन आक्रोश

नगरी/ नवप्रदेश। सिहावा-नगरी-बोराई मार्ग पर स्थित गट्टासिल्ली का आमनाला पुल अब जानलेवा होता जा रहा है। पुल की अत्यधिक जर्जर स्थिति, जगह-जगह उखड़ी हुई सतह और गहरे गड्ढे ने राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। बारिश के दिनों में पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आते और दोपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अब तक तीन से अधिक गंभीर हादसे इसी पुल पर हो चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पुल के निर्माण के दौरान बने जॉइंट अब उखड़ चुके हैं और लोहे की सरिया बाहर आ चुकी है, जिससे वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। बावजूद इसके न तो संबंधित विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक इसी गांव की रहने वाली हैं, इसके बावजूद अब तक कोई कार्य योजना, मरम्मत अथवा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। आमनाला पुल पर न तो चेतावनी बोर्ड लगे हैं, न बैरिकेडिंग, न ही कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था। इस मुद्दे पर विधायक अंबिका मरकाम ने जानकारी दी कि उन्होंने पुल की मरम्मत की मांग को विधानसभा में उठाया है और संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि कार्य की स्वीकृति शासन को भेज दी गई है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। परंतु यह प्रक्रिया कब पूरी होगी, इसका उत्तर स्पष्ट नहीं है। जनहित में ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुल की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता में ले, अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों की होगी।

भेण्डरी सोसायटी में खरीफ फसल खाद बीज उठाव शुरू

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान, खरीफफसल के लिए दो दिनों से भेण्डरी कृषि साख सहकारी सोसायटी खाद उठाव के लिए किसानों की भीड़ लगी हुई है। किसान अपनी खेती के अनुरूप मुलिया, डीएपी, राखड़ खाद ले जा रहे। बीस बीस जीरो डीएपी जिंक सल्फेट भी ले जा रहे हैं। बीज में सरना,1010 धान फेडेशन बीज भी उपलब्ध है। समिति प्रबंधक कार्तिक राम साहू ने बताया कि खरीफके लिए अब तक 571 किसानों को खाद और बीज वितरण हो गया और कृषि लोन किसानों को खरीब फसल के लिए 1 करोड़ 96 लाख 70 हजार का नगद पैसा किसानों मिल गया है। सिर्फ 25 प्रतिशत किसान खाद बीज उठाव नहीं किए हैं वो अब सोसायटी में आकर कृषि लोन लिखाकर खाद बीज ले जा रहे हैं। समिति प्राकृत अधिकारी हेमंत साहू ने बताया कि कांग्रेस द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन नीति संगत नहीं हमारी सरकार किसानों का हितैषी है। किसानों खाद बीज हमारे भेण्डरी सोसायटी खाद सभी किसानों को मिल रहा है किसी भी प्रकार कोई समस्या नहीं है। अभी तक हमारे सोसायटी में डीएपी 2075 बोरा, यूरिया 2077, सुपर फस्फेट 276 बोरा, पोटाश लगभग 200 बोरा का वितरण हो चुका है अभी भी किसान खाद बीज का उठाव कर रहे हैं।

राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में मुस्कान ने हासिल किया कांस्य पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। 20वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप बालक एवं बालिका 2025-26 का आयोजन 26 से 30 जून तक सॉफ्ट टेनिस संघ हरियाणा द्वारा पंचकूला हरियाणा में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिले की मुस्कान निषाद ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। मुस्कान की सफलता पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने खुशी जाहिर करते हुए मेडल पहनाकर बधाई दी। साथ ही सीईओ एस आलोक, डीएफओ मयंक गुप्ता, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, हिना ढलेन, अनिल पुस्तकर अध्यक्ष राज्य सॉफ्ट टेनिस संघ, प्रमोद ठाकुर प्रशिक्षक, रीमा राय प्रशिक्षक, रविधनगर मैनेजर, दिलीप विश्वकर्मा मैनेजर, संजय शुक्ला, अनिल राय, उमेश ठाकुर, राजेश पाटिल, हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य सेजेश हिन्दी महासमुंद, चमन चंद्राकर व समस्त स्टॉफ, व्यायाम शिक्षक अंजनी साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, चारू लता, डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, व घनश्याम सोनी, हरिशंकर साहू, ओमेश्वरी विश्वकर्मा ने हर्ष जताया है।

बस स्टैंड स्थित विशाल मेगा मार्ट कर रहा यातायात प्रभावित, पार्किंग की सुविधा नहीं

रोजाना लग रहा ट्रैफिक जाम

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शहर में पार्किंग की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पार्किंग व्यवस्था का बुरा हाल है। शहर के लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत नहीं मिल रही है। वहीं दूसरी ओर शहर के बस स्टैंड के पास बिना पार्किंग सुविधा के विशाल मेगा मार्ट शुरू हो गई है। विशाल मेगा मार्ट के इस शोरूम में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं रखी है। जिसक कारण इस शोरूम में खरीदारी करने आने वाले लोग अपने वाहन सड़क पर ही पार्क कर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है।

शो रूम के बाहर लगा दी गई है बैरिकेटिंग

यह शोरूम लोगों को सुविधा देने की बजाय हादसों को न्योता दे रहा है। वैसे भी शहर के बस स्टैंड के पास दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। अब बिना पार्किंग सुविधा के विशाल मेगा मार्ट के खुल जाने से समस्या दोगुनी हो गई है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के बावजूद शो रूम के बाहर बांस की बैरिकेटिंग लगा कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया है जिसके कारण खरीददारी करने आए ग्राहक मजबूरन सड़क पर ही गाड़ी खड़ी कर शापिंग के लिए अंदर जाते हैं। बाहर सड़कों पर लंबा जाम लग जाता है। लंबे समय खरीदारी करने के चलते कई लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त स्थल में सबसे ज्यादा भीड़भाड़ रहती है जिसके कारण कई बार दुर्घटनाएं घट चुकी है।

भारती के बाल साहित्य पुस्तक प्रतिष्ठा का उपमुख्यमंत्री साव ने किया विमोचन

भाटापारा/नवप्रदेश। सक्रिय व नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा , जो वर्तमान में सिमगा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है 7 शिक्षिका भारती वर्मा के द्वारा शाला परिवेश के आधार पर लिखित बाल साहित्य संग्रह प्रतिष्ठा का विमोचन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के कर कमलों से हुआ है 7 इस अवसर पर शांतनु साहू पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा, पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा , शिक्षक छोटेलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे । शिक्षिका भारती वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपने बाल साहित्य प्रतिष्ठा के सम्बन्ध में बताया कि बाल साहित्य किसी भी राष्ट्र की बौद्धिक और नैतिक आधारशिला के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । जब साहित्य शिक्षा शास्त्र की मूल अवधारणाओं और शिक्षा मनोविज्ञान की आधार पर लिखा जाता है, तब वह केवल मनोरंजन नहीं करता, अपितु बालकों के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक दृष्टिकोण और सामाजिक बोध को भी गहराई से प्रभावित करता है । इस बाल कहानी संग्रह में , विद्यालयीन परिवेश की जीवंतता को आधार बनाकर, बालक की संवेदनाओं, जिज्ञासाओं और विचारशीलता को प्रतिबिंबित करता है । इस संग्रह की कहानियाँ न केवल बालक की मानसिक अवस्था, अधिगम प्रवृत्तियों और सामाजिक संदर्भों को ध्यान में रखकर रची गई हैं, बल्कि उनमें मूल्यपरक शिक्षा के विविध आयाम भी समाहित हैं ।

विस सचिवालय में पत्रकारों के लिए 'संसदीय रिपोर्टिंग' विषय पर कार्यशाला आज

❖ समापन सत्र में सांसद, राज्यसभा डॉ. सुधांशु त्रिवेदी होंगे मुख्य वक्ता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय स्थित प्रेक्षागृह में शनिवार, 05 जुलाई, 2025 को पूर्वान्हः 11.00 बजे से ''संसदीय रिपोर्टिंग'' विषय पर मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में व्याख्यान हेतु उदघाटन सत्र में डॉ. संजय द्विवेदी, पूर्व निदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान एवं प्रोफेसर माखन लाल चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय, भोपाल एवं समापन सत्र में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, सांसद, राज्यसभा मुख्य वक्ता होंगे। इस कार्यशाला का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, करेंगे । इस कार्यक्रम में मान. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मान. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं मान. संसदीय कार्यमंत्री श्री केदार कश्यप, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगें । इस कार्यशाला का विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार है- पूर्वान्हः 11:00 से 11:45 बजे तक उदघाटन सत्र, प्रथम सत्र दोपहर 12:30 से 02:00 बजे तक डॉ. संजय द्विवेदी, प्रोफेसर माखन लाल चतुर्वेदी, राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय, भोपाल का व्याख्यान होगा । अपरान्ह 02:00 से 03:30 बजे तक दोपहर भोज एवं समापन सत्र में अपरान्हः 03:30 से 05:00 बजे तक सांसद, राज्यसभा डॉ. सुधांशु त्रिवेदी का व्याख्यान होगा।

वित्त मंत्री ने जीएसटी सुधारों पर रखा ठोस विजन : बोगस पंजीयन व फर्जी बिलों पर सख्त कार्रवाई के दिए सुझाव

✷ बोगस पंजीयन व फर्जी बिलों पर सख्त कार्रवाई के दिए सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में जीएसटी राजस्व संग्रहण को और अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और प्रभावी बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह (त्रश्वरू) की महत्वपूर्ण बैठक आज राजधानी दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने राज्य के अनुभव साझा किए और बोगस व्यवसायियों पर सख्त कार्रवाई, पंजीयन प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक के प्रयोग तथा फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पर रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस समूह का संयोजन गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद पी. सावंत कर रहे हैं।

बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने बतौर सदस्य भागीदारी की और राज्य के अनुभव एवं नीतिगत सुझाव साझा किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व संग्रहण में आ रही चुनौतियों का आकलन कर व्यापक समाधान तलाशना था।

बैठक के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में जीएसटी के राजस्व पर पड़ने वाले आर्थिक व अन्य कारकों का विस्तार से विश्लेषण किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ में एंटी इवेजन और अनुपालन के क्षेत्र में की गई पहलों की जानकारी दी।

श्री ओ.पी. चौधरी ने बताया कि कर अपवंचन रोकने और वास्तविक करदाताओं को सहूलियत देने के लिए छत्तीसगढ़ में डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टूल्स का सघन उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी संभव हुई है।

बैठक में बीफा, जीएसटी प्राइम और ई-वे बिल पोर्टल जैसी अत्याधुनिक प्रणालियों के प्रजेंटेशन भी हुए। श्री चौधरी ने सुझाव दिया कि इन नवाचारों को पूरे देश में समान रूप से लागू करने से बोगस व्यवसायियों की पहचान और कार्यवाही में तेजी लाई जा सकेगी।

■ न्यूज गैलरी

6 से 12 जुलाई राजधानी में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा

रायपुर/नवप्रदेश। श्री राधा सखी परिवार एवं वीआईपी क्लब परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 6 से 12 जुलाई तक शंकर नगर स्थित वीआईपी क्लब में आयोजित किया जा रहा है,उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कथा व्यास आचार्य पुनीत कृष्ण महाराज जी (वृंदावन) द्वारा श्रीमद भागवत कथा को शानदार संगीतमय के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। राठी ने बताया कि 6 जुलाई को प्रातः 7:30 बजे करिश्मा अपार्टमेंट स्थित शिव मंदिर से वीआईपी क्लब तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

क्रांति नायक को मिली 4 लाख रूपए सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया गुहार लगाना जशपुर जिले के ग्रामीण के लिए सार्थक रहा। सहायता अनुदान राशि के लिए तीन साल से भटक रहे श्री क्रांति नायक को आखिरकार न्याय मिल ही गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अनुरूप 4 लाख रूपए सहायता अनुदान राशि मिली है। ऊपर कछार निवासी क्रांति नायक ने बताया कि तीन साल पहले एक दर्दनाक हादसे में उनके परिजन की कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद वे सहायता अनुदान राशि के लिए भटक रहे थे। उन्होंने परिवार की पीड़ा और सहायता अनुदान राशि की मांग मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कैंप कार्यालय बगिया में रखी। बगिया कैंप कार्यालय में सीधे आम जनता से संवाद के तहत जब क्रांति नायक ने अपनी समस्या मुख्यमंत्री तक पहुंचाई गई, तो इस पर त्वरित संज्ञान लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की पहल पर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए और प्रशासन की तत्परता से लंबित मुआवजा राशि 4 लाख रूपए परिजनों को प्रदान की गई।

वर्षा ऋतु में विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जानकारी और सजगता जरूरी

❖ छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा मार्गदर्शिका जारी

रायपुर/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु में बिजली के खंभों, एचटी-एलटी लाइनों, तारों, घरों आदि स्थानों पर विद्युत करंट से होने वाली दुर्घटनाओं में जानमाल का नुकसान होता है। इसके अनेक कारण होते हैं लेकिन यदि पर्याप्त सावधानी बरती जाए तो इन दुर्घटनाओं को तथा इससे होने वाली क्षति को रोका जा सकता है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस संबंध में आम जनता को जागरूक करते हुए एक मार्गदर्शिका जारी की है।

छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संचालन एवं संधारण श्री जेएस नेताम ने जनता को सचेत करते हुए कहा है कि जरा सी असावधानी की वजह से करंट बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, इसलिए विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर एवं उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आंधी-तूफान में खंबे, तार आदि टूटे हों, तो इसकी सूचना तत्काल कंपनी के टोल फ्री नं. 1912 पर, मोर बिजली एप एवं समीप के वितरण केन्द्र या जोन कार्यालय में दें।

उन्होंने कहा कि बारिश में बिजली के खंभों, तारों, और ट्रांसफार्मर से दूर रहें और किसी भी क्षतिग्रस्त लाइन या उपकरण को न छुएं। यदि आपको करंट लगने की आशंका है, तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें। जहां बिजली के तार या उपकरण हो वहां बारिश के पानी में करंट फैल सकता है, इसलिए पानी में न चलें या न तैरें। बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय, सुनिश्चित करें कि आपके पैर सूखे हों और आप रबर या प्लास्टिक के जूते पहने हों। इस तरह की सावधानियां को ध्यान में रखते हुए बरसात के मौसम में बिजली से सतर्कता बरतनी चाहिए। बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ ही बिजली विभाग सतर्क हो गया है। विभाग द्वारा बारिश से पूर्व सभी फीडरों, ट्रांसफार्मरों और तारों की जांच की जा चुकी है। लेकिन नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही जरूरी है।

विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए घरों/खेतों आदि में बिजली के गुणवत्तापूर्ण उपकरणों का उपयोग करें। बाड़ी/खेतों की बाढ़ कंटीले तार आदि में विद्युत प्रवाहित न करें। यह अनाधिकृत है, इससे किसी की जान भी जा सकती है एवं विभाग द्वारा खेत या बाड़ी के मालिक पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

विद्युत लाइनों, उपकरणों, ट्रांसफार्मर आदि में खराबी आने पर अनाधिकृत रूप से उनको सुधारने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में विभाग के संबंधित कर्मचारी/अधिकारी को सूचित करें। बिजली की लाइनों के नीचे और उनके समीप बिलकुल स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण ना करें। विद्युत लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। यदि बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा पाया जाता है, तो उससे दूर रहे तथा अन्य व्यक्तियों को भी दूर रहने की सलाह दें। इसकी जानकारी तत्काल संबंधित लाईनमेन/कनिष्ठ अभियंता को देकर विद्युत प्रवाह बंद कराएं। नदी, नालों, तालाबों आदि में बिजली का तार टूटकर गिरा पाये जाने पर उनके अंदर न जाये, तथा पर्याप्त दूरी बनाये रखें। इसकी सूचना संबंधित लाईन कर्मचारी/कनिष्ठ अभियंता को तत्काल देकर विद्युत प्रवाह बंद करावें।

विद्युत लाइनों से सीधे हुकिंग कर बिजली का अनाधिकृत उपयोग न करें, यह खतरनाक हो सकता है। कपड़े सुखाने के लिए बिजली के खंभे और स्टे तार आदि का उपयोग ना करें। कपड़े सुखाने वाले तार की विद्युत उपकरणों/लाइनों से पर्याप्त दूरी रखें।

किसानों को खाद, बच्चों को पुस्तक नहीं मिल रहा है, भाजपा मना रही तिहार

रायपुर/नवप्रदेश। किसानों को खाद गरीबों को राशन बच्चों को पुस्तक नहीं मिल रहा है भाजपा सरकार तिहार मना रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रहा, गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है स्कूल खुल गई लेकिन बच्चों तक पुस्तक नहीं पहुंचा।अधिकांश स्कूलों में शिक्षक की कमी के कारण बच्चे प्रदर्शन कर रहे है। हर तरफभगदड़ मची हुई। भाजपा सरकार ने हर वर्ग को लाईन में खड़ा कर दिया है।भाजपा सरकार के जिम्मेदार मीटिंग मीटिंग खेल रहे है इनकी सुशासन की पोल खुल गई।सरकार पूरी तरीका से असफल हो गई है। सरकार में बैठे लोग बड़े-बड़े दावा जरूर कर रहे तिहार मना रहे लेकिन जनता तनाव में मायूस और हताश,परेशान है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सब कुछ बेहतर होने का दावा करने वाले जनता के बीच जाने में घबरा रहे हैं डबल इंजन की सरकार प्रदेश की जनता के लिए ट्रबल इंजन हो गई है। किसान खाद के लिए आंदोलन कर रहे हैं गरीब जनता राशन के लिए आंदोलन कर रहे हैं स्कूली बच्चे पालक शिक्षक के लिए आंदोलन कर रहे हैं और सरकार सिर्फ हवा हवाई बात कर सब कुछ ठीक होने का दावा कर रही है प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि यह सब स्थिति भाजपा सरकार की सोची समझी रणनीति के तहत है सरकार में बैठे लोग किसानों से 3100 रु की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने से बचना चाहते है। इसलिए कृत्रिम खाद्य संकट उत्पन्न किया गया है जिसे किसानों का उत्पादन प्रभावित किया जा रहा है।चावल उत्सव में तीन माह की चावल देने की घोषणा की गई लेकिन व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया गया।

13 साल बाद महलोई स्कूल में गूंजा फिजिक्स का सूत्र, युक्तियुक्तकरण से लौट आई पढ़ाई की रौनक

रायपुर/नवप्रदेश। युक्तियुक्तकरण से लौट आई पढ़ाई की रौनकरायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड के महलोई हाई स्कूल में लंबे समय बाद एक नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। स्कूल के छात्र अब आत्मविश्वास से भरे हैं, क्योंकि उन्हें वर्षों इंतजार के बाद फिजिक्स, हिंदी और इतिहास जैसे विषयों के शिक्षक मिल गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर लागू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया ने इस स्कूल में 13 वर्षों से बनी शिक्षकों की कमी को दूर कर दिया है।

अब स्कूल में सभी विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। कक्षा 11वीं की छात्रा दीपिका पटनायक कहती हैं कि फिजिक्स हमारी पढ़ाई का एक महत्वपूर्ण विषय है। पहले शिक्षक नहीं होने के कारण हमें समझने में परेशानी होती थी, लेकिन अब विषय विशेषज्ञ शिक्षक आ गए हैं। इससे हमारी तैयारी बेहतर होगी और हम प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

इतिहास और हिंदी विषयों के लिए भी शिक्षक की नियुक्ति होने से विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। कक्षा 10वीं की छात्रा नीलम भगत ने बताया कि पहले इन विषयों की पढ़ाई रुक-रुक कर होती थी। अब नियमित शिक्षण मिलने से कोर्स समय पर पूरा हो रहा है, जिससे परीक्षा की तैयारी सुचारु हो गई है।गांव की निवासी श्रीमती संतोषी तिग्गा बताती हैं कि ग्रामीणों द्वारा वर्षों से शिक्षकों की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में की गई युक्तियुक्तकरण की पहल से अब महलोई हाई स्कूल को फिजिक्स, इतिहास और हिंदी के तीन शिक्षक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब विद्यालय में पढ़ाई का माहौल पूरी तरह से बदल गया है और पालकों में भी खुशी की लहर है कि उनके बच्चों को सभी विषयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है।पालकों ने आशा जताई है कि नवपदस्थ शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम ही नहीं, बल्कि मूल्य, अनुशासन और समर्पण की भावना भी देंगे जैसे वे अपने बच्चों को देते हैं। विद्यालय में लौटी यह रौनक न केवल एक विद्यालय की तस्वीर बदल रही है, बल्कि पूरे गांव में शिक्षा को लेकर जागरूकता और विश्वास की एक नई लहर भी पैदा कर रही है।

चेम्बर भवन में सायबर जागरूकता कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आज, 4 जुलाई, 2025 को चेंबर कार्यालय-चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए एक सफल साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का उद्देश्य व्यापारियों को वर्तमान साइबर खतरों और उनसे सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में शिक्षित करना है, जिसमें उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई।श्री थौरानी ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए साइबर क्राइम के बढ़ते खतरों पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, ÷आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध एक गंभीर चुनौती बन गए हैं, जिससे हमारे व्यापारी समुदाय को लगातार खतरा है। यह आवश्यक है कि हम सभी जागरूक रहें और इन अपराधों से खुद को बचाने के लिए नवीनतम जानकारी से लैस रहें। चेंबर हमेशा अपने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसी कड़ी में यह कार्यशाला आयोजित की गई है ताकि आप सभी सुरक्षित रूप से अपना व्यापार कर सकें।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सतीश पुरिया, रायपुर क्राइम ब्रांच, उपस्थित रहे। उन्होंने व्यापारियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, जिससे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को डिजिटल खतरों से बचाने में काफी मदद मिलेगी।कार्यशाला में साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।

सेक्युलेंट्स एवं टेरारियम पर नि :शुल्क कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। 13 जुलाई 2025 को पर्यावरण जागरूकता एवं हरियाली को जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बनाने हेतु विशेष जीवंत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के नागरिकों को घर पर हरियाली विकसित के नवीनतम उपायों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पर्यावरण पहल की प्रेरणास्त्रोत ,डॉ. मेनका भारती, कृषि विशेषज्ञ एवं उद्यमी, रायपुर होंगी कार्यशाला के विषय होंगे सेक्युलेंट्स का जादू - आपके घर में!वक्ताः अंजू पारख, प्रख्यात गार्डन विशेषज्ञसेक्युलेंट्स के प्रकार, देखभाल, सजावट और उनके लाभों पर जानकारी देंगी 2. टेरारियम गार्डन - हरियाली की लघु दुनिया वक्ताः बिजल पिथालिया, टेरारियम विशेषज्ञ टेरेरियम तैयार करने की विधि, सामग्री और सजावटी उपयोगों पर जानकारी दी जाएगी। रविवार, 13 जुलाई समयः दोपहर 3:30 बजे से 6:00 बजे तक स्थानः वृंदावन हॉल, सिविल लाइन, रायपुर।

श्रीसत्य साई संजीवनी आडिटोरियम में हुआ भव्य कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम

→ करीब 700 छात्रों ने सीखा कैरियर निर्माण के गुर

✷ निश्चित लक्ष्य और निरंतर प्रयासों से मिलती है सफलता- मुरली

रायपुर/नवप्रदेश। आरंग। श्रीसत्य साईं संजीवनी हास्पिटल नवा रायपुर के आडिटोरियम में शुक्रवार को कैरियर गाईड का आयोजन किया गया। अध्यक्षता चेयरमैन डाक्टर सी. श्रीनिवासन ने की.

वृहद कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में परसदा और राखी हायर सेकंडरी स्कूल के करीब 700 छात्र -छात्राओं ने कैरियर निर्माण के गुर सीखे। मुख्य वक्ता रायपुर के थिंक आईएएस कोचिंग संस्थान के डायरेक्टर और शिक्षाविद् मुरलीमनोहर देवांगन थे। उन्होंने छात्रों संबोधित करते हुए कहा, कि निश्चित लक्ष्य और निरंतर प्रयासों से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने अनेक उदाहरणो व प्रेरक प्रसंगो के माध्यम कैरियर निर्माण की बारीकियां बतायी। आरंग जनपद के सीईओ कुमार सिंह लहरे और वक्ता राणा सिकंदर सिंह ने कैरियर निर्माण की विभिन्न संभावनाओ व आयामों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम (आरंग) पुष्पेंद्र शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अनेक उदाहरणों से प्रेरित किया। इस मौके पर सभी छात्र- छात्राओं का एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर की मेडिकल टीम ने नेत्र परीक्षण भी किया। साथ ही श्रीसत्य साई संजीवनी हास्पीटल से दो बच्चों का सकुशल हार्ट की सर्जरी पश्चात जीवन का उपहार के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के पारसनाथ साहू, अध्यक्ष दूजेराम धीवर, विशेष मार्गदर्शक व वरिष्ठ पत्रकार शशांक खरे, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, समाजसेवी पटेल होंडा के संचालक ईश्वर पटेल, वरिष्ठ पत्रकार रोशन चंद्राकर, सक्रिय सदस्य प्रतीक टोंड्रे, एमजीएम नेत्र संस्थान से अनूप जिम्बा व मेडिकल स्टाफ राखी व परसदा हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षकों सहित करीब 700 छात्र छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के आयोजन, संयोजन व व्यवस्थापन में श्रीसत्य साईं संजीवनी हास्पिटल के ट्रस्ट ऑफिसर जगदीश राव, वेंकट कोलप्पम, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर पी बाला कृष्ण प्रोग्राम ऑफिसर उमा साहू, किरण वर्मा, पब्लिक हेल्थ नर्स श्रीमती किरण वर्मा, प्रीति साहू,नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल,परसदा हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य श्रीराम बंडारू और राखी हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्या श्रीमती सी जे परदेशी का योगदान रहा।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने किसान-जवान संविधान सभा की तैयारियों का लिया जायजा

♦ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ सहप्रभारी जरिता लैतफलांग सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए

रायपुर/नवप्रदेश। 'किसान-जवान-संविधान सभा' की तैयारियों की समीक्षा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी जरिता लैतफलांग भी उपस्थित थे।

सभा के लिए बनाई गयी कार्यक्रम आयोजन समिति, प्रचार-प्रसार समिति, कार्यक्रम स्थल समिति, मीडिया कमेटी, सोशल मीडिया कमेटी की बैठक लिया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे 7 जुलाई को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आम सभा को संबोधित करेंगे। पूरे प्रदेश से 25000 से अधिक लोग इस आम सभा में शामिल होंगे।

न्यूज गैलरी

फ्रांस में एटीसी की हड़ताल से हवाई सेवाएं प्रभावित, पेरिस के लिए 40प्रतिशत उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। फ्रांस में एटीसी की हड़ताल से हवाई सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई। शुक्रवार को पेरिस के सभी हवाई अड्डों पर लगभग 40 प्रतिशत उड़ानें रद्द कर दी गई। इसने गर्मियों की छुट्टियों के चरम सीजन में हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाओं में बाधा उत्पन्न की। बेहतर कार्य स्थितियों की मांग को लेकर यह हड़ताल किया जा रहा है। फ्रांसीसी हवाई यातायात नियंत्रकों की हड़ताल के

फेक सिम कार्ड पर सरकार का बड़ा एक्शन

एआई 'शील्ड' से होगी धारकों की पहचान, करोड़ों कनेक्शन होंगे बंद

नई दिल्ली। देश में फर्जी सिम कार्ड के जरिए हो रहे फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए दूरसंचार विभाग ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। विभाग अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित 'एआई' तकनीक का इस्तेमाल करेगा, जो एक सुरक्षा कवच की तरह काम करेगी। इस नई प्रणाली से न केवल फर्जी दस्तावेजों के जरिए सिम खरीदना असंभव हो जाएगा, बल्कि मौजूदा यूजर्स के सिम कार्ड भी पहले से ज्यादा सुरक्षित होंगे।

दूरसंचार विभाग ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया, सिम फ्रॉड के खिलाफ भारत का फेक शील्ड। नकली या फर्जी दस्तावेजों से मोबाइल सिम के दुरुपयोग को रोकने के लिए, दूरसंचार विभाग ने ‹स्ब्रक्र विकसित किया है, जो भारत

के टेलीकॉम इकोसिस्टम को सुरक्षित, स्मार्ट और धोखाधड़ी-रोधी बना रहा है। विभाग ने इसे प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विश्वास, पारदर्शिता और सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

विभाग के अनुसार, एक अत्याधुनिक टूल है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फेस रिकग्निशन यानी चेहरे की पहचान पर काम करता है। जब भी कोई नया सिम जारी होगा या पुराने को वेरिफाई किया जाएगा, तो यह टूल यूजर के चेहरे का मिलान उसके द्वारा दिए गए दस्तावेज की फोटो से करेगा। अगर किसी ने फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया है, तो‹ढ्ढ इस गड़बड़ी को तुरंत पकड़ लेगा और वेरिफिकेशन फेल होने पर सिम कार्ड को ब्लॉक कर दिया जाएगा। इस तकनीक के जरिए पूरे सब्सक्राइबर डेटाबेस की जांच की जाएगी और फर्जी पाए गए सभी कनेक्शनों को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सरकार का यह कदम बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने में बेहद कारगर साबित होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में सरकार ने साइबर अपराध में इस्तेमाल हो रहे 4.2 करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शनों को ब्लॉक किया है। इन नंबरों का इस्तेमाल आम लोगों को कॉल या मैसेज के जरिए ठगने के लिए किया जा रहा था। 'संचार साथी' पोर्टल पर मिली शिकायतों के आधार पर यह बड़ी कार्रवाई की गई थी।

शेयर बाजार में हड़कंप! सेबी ने दिग्गज कंपनी पर लगाया बैन

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक बड़े फैसले में अमेरिकी वित्तीय फर्म जेन स्ट्रीट ग्रुप और उससे जुड़ी पांच कंपनियों पर भारतीय शेयर बाजार में कारोबार करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। गुरुवार को जारी एक आदेश में, बाजार नियामक ने इन कंपनियों को किसी भी प्रकार की प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री या लेन-देन से सीधे या परोक्ष रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

तेजस्वी कलभोर का शानदार शतक

रायपुर/नवप्रदेश। क्रिकेट एसोसियेशन पांडेचेरी द्वारा मेंस अंडर 19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेष आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। दिनांक 04 - 05 जुलाई 2025 को छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच हीमाचल प्रदेष के विरुद्व पांडेचेरी में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 58.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 261 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से तेजस्वी कलभोर ने शानदार शतक लगाते हुये 103 रन तथा श्लोक चचाने ने 40 रनों का योगदान दिया।

9 छक्के, 6 चौके! इंग्लैंड में आया वैभव सूर्यवंशी का तूफान

नईदिल्ली। भारत की दो टीमें इस समय इंग्लैंड के दौरे पर हैं। दोनों टीमें शानदार खेल का प्रदर्शन भी कर रही हैं. जहां टीम इंडिया एजबेस्टन में इंग्लैंड के दूसरा टेस्ट मैच खेल रही है तो वहीं इंडिया की अंडर-19 टीम भी इंग्लैंड की अंडर-19 टीम से 5 मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है. बुधवार, 2 जुलाई को दोनों टीमों के बीच नॉर्थम्प्टन नें तीसरा वनडे मैच खेला गया.

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2024
ग्राम का नाम- गाड़ाडीह प.ह.नं. 41

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद ध्रुव आत्मज श्री शाखाराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम गाड़ाडीह तहसील भाटापारा जिला. बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता शाखाराम ध्रुव पिता सोभासिंग ध्रुव की मृत्यु दिनांक 19/02/2013 को ग्राम गाड़ाडीह तहसील भाटापारा में हुआ है। जिसकी भूलवश मृत्यु का पंजीयन ग्राम पंचायत गाड़ाडीह के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाने के कारण मृत्यु के पंजीयन हेतु आवेदन पत्र व शपथ पत्र पेश किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय की नियत पेशी तारीख 04/07/2025 तक अपना आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर किसी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील — तहसीलदार, भाटापारा

न्यायालय नायब तहसीलदार 05 तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/ अ-59/ 2025
धरसींवा, दिनांक 03/07/2025
ग्राम कूंरा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. 15 धरसींवा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कूंरा तह. धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक /111/ न.पं./2025-26 कूंरा दिनांक 28.04.2025 के द्वारा ग्राम कूंरा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. धरसींवा-15 तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1530/1/153 रकबा 9.5740 हे. में से 2500 वर्गमीटर तथा वार्ड क्रमांक 01 की शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 1079 रकबा 5.1680 हे. में से 3000 वर्गमीटर भूमि एसटीपी/ अनुपचारित जल प्रबंधन (UWM) घटक अंतर्गत निर्माण कार्य के लिए उक्त शासकीय भूमि का अग्रिम आधिपत्य प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18.07.2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22405 दिनांक 04.07.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रार्पटी आई.डी. RPR651N00025 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHRI RAM THOK SABJI MANDI KABIJ-RAJKUMAR BAJAJ पिता/पति श्री/श्रीमती LATE BHAVAN DAS के नाम से दर्ज है, जिसको श्री SHRI RAM THOK SABJI MANDI KABIJ-SHASHI KANT BAJAJ पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRICHAND BAJAJ ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानंद दुबे, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ....
ग्राम झलमला, तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री यशवंत कुमार पिता श्री शोभाराम निवासी ग्राम कोबा तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद द्वारा ग्राम पाररास प.ह.नं. 30 स्थित भूमि खसरा नं. 738/86 रकबा 0.02 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.02 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ-आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, रजिस्ट्री बैनामा, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 10/07/2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 25/06/2025 को जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बालोद, जिला-बालोद(छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 05 तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक /अ-59/2025
धरसींवा, दिनांक 03/07/2025
ग्राम कूंरा प.ह.नं. 03
रा.नि.मं. 15 धरसींवा
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कूंरा तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक/2510/लो.नि.वि./ न.पं./2024-25 कूंरा दिनांक 18.03.2025 के द्वारा ग्राम कूंरा प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. धरसींवा-15 तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 292/1 का रकबा 0.080 हे. में 13 नग निर्मित दुकानों का आबंटन हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/07/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्नी बाई पिता कलुवा जाति सतनामी निवासी ग्राम ठ्ररकपुर तहसील थानखमरिया जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम जामगांव प.ह.नं. 04 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित वाद भूमि ख.नं. 85/1 रकबा 0.07 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.07 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह कि आवेदिका को यह भूमि अपने पिता से बंटवारे में प्राप्त हुआ था। जिस पर आवेदिका के पिता 60 वर्ष पूर्व से काबिज चले आ रहे थे पिता के मृत्यु के 15 वर्ष पूर्व होने के पश्चात आवेदिका के नाम पर दर्ज चले आ रहा है। आवेदिका काश्तकाबिज चली आ रही है। उक्त भूमि को निजी कार्य हेतु विक्रय करना चाहती है। पटवारी को नकल प्रदान करने हेतु अतिशीघ्र करने का आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक ने अपने आवेदन के साथ वर्तमान बी-1, ऋण पुस्तिका की प्रति संलग्न कर निवेदन किया है।

अतएव वाद भूमि में अनुमति के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था/ समुदाय को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/07/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/ अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 27/06/2025
नियत दिनांक 11/07/2025

सील — तहसीलदार, देवकर, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

सेवा सहकारी समिति मर्या. धनियाँ, पं. क्र. 622

संविदा भर्ती

प्र.क्र. 10 — दिनांक 03.07.2025

सेवा सहकारी समिति मर्या. धनियाँ पं. क्र.-622 में संविदा पद पर आपरेटर भर्ती किया जाना है जिसकी अर्हता, योग्यता एवं भर्ती संबंधी विवरण निम्न है।

पद- आपरेटर (क.आ.) कुल पद - 01

फार्म जमा करने की तिथि (प्रारंभ)	07/07/2025
फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	17/07/2025
स्थान -	समिति संस्था कार्यालय
योग्यता -	10वीं, 12वीं, स्नातक, PGDCA
अनुभव :-	सहकारिता प्रशिक्षण को प्राथमिकता

संस्था प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति, धनियाँ, पंजी. क्र. 622

केनरा बैंक Canara Bank — शंकर नगर शाखा, रायपुर (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्री अजय कुमार साहू पुत्र उदल सिंह साहू, दुर्गा चौक, सद्भावना टाइपिंग सेंटर, राजा तालाब, रायपुर, रायपुर-492001.	स्वामित्व धारक का नाम- श्री अजय कुमार साहू पुत्र उदल सिंह साहू, खसरा नं. 375 (376, 377), प.ह.नं. 113/44, प्लॉट/फ्लैट/जेआर एमआईजी नं.- 603, 6वीं मंजिल, जनरल स्कीम जेआर एमआईजी फ्लैट नामक बिल्डिंग के ब्लॉक नं.- 02 शंकर नगर सरहद फेस-।।, रायपुर इलाका- रायपुर, तहसील, जिला- रायपुर। क्षेत्रफल - 1062.65 वर्ग फीट या 98.76 वर्ग मीटर में स्थित आवासीय फ्लैट के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- जेआर एमआईजी 601, दक्षिण- सड़क, पूर्व- जेआर एमआईजी 604, पश्चिम- सड़क।	HOUSING LOAN; ₹ 15,00,000.00; 20/06/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 13,01,324.89; एनपीए तिथि 20/06/2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पति को बंधक रखकर केनरा बैंक, शंकर नगर शाखा, रायपुर (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 04.07.2024 — स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

केनरा बैंक Canara Bank — रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
श्री संदीप जेठानी पुत्र राजकुमार जेठानी मार्फत. भूषण लाल चंद्राकर, 1881, डब्ल्यू- 32, ओम्पो भाल, रायपुर, छतीसगढ़-492001. श्रीमती सोनिया जेठानी पत्नी संदीप जेठानी मार्फत भूषण लाल चंद्राकर, 1881, डब्ल्यू-32, गणेश प्रोविजन के पास, सीता विहार, अवंती विहार, रायपुर, छतीसगढ़-492001.	शीर्षक धारक का नाम- श्री संदीप जेठानी एवं श्रीमती सोनिया जेठानी, खसरा नं. 20/8-9-10, 1108 वर्गफीट, प.ह.नं. 110/63, मौजा- शंकर नगर, दूसरी मंजिल, जीटी हाइट्स, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड नं. 29, तह. व जिला- रायपुर। क्षेत्रफल -1108 वर्गफीट में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 204. चौहद्दीः उत्तर- फ्लैट नं. 201, दक्षिण- खुला क्षेत्र, पूर्व- फ्लैट नं. 203, पश्चिम- खुला क्षेत्र।	HOUSING LOAN OCC/OD; ₹ 46,00,000/-; 01/07/2025 से कुल देय धनराशि ₹ 46,99,854.93; एनपीए तिथि 26/06/2025

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारो ने उपरोक्त वर्णित सम्पति को बंधक रखकर केनरा बैंक, रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने मे असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशो के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपतियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 04.07.2024 — स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22410 दिनांक 04.07.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रार्पटी आई.डी. RPR651S6A175 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AJEET SINGH BHATIYA पिता श्री/श्रीमती LATE HARBHAJAN SINGH BHATIYA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री GUNJAN KUMAR पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI RAJENDRA PRASAD ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानंद दुबे, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 21959 दिनांक 01.07.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रार्पटी आई.डी. RPR652O00195 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती M/S THAKKAR CONSTRUCTION PRASHANT JASANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. KANTILAL JASANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती HARSHA DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI INDRA KUMAR DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानंद दुबे, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत जरहागांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 104/न.पं./लो.नि.वि./2025-26 — जरहागांव, दिनांक 03/07/2025

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत जरहागांव द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य का नाम	आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	निविदा प्रपत्र शुल्क (डी.डी.)	रिमार्क
1	171564	WARD NO. 03 CONSTRUCTION OF NEW MANGAL BHAVAN AT OLD DHARAMSHALA	24.07.2025	20.69	Rs.15600.00	5 Month	750.00	प्रथम ई-प्रोक्युरमेंट
2	171560	WARD NO. 12 CONSTRUCTION OF NAGAR PANCHAYAT OFFICE BUILDING	19.07.2025	90.98	Rs. 69500,00	12 Month	3000.00	द्वितीय ई प्रोक्युरमेंट

टीप :- निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in/ http://uad.cg.gov.in/ में एवं कार्यालय में कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत जरहागांव, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक- 07

निविदा आमंत्रण सूचना
प्रथम निविदा

क्रमांक 25/जोन क्र. 07/न.पा.नि./2025 — रायपुर, दिनांक 04/07/2025

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीकृत ठेकेदारों से कम/अधिक प्रतिशत दर में लो.नि.वि. में प्रभावशील (भवन/सड़क) (SOR 01.01.2015) लो.स्वा.यां. विभाग में प्रभावशील (SOR 07.02.2013) एवं (SOR 01.06.2020) एवं आज दिनांक तक संशोधित दर अनुसार निर्धारित विहित प्रपत्र में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति से नियमानुसार सीलबंद निविदाएं जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर., आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से मान्य होगा एवं मूल एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र के साथ एक छायाप्रति भी संलग्न करें। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि — दिनांक 25/07/2025 संध्या 5.30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि — दिनांक 28/07/2025 संध्या 5.00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि — दिनांक 28/07/2025 संध्या 5.30 बजे तक।

कार्य की विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य विवरण	निविदा फार्म	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1.	पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 22 अंतर्गत पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. परिसर के स्कूल के सामने नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	A/B	191000	2000	300	लो.नि.वि.में एकल पद्धति से 'डी' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म	60 दिन
2.	शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में नुक्कड़ सौंदर्यीकरण एवं 2डी, 3डी पेंटिंग का कार्य।	A/B	400000	4000	750		60 दिन
3.	शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक 23 अंतर्गत पी.एम.ए.वाय कालोनी में शेड में फ्लोरिंग का कार्य।	A/B	95000	2000	300		60 दिन
4.	शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत पार्षद कार्यालय एवं रंगमंच रामकुण्ड में फ्लोरिंग एवं वाटर प्रुफिंग कार्य।	A/B	226000	3000	750		60 दिन

नियम एवं शर्तें :- (भाग 1)
01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्नुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/ एवं समस्त **दस्तावेज दूसरे** लिफाफे में सिर्फ निविदा प्रपत्र बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 04. GST 05. GST RI last 3 month 06. ITR last 3 Years 07. Bank Solvency Certificate 08. Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

नियम एवं शर्तें :- (भाग 2)
1 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2 नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3 निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22322 दिनांक 04.07.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रार्पटी आई.डी. RPR651O00187 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VISHNU AGRAWAL पिता श्री/श्रीमती LATE MANGE RAM AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री VIVEK KUMAR AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI VISHNU DAYAL AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानंद दुबे, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22328 दिनांक 04.07.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रार्पटी आई.डी. RPR446N01246 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MEENAL BASANTANI पिता/पति श्री/श्रीमती ASHOK BASANTANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री SHIVAM BHANSALI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI SANJAY BHANSALI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानंद दुबे, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 22409 दिनांक 04.07.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रार्पटी आई.डी. RPR651K01898 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRITI KASHYAP पिता/पति श्री/श्रीमती MAHESH KUMAR KASHYAP के नाम से दर्ज है, जिसको श्री BALAWANT KUMAR KAUSHAL पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI MADHORAM KAUSHAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री विवेकानंद दुबे, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/2053/न.पा.नि./लो.नि.वि./2025-26 बीरगांव, दिनांक 03/07/2025

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्रांतर्गत पार्षद निधि मद अंतर्गत भवन एवं रंगमंच, सी.सी. रोड, आर.सी.सी. नाली एवं अन्य मरम्मत/संधारण तथा निर्माण कार्य (08 कार्य) के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''ए'' में छत्तीसगढ़ के पी.डब्लू.डी. भवन एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर. 2020 (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु दिनांक 25.07.2025 (आवेदन करने की अंतिम तिथि) तक मैनुअल (तीन लिफाफा पद्धति द्वारा) निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यों का निर्धारित अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी डाउनलोड/ प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यूज़ गैलरी

गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई थाना पुलिस ने व्यास तालाब चौक के पास गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 किलो 490 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर व्यास तालाब चौक के पास दबिश देकर आरोपी संतोष कुमार पंडाल 35 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से 25 किलो 490 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 2 लाख 51 हजार 500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पूर्व राज्यपाल के निधन पर महापौर व सभापति ने शोक व्यक्त किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के आकस्मिक निधन पर राजधानी शहर रायपुर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे और नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने गहन शोक व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर के दिव्य श्रीचरणों में दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान हेतु विनम्र प्रार्थना की है। साथ ही सर्वशक्तिमान ईश्वर के दिव्य श्रीचरणों में दिवंगत आत्मा के समस्त परिवारजनों, ईष्टमित्रों, सहयोगियों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु विनम्र प्रार्थना की है।

सिलाई में डिप्लोमा : 60 महिलाओं को महापौर ने किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा महाराणा प्रताप स्कूल परिसर में आदिवासी छात्रावास में चूड़ी लाईन शनि मन्दिर के समीप संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में सिलाई के छह माह के सिलाई व्यवसायिक (डिप्लोमा) प्रशिक्षण में प्रशिक्षित 60 महिलाओं को आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सिलाई प्रमाणपत्र (डिप्लोमा) प्रदत्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान महापौर कक्ष में नगर निगम लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन 4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा और निगम व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र की प्रभारी राधा साहू की उपस्थिति रही। विगत निरन्तर 13 वर्षो से सेवारत निगम व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र की प्रभारी राधा साहू ने महापौर श्रीमती मीनल चौबे को बताया कि रायपुर मगर निगम द्वारा महिलाओं के संबल के लिये विगत 45 वर्षों से वर्ष 1980 से निरन्तर व्यबसायिक प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा हैं. पहले संचालन नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम परिसर से होता था, वर्तमान में शनि मन्दिर के पास चूड़ी लाईन स्थित महाराणा प्रताप स्कूल परिसर में आदिवासी छात्रावास में संचालन किया जा रहा है.निगम के व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में महिलाओं और युवतियों की दो बेच लगाई जाती है. प्रत्येक बेच में 30 महिलाओं और युवतियों को छह माह का डिप्लोमा पाठ्यक्रम का सिलाई प्रशिक्षण देने के पश्चात लिखित पेपर, प्रेक्टिकल, फाइल बनाने की परीक्षा ली जाती है. इसके उपरांत प्रशिक्षण प्रमाण पत्र पर नगर निगम रायपुर के सम्बंधित जोन कमिश्नर और रायपुर नगर निगम के आयुक्त द्वारा इस पर हस्ताक्षर प्रमाणित कर किया जाता है।

राजस्व विभाग में भर्राशाही, अब 58 राजस्व निरीक्षकों को किया स्थानांतरित

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व विभाग में नामांतरण नामांकर सहित सीमांकन एवं अन्य कार्यों में हो रहे विलंब के कारण अब तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को हटाने के पश्चात अब 58 राजस्व निरीक्षकों को भी स्थानांतरित किया गया है। राज्य में भारतमाला प्रोजेक्ट में कई तहसीलदारों के संलिप्त होने के कारण उन्हें स्थानांतरित किया गया है वहीं एसडीएम स्तर के अधिकारी इस समय फरार चल रहे हैं। राज्य में भूमाफियाओं का प्रभाव है जिसके चलते वे राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों में अपना काम दबावपूर्वक करवा लेते हैं। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले विभाग में कई अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। जिसके कारण वे भी इस समय चर्चा में बने हुए हैं।

राज्य शासन द्वारा करीब 58 राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है जिनकी वर्तमान एवं नवीन पदस्थापना इस प्रकार है स्थानांतरण का आधार प्रशासनिक एवं स्वैच्छिक बताया जा रहा है। किशोर कुमार वर्मा जिला रायपुर से जिला दुर्ग, प्रतिभा पटले, जिला बालोद से जिला रायपुर, प्रदीप कुमार जिला गरियाबंद से जिला कोरबा, विकास कौशिक जिला कोरबा से जिला बिलासपुर, पोवन प्रकाश बघेल, जिला महासमुंद से जिला रायपुर, सत्यनारायण ध्रुव जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से जिला बलौदाबाजार भाठापारा, कमल नारायण भूआर्य को जिला बालोद से जिला दुर्ग स्थानांतरण किया गया है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले : विजय शर्मा

- पुनर्वास केन्द्र सुकमा में आत्मसमर्पित नक्सलियों से उप मुख्यमंत्री ने किया संवाद
- प्रशिक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से भी जोड़ें: शर्मा

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले के सबसे सुदूर क्षेत्र के आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत राजमिस्त्री, कृषि उद्यमी और अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया।

इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बहुत ही बेहतर जीवन मिला लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता

भटक गए थे किन्तु शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। आज शासन-प्रशासन द्वारा हमें कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सके।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उनके अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना और आाधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता सहित सभी प्रकार आवश्यक दस्तावेज पुनर्वास केन्द्र में ही बनवाकर केन्द्र और राज्य शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने। वहीं पुनर्वास केन्द्र में उनके दैनिक दिनचर्या से अवगत होकर और भी गतिविधियों को शामिल कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने आवश्यक पहल करने, एक्सपोजर विजिट कराकर बाहरी दुनिया का भ्रमण कराने रायपुर, जगदलपुर जैसे शहर ले जाने के निर्देश दिए। ज्यादातर लोग पढ़ाई नहीं किए है उनको साक्षर बनाने के लिए आवश्यक पहल करते हुए दिनचर्या में शामिल कर खेलकूद, मनोरंजन, देशभक्ति फिल्में दिखाने सहित उनको नियमित आमदनी के स्त्रोत हासिल हो सके उस दिशा विशेष प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को दिए। इस अवसर पर सचिव पंचायत विभाग श्री भीम सिंग, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री पी.सुंदरराज, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य श्री हुंगाराम मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

मैनपाट शिविर के पश्चात निगम मंडल एवं आयोग में नियुक्ति की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायकों एवं मंत्रियों के लिए 7 जुलाई से मैनपाट में आयोजित शिविर के पश्चात निगम मंडलों में नियुक्ति की सुगबुगाहट तेज हो गई है। ज्ञात रहे मंत्रिमंडल का संभावित विस्तार भी अपेक्षित है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के विधायकों एवं मंत्रियों के लिए मैनपाट में 7 जुलाई से लेकर 9 जुलाई तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जेपी नड्डा शुभारंभ करेंगे। वहीं गृहमंत्री अमित शाह समापन में आएंगे। इसके अलावा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं शिव प्रकाश संगठन मंत्री के भी आने की पुष्टि हो चुकी है। इसके लिए अब स्थानीय विधायक सहित अन्य लोग सक्रिय हो गए हैं। इधर भाजपा के नेताओं का कहना है कि पहले चरण में भाजपा के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को ही महत्वपूर्ण निगम मंडल तथा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।

रतनपुर में डायरिया का प्रकोप, दस दिनों में 80 मरीज अस्पताल पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। बरसात की शुरुआत के साथ ही रतनपुर क्षेत्र के कई गांवों में डायरिया का प्रकोप फैलने लगा है। बीते दस दिनों में रतनपुर के स्वास्थ्य केंद्र में करीब 80 मरीजों को उल्टी-दस्त और डायरिया की शिकायत के बाद इलाज के लिए लाया गया। सभी का सफलतापूर्वक इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है। फिलहाल हर दिन 10 से 15 नए मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं।

सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों में नवागांव और गिरजाबंद शामिल हैं, जहां करीब 35 से 40 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसके अलावा आसपास के अन्य गांवों से भी इक्का-दुक्का मरीज लगातार आ रहे हैं। हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट मोड पर काम शुरू कर दिया है।

सीएमएचओ के निर्देश पर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम 24 घंटे अस्पताल में तैनात है। गंभीर मरीजों को

भर्ती किया जा रहा है, जबकि सामान्य लक्षण वाले मरीजों को दवाएं देकर घर पर आराम करने की सलाह दी जा रही है। डायरिया की रोकथाम के लिए प्रभावित गांवों में क्लोरिन लिक्विड, जिंक टैबलेट और ओआरएस का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्हें पानी उबालकर पीने, क्लोरीन युक्त पानी का सेवन करने, साफ-सफाई बनाए रखने और बाहर के खाने से बचने की सलाह दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को उल्टी-दस्त या कमजोरी की शिकायत हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

एम्स में 13 साल के बच्चे के फेफड़ों से पिन निकालकर बचाई जान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में डॉक्टरों की टीम ने एक 13 वर्षीय बच्चे के फेफड़े से नुकीली पिन को सफलतापूर्वक निकाल कर उसकी जान बचा ली। यह जटिल प्रक्रिया वीडियो ब्रोंकोस्कोपी तकनीक की मदद से की गई।

बच्चे को 30 जून को उसके परिजन ट्रॉमा इमरजेंसी यूनिट में लेकर आए थे। वह खांसी के साथ लगातार खून उगल रहा था और दो हफ्तों से उसे सीने में दर्द और बुखार की शिकायत थी। डॉक्टरों ने जब पूरा विवरण जाना तो पता चला कि वह खेलते समय पिन मुंह में लेकर बैठा था और खांसते वक्त वह गलती से उसे निगल गया। पिन श्वसन नली होते हुए फेफड़ों तक पहुंच गई और वहीं फंस गई, जिससे उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए तुरंत ब्रोंकोस्कोपी प्रक्रिया की गई। इस दौरान उसकी सांस की प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए विशेष उपकरण लगाए गए। वीडियो ब्रोंकोस्कोपी की सहायता से पिन की सटीक जगह का पता लगाया गया और विशेषज्ञ उपकरणों की मदद से उसे सावधानीपूर्वक निकाला गया। मामूली रक्तस्त्राव को दवाइयों और स्थानीय उपायों से नियंत्रित कर लिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में कोई जटिलता नहीं आई और अगले दिन ही बच्चे को दवाओं और फिजियोथेरेपी के निर्देशों के साथ छुट्टी दे दी गई।

एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जिंदल ने इसे डॉक्टरों के समर्पण और संस्थान की तकनीकी क्षमताओं की सफलता बताया। अगर समय रहते फेफड़े में फंसी इस तरह की नुकीली वस्तु को न निकाला जाए, तो संक्रमण, बलगम जमा होने, सांस की नली बंद होने और फेफड़ों को स्थायी नुकसान का खतरा होता है।

बलौदा की पहाड़ियों पर कंटूर ट्रेंच से जल संरक्षण और हरियाली की दिशा में बड़ा कदम

मनरेगा के तहत हेडसपुर पंचायत के गोसाई पहाड़ में चल रहा निर्माण कार्य, ग्रामीणों को मिला रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत हेडसपुर के गोसाई पहाड़ पर स्टेगर्ड कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। यह कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत जिला कलेक्टर के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। गोसाई पहाड़ पर चल रहे इस परियोजना हेतु 6 लाख 46 हजार 973 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत कुल 2,050 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है।

गौरतलब है कि कंटूर ट्रेंच एक प्रभावशाली जल संरक्षण तकनीक है, जिसमें ढलान वाली ज़मीन पर समान ऊंचाई पर खाइयाँ बनाकर बारिश के पानी को रोका जाता है। ये खाइयाँ वर्षा जल को संचित कर उसे धीरे-धीरे ज़मीन में समाहित करती हैं, जिससे भूजल स्तर बढ़ता है, भूमि कटाव रुकता है और नमी बनी रहती है। स्टेगर्ड ट्रेंच का निर्माण ज़िगज़ैग तरीके से किया जाता है, जिससे पानी का प्रवाह संतुलित होता है और अधिक प्रभावी अवशोषण संभव होता है। इससे पहाड़ियों में हरियाली लौटने की प्रक्रिया तेज़ होती है।

इस परियोजना के तहत स्थानीय मनरेगा श्रमिकों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे जहां ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है, वहीं गांव के जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में ठोस पहल हो रही है। "मोर गांव मोर पानी" अभियान न केवल जल आत्मनिर्भरता का लक्ष्य लेकर चल रहा है, बल्कि यह सतत विकास की ओर ग्रामीण छत्तीसगढ़ के मजबूत कदमों का प्रतीक बन गया है।

नेता प्रतिपक्ष ने लगाया घटिया रिक्शा खरीदी का आरोप

धमतरी/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने नगर स्तर के रिक्शा खरीदी का आरोप लगाया है ।

दीपक का कहाना है कि नगर निगम द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए ८० नग रिक्शा २५ हजार प्रति नग के दर से दो महीना पहले खरीदा गया है। रिक्शा में पतले टायर, पतले रिंग पतले लोहे के चादर उपयोग किए गए है। वार्डों में ये रिक्शे ४ महीने भी टिक नहीं पाएंगे इसलिए सफाई सुपर वाइजरो ने रिक्शा लेने से मना कर दिया है । नगर निगम के द्वारा स्वच्छता के लिए बड़ी बड़ी बाते की जाती है इसके लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाता है लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि निगम प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन ककी धजिया उड़ाता नजर आता है। रामू रोहरा के सुशासन में घटिया किस्म की रिक्शा खरीदी की गई है । रिक्शा निगम कार्यशाला में खड़ी है । रिक्शा की खरीदी में भ्रष्टाचार नजर आ रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए है पूर्व में कांग्रेस पार्षदों ने सोरिद नाला निर्माण में भारी अनिमीतता का आरोप लगाया है दो महीने बीत गए है जिसके लिए जांच टीम बनाई गई थी जिसकी रिपोर्ट अब तक नही आयी है ।

मां शीतला का नीम पत्ती-हल्दी से अभिषेक

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी तराई के महामाया शीतला एवं काली माता मंदिर में गुरुवार को जुड़वास शांति अनुष्ठान हुआ। जय महामाया शीतला मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह माता शीतला का हल्दी, तेल और नीम की पत्ती से अभिषे किया गया। श्रृंगार के बाद दही और चनादाल का भोग लगाकर पूजा आरती की।

धर्म-कर्म

भगवान शिव माता पार्वती का विवाह, श्रद्धालु पंडाल के बाहर भी कथा श्रवण करते दिखे

शिव महापुराण कथा में भक्तों की उमड़ी भीड़

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। शिव महापुराण कथा के आज चौथे दिन जोरदार भीड़ रही।अमलेश्वर डीही में पांच दिवसीय शिव महापुराण के आज चौथे दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग पंडित कामता प्रसाद शरण ने अपने श्रीमुख से सुनाया।

अमलेश्वरडीही के कबीर चौक में चले रहे श्री शिवमहापुराण कथा के आज चौथे दिन जोरदार भीड़ रही। आयोजक समिति द्वारा लगाया गया पंडाल छोटा पड़ जाने से श्रद्धालु पंडाल के बाहर भी शिव

महापुराण कथा का आनंद लेते दिखाई दिए। आसपास के सड़क के आजू-बाजू,चबूतरा चौराहा, पर खड़े होकर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की कथा का आनंद लिया।

आज के प्रसंग में पंडित कामता प्रसाद शरण ने भगवान शिव और माता पार्वती की विवाह का प्रसंग सुनाया उन्होंने बताया कि कैसे भगवान शिव की बारात में देवताओं के अलावा राक्षसगण और जीव जंतु सहित भगवान शिव की बारात निकली, बारात जैसे ही माता पार्वती के द्वार में पहुंची लोग आश्चर्यचकित रह गए की देवी देवताओं के अलावा राक्षस गण जीव,जंतु, सांप, हाथी घोड़े, गाय सभी भगवान शिव की बारात में शामिल थे। इस सुंदर प्रसंग को पंडित कामता प्रसाद शरण ने बहुत ही सरल शब्दों में वर्णन किया। इस प्रसंग में श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए और भगवान शिव और माता पार्वती विवाह की कथा को बड़े श्रद्धा पूर्वक और तन मन से सुने।

आयोजक समिति में उमेश साहू नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, भागी साहू, गिरजानंद साहू , गिरधर साहू ग्राम समाज कोषाध्यक्ष, तुलाराम साहू,ओमप्रकाश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष, डोमन यादव पार्षद, चैन सिंह साहू, ग्राम समाज अध्यक्ष, संतराम साहू, महेश यादव, हुकुमचंद साहू, बलदाऊ साहू, लखन साहू और और कार्यकर्ता अभी भी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए उनके बैठने की व्यवस्था बनाते हुए नजर आए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com